राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 240
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
रविवार 13 मार्च 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 'कागजी कारोबार' से 99 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का खुलासा, गाजियाबाद का कारोबारी गिरफ्तार
पेज 5 मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पीएम स्वनिधि योजना, टीबी मुक्त उत्तर प्रदेश तथा स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 के सम्बन्ध में बैठक
पेज 7 नजमुल हसन से बंद कमरे में मुलाकात के बाद दक्षिण अफ्रीका जाने को तैयार शाकिब

## कश्मीर में एनकाउंटर : दो जगह मुठभेड़ में लश्कर और जैश के 4 आतंकी मार गिराए, एक जिंदा पकड़ा

श्रीनगर। कश्मीर के हंदवाड़ा, गांदरबल और पुलवामा में आतंक विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों ने तड़के 4 आतंकियों को मार गिराया। इनमें एक पाकिस्तानी नागरिक है। एक आतंकी को जिंदा पकड़ने में सफलता मिली है। उसका नाम कैसर अहमद है। जम्मू कश्मीर के आईजीपी विजय कुमार ने कहा कि शुक्रवार रात और शनिवार तड़के 4-5 जगह पर सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों की सर्चिंग चल रही थी। एनकाउंटर नेचामा में हुआ। पुलवामा में जैश-ए-मोहम्मद के 2 और हंदवाड़ा-गांदरबल में 1-1 आतंकवादी मारे गए जो लश्कर ए तैयबा के थे।



हंदवाड़ा और गांदरबल में मुठभेड़ खत्म हो गई है।

दो आतंकवादी फंसे हुए हैं। मारे गए पाकिस्तानी आतंकवादी की पहचान जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर कमाल भाई के रूप में हुई है। वह 2018 से कश्मीर सक्रिय था।

## चुनाव के बाद भाजपा सरकार ले रही है उल्टे सीधे फैसले : कांग्रेस



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार विधानसभा में चुनाव जीतने के बाद मनमानी पर उतर आई है और वह उल्टे सीधे फैसले ले रही है।

कांग्रेस प्रमुख संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कुछ अखबारों में छपी खबरों का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा ने विधानसभा के चुनाव जीतने के बाद पीएफ पर ब्याज में कटौती कर दी है और ब्याज दर 10 वर्ष के निचले स्तर पर पहुंच गया है। इसी तरह से लखीमपुर खीरी की घटना के गवाह को धमकाया जा रहा है।

उन्होंने ट्वीट किया , क्या यूपी में चुनावी जीत का मतलब ये है कि लखीमपुर खीरी नरसंहार के मुख्य गवाह सरदार दिलजोत सिंह को पीट कर और जान से मारने की धमकी देकर चुप करा दिया जाएगा। योगी सरकार को जनमत मिला है, ये सच है, लेकिन अपराधियों को गवाह को पीटने-मारने का हक नहीं मिला। न्याय की पुकार रहेगी। सुरजेवाला ने कहा, देश के 84 प्रतिशत लोगों की आमदनी घट चुकी है। क्या चुनावी जीत के आधार पर करोड़ों कर्मचारियों की बचत पर धावा बोलना सही है।

### सोनिया, राहुल, प्रियंका के इस्तीफे की खबर शरारतपूर्ण

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार पर पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की रविवार को यहां होने वाली कार्यसमिति की बैठक में इस्तीफा देने संबंधी एक खबर पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे सोची समझी शरारत बताया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने ट्वीट कर कहा, अज्ञात स्रोतों के आधार पर कथित इस्तीफे की कहानी पूरी तरह से अनुचित, शरारती और गलत है। एक टीवी चैनल के लिए सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर काल्पनिक स्रोतों से इस तरह की निराधार, शरारतपूर्ण खबरों को प्रसारित करना अनुचित है। प्रवक्ता की यह टिप्पणी उस खबर पर आई है जिसमें एक चैनल ने कहा है कि रविवार को पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में गांधी परिवार के यह तीनो बड़े नेता पांच राज्यों में चुनावी हार की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे सकते हैं।

### लोकसभा की एक, विधानसभा की चार सीटों पर उपचुनाव का एलान : चुनाव आयोग

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने लोकसभा की एक और विधानसभा की चार सीटों के लिए 12 अप्रैल को उपचुनाव का एलान किया है। आयोग ने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट के अलावा पश्चिम बंगाल के बालीगंज, छत्तीसगढ़ की खैरागढ़, महाराष्ट्र की कोल्हापुर उत्तर और बिहार की बोचाहन सीट पर उपचुनाव की घोषणा की। इन सीटों पर होने वाले चुनाव की अधिसूचना 17 मार्च को जारी होगी और नामांकन भरने की अंतिम तारीख 24 मार्च है। 25 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 28 मार्च है। इन सीटों पर चुनाव की मतगणना 16 अप्रैल को होगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद और केंद्रीय मंत्री रहे बाबुल सुप्रियो के इस्तीफे की वजह से खाली हुई है। उन्होंने भाजपा को छोड़कर तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया था।

## गोकुलपुरी गांव की झुग्गियों में लगी आग, सात लोगों की मौत

### करीब 60 से अधिक झुग्गियां जली



**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी गांव की झुग्गियों में देर रात करीब एक बजे भीषण आग लग गई। इसमें सात लोगों की मौत हो गई है। जबकि करीब 60 से अधिक झुग्गियां जल गई हैं।

मौके पर पहुंची दमकल की 13 गाड़ियां ने आग पर काबू पाया। अभी कूलिंग का काम जारी है। हालांकि दिल्ली पुलिस के अनुसार 30 झुग्गियों में आग लगी है।

दिल्ली फायर सर्विस ने कहा, गोकुलपुरी इलाके में कल रात झुग्गियों में आग लगने से सात लोगों की मौत हो गई। आग पर काबू पा लिया गया है। दमकल विभाग ने सात शव बरामद किए।


उत्तर-पूर्वी दिल्ली जिले के एडिशनल डीसीपी ने बताया कि रात 1 बजे गोकुलपुरी थाना क्षेत्र में आग लग गई थी, तत्काल सभी बचाव उपकरण के साथ टीमें मौके पर पहुंचीं। हमने दमकल विभाग से भी संपर्क किया, जिसने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। हम लगभग सुबह 4 बजे तक आग पर काबू पा सके। 30 झुग्गियां जल गईं और 7 लोगों की जान चली गई।

### मनोज तिवारी ने मौतों पर जताया दुख



उत्तर- पूर्व दिल्ली से सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मनोज तिवारी ने गोकलपुरी की झुग्गियों में लगी आग में हुई मौतो पर गहरा दुख जताया है और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की है। तिवारी ने शनिवार को कहा कि घटना दर्दनाक और हृदय को झकझोर देने वाली है और सांसद होने के नाते मैं हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता दुख की इस घड़ी में पीड़ितों के दुख का भागीदार है उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मांग की है कि घटना की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए पूरे मामले की न्यायिक जांच कराई जाए तथा मृतकों के परिजनों को तुरंत एक करोड रुपये की सहायता की घोषणा की जाए। वहीं घायलों के उचित इलाज की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि सभी पीड़ितों को उचित मुआवजा दिया जाए । उन्होंने कहा है कि मैंने संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर राहत एवं बचाव कार्यों की उचित व्यवस्था का निर्देश दिया है।

### आगज़नी में मारे गये व्यस्कों को 10-10 लाख की सहायता : केजरीवाल



नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उत्तर पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी इलाके में झुग्गियों में लगी आग में मारे गये व्यस्क लोगों को 10-10 लाख और नाबालिगों को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। गोकुलपुरी इलाके में शनिवार को झुग्गियों में आग लगने से कम से कम सात लोगों की जलकर मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आग लगने की सूचना ( शुक्रवार- शनिवार की दरमियानी रात) करीब एक बजे मिली। इसके बाद 50 से अधिक दमकलकर्मी तत्काल मौके पर पहुंच गए। उन्होंने 15 अग्निशमन गाड़ियों की मदद से करीब तीन घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद करीब चार बजे तक आग पर काबू पाया। केजरीवाल ने आग में जली हर झुग्गी को सहायता राशि के तौर पर 25 हजार रुपये देने की भी घोषणा की। आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल ने कहा, घटना बहुत दुखद है। लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है। थानीय निवासी मनोज ने कहा कि पीड़ित उत्तर प्रदेश के उन्नाव के थे। जिस भूखंड पर हादसा हुआ, वहां 30-32 झोंपड़ियों का निर्माण किया गया था। एक अन्य निवासी रामू ने कहा कि पीड़ित रिश्तेदार थे और दो परिवारों के थे। उन्होंने पीड़ितों की पहचान बबलू, रंजीत, रेशमा, प्रियंका और शहंशाह के साथ-साथ भाई-बहन रोशन और दीपिका के रूप में की। दिल्ली दमकल सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि 13 दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया, जो लगभग एक बजे लगी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने बताया कि सुबह चार बजे आग पर काबू पाया गया। उन्होंने कहा, कम से कम 30 झुग्गियां पूरी तरह से नष्ट हो गईं। पुलिस ने कहा कि अस्थायी झोपड़ियों से सात जले हुए शव बरामद किए गए।

## देश में 40 हजार के करीब रह गए हैं कोरोना के सक्रिय मामल

### अभी तक कुल चार करोड़ 24 लाख 31 हजार 513 लोग कोविड से उबर चुके हैं

नयी दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के दैनिक मामलों की तुलना में इससे ठीक होने वाले लोगों की संख्या अधिक रहने से सक्रिय मामले घटकर अब 40 हजार के करीब रह गए हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि पिछले 24 घंटे में देश में 18 लाख 18 हजार 511 कोविड टीके लगाये गये हैं। इसके साथ ही आज सुबह सात बजे तक 179 करोड़ 91 लाख 57 हजार 486 कोविड टीके दिये जा चुके हैं।

मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के तीन हजार 614 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश में के विभिन्न अस्पतालों में इलाज करवा रहे कोरोना रोगियों की संख्या 40 हजार 559 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.09 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.44 प्रतिशत हो गयी है।

मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में पांच हजार 185 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 24 लाख 31 हजार 513 लोग कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.71 प्रतिशत है।



देश में पिछले 24 घंटे में आठ लाख 21 हजार 122 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 77 करोड़ 77 लाख 58 हजार 414 कोविड परीक्षण किए हैं। इस दौरान देश में इस जानलेवा विषाणु के कारण 100 मरीजों की मौत हुयी, जो एक दिन पहले कोविड-19 से हुई मौतों की तुलना में 89 कम है। देश में मृत्यु दर अभी 1.20 प्रतिशत है।

केरल में पिछले 24 घंटे में सक्रिय मामलों में 510 की कमी आने के बाद इनकी संख्या घटकर 11330 रह गयी। वहीं, 1612 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 6441033 हो गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 66762 हो गया है।

महाराष्ट्र में सक्रिय मामले 38 घटकर 6928 रह गए हैं। इस दौरान राज्य में 355 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 77,19,949 हो गयी। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 1,43,750 तक पहुंच गया है।

तमिलनाडु में इस दौरान सक्रिय मामले 215 घटकर 1461 रह गये है। वहीं 327 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी से मुक्त होने वालों की कुल संख्या 34,12,226 हो गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 38,023 है।

कर्नाटक में सक्रिय मामलों की संख्या 82 घटकर 2802 रह गई है। इस दौरान 260 मरीजों के ठीक होने से इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 39,,हो गई है। वहीं राज्य में तीन और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 40,016 हो गया है।

### कोविड टीकाकरण 180 करोड़ से अधिक

**देश में कोविड टीकाकरण अभियान के 421 वें दिन शनिवार को 17 लाख से अधिक कोविड टीके लगाये गये। इसके साथ ही कोविड टीकाकरण 180 करोड़ से अधिक हो गया। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने देर शाम यहां बताया कि देश में कोविड टीकाकरण अभियान के तहत आज शाम सात बजे तक 180 करोड 10 लाख 69 हजार 235 कोविड टीके लगाये जा चुके है। आज 17 लाख 82 हजार 501 कोविड टीके दिये गये।केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कोविड टीकाकरण के 180 करोड टीके लगाने का आंकड़ा पार करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनभागीदारी का परिणाम है। उन्होंने कहा,180 करोड़ वैक्सीन डोज का आँकड़ा पार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनभागीदारी की भावना से दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान नित नई ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। मंत्रालय के आंकड़ों में बताया गया कि 96 करोड़ 70 लाख 88 हजार 980 लोगों को कोविड टीके की पहली खुराक दी गयी है जबकि 81 करोड 27 लाख 51 हजार 251 को दूसरी खुराक भी दी जा चुकी है। इसके अलावा दो करोड़ 12 लाख 29 हजार चार लोगों को कोशिश का अतिरिक्त टीका दिया गया है।**

## सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत दक्षिण दिल्ली में हुआ वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

### युवाओं की शारीरिक और मानसिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं खेल : रमेश बिधूड़ी





**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली सांसद श्री रमेश बिधूड़ी ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा देश में खेलों के विकास के लिए प्रारंभ किए गए राष्ट्रीय कार्यक्रम खेलो इंडिया के तहत सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत विवेक बिधूड़ी फाउंडेशन द्वारा दक्षिण दिल्ली में वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। तुगलकाबाद में स्थित ग्राउंड में 12 से 13 मार्च तक दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के 39 वार्डों से 50 टीमों ने भाग लिया है । इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को रु 21000 द्वितीय श्रेणी को रु 11000 एवं तृतीय श्रेणी को रु 5100 रुपए से पुरस्कृत किया जाएगा।

इस अवसर पर सांसद रमेश बिधूड़ी ने युवा एवं टीम के खिलाड़ियों का मनोबल व उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल किसी भी इंसान के शारीरिक मैं मानसिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं । उनके चरित्र का निर्माण करते हैं व्यक्ति और सामूहिक प्रयासों की भावना को विकसित करते हैं और मुख्य रूप से व्यक्ति को स्वस्थ व फिट रखते हैं । इसी उद्देश्य के साथ माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश में खेलों के विकास और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आर्थिक परेशानियों के बगैर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन हेतु राष्ट्रीय स्तर पर खेलो इंडिया कार्यक्रम शुरू किया है । उनके इस कार्यक्रम से प्रेरित होकर आजादी के 75 वर्ष को अमृत महोत्सव के रूप में मनाते हुए विवेक विनोदी फाउंडेशन और दक्षिण दिल्ली भाजपा द्वारा युवाओं के खेलों के क्षेत्र में अच्छे अवसर प्रदान करने हेतु यह आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर संयोजक बलवीर सिंह महामंत्री महरौली दिल्ली प्रदेश राष्ट्रीय संयोजक मनीष बिधूड़ी वार्ड प्रमुख तुग़लकाबाद भी मौजूद रहे।

## ओडिशा में भाजपा कार्यकर्ताओं पर विधायक ने चढ़ाई गाड़ी

भुवनेश्वर। ओडिशा के खुर्दा जिले में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के एक निलंबित विधायक ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं के जुलूस में कथित तौर पर अपनी एसयूवी चला दी। इस हादसे में पुलिस निरीक्षक सहित 24 लोग घायल हो गए। पांच की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिसके बाद गुस्साई भीड़ ने विधायक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। साथ ही विधायक की गाड़ी पर आग लगा दी। पुलिस ने इलाके में पुलिस बल को बढ़ा दिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पंचायत समिति अध्यक्ष के चुनाव के लिए शनिवार सुबह करीब 200 भाजपा कार्यकर्ता चिल्का झील के पास बानपुर पंचायत समिति कार्यालय के बाहर जुलूस निकाल रहे थे, तभी विधायक प्रशांत जगदेव की एसयूवी वहां पहुंची।



एक दलित भाजपा नेता की पिटाई के कारण पिछले साल बीजद से निलंबित किए गए जगदेव ने अपनी एसयूवी को कार्यालय की ओर बढ़ाई, उन्हें शुरू में पुलिस निरीक्षक के साथ-साथ अन्य पुलिसकर्मियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोक दिया। पुलिस महानिरीक्षक (मध्य रेंज) नरसिंह भोल ने कहा कि विधायक ने किसी की नहीं मानी और गाड़ी को आगे बढ़ाना जारी रखा, इसी बीच आसपास लोग एसयूवी की चपेट में आ गए। इस घटना में कम से कम 24 घायल हो गए। बानपुर पुलिस स्टेशन के निरीक्षक सहित पांच घायल गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

आत्महत्या

### फोन पर बात कर रहे थे दोनों, बंदूक की आवाज सुनकर बिलासपुर में पत्नी फंदे पर झूली

## जवान ने खुद को गोली मारी, पत्नी ने फांसी लगाई

एजेंसी

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के रहने वाले एक सीआरपीएफ जवान ने गढ़चिरौली में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त वह अपनी पत्नी से फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान उसने खुद को गोली मार ली। इधर, गोली की आवाज सुनकर पत्नी ने भी फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मामला पचपेड़ी थाना क्षेत्र का है।

कुकुर्दीकेरा निवासी चंद्रभूषण जगत(25) सीआरपीएफ 113वीं बटालियन गढ़चिरौली में आरक्षक के रूप में पदस्थ था। तीन महीने पहले ही उसकी सरकंडा के लोधीपारा निवासी यामिनी जगत(22) से शादी हुई थी। शादी के बाद कुछ दिनों तक दोनों साथ में रहे। फिर चंद्रभूषण अपनी ड्यूटी पर गढ़चिरौली लौट गया था।

पचपेड़ी थाना प्रभारी प्रवीण सिंह राजपूत का कहना है कि पति-पत्नी के बीच मौत का अंतराल 2 से 5 मिनट के बीच का है।

उन्होंने बताया कि हमने गढ़चिरौली में सीआरपीएफ के अधिकारियों से बातचीत की है। अधिकारियों ने बताया कि जवान की मौत सुबह 8 बजकर 5 से 8 मिनट के बीच हुई है। जबकि उसकी पत्नी की मौत 8 बजकर 10 मिनट से लेकर 15 मिनट के बीच हुई है। ऐसे में आशंका है कि दोनों पति-पत्नी फोन से बात कर रहे थे और इसी दौरान दोनों ने आत्महत्या की है।



बताया जा रहा है कि गुरुवार की सुबह दोनों फोन पर बात कर रहे थे। कुछ देर तक दोनों में बातचीत हुई। इसके बाद चंद्रभूषण जगत ने खुद को गोली मार ली। गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पति का फोन कट गया। तब उसकी पत्नी यामिनी ने भी घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

### घर पर अकेली थी पत्नी

जानकारी मिली है कि घटना के वक्त घर पर कोई नहीं था। जवान के माता-पिता खेत गए हुए थे। वहीं उसका भाई प्रवीण छोटी बहन को स्कूल छोड़ने के लिए गया था। जब प्रवीण वापस घर लौटा तो यामिनी फंदे से लटकी थी। उसने अपने माता-पिता को इस बात की जानकारी दी। उसने अपने भाई को फोन लगाया तो कोई ने जवाब नहीं दिया। कुछ देर बाद सीआरपीएफ के अधिकारियों ने प्रवीण को उसके भाई के सुसाइड करने की सूचना दी।

### दोनों का किया गया अंतिम संस्कार

वहीं घटना की जानकारी शुक्रवार शाम को सामने आई है। मौत के बाद पीएम के लिए शव को लाया गया। सीआरपीएफ के जवान शनिवार सुबह जवान का शव लेकर उसके पैतृक गांव पहुंचे। जिसके बाद शनिवार को ही दोनों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया।

## शार्ट न्यूज

### त्रिपुरा ने हटाये कोरोना प्रतिबंध

अगरतला। पिछले कुछ दिनों से त्रिपुरा में कोरोना संक्रमण के मामलों की संख्या घटकर शून्य होने के बाद राज्य सरकार ने कोरोना प्रतिबंधों को हटाने तथा अगले 16 मार्च से हवाई अड्डे और रेलवे स्टेशनों से राज्य में आने वाले यात्रियों को कोरोना जांच नहीं करने की अधिसूचना जारी की है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि राज्य में स्कूल, कॉलेज तथा विश्वविद्यालय पूर्ण क्षमता के साथ खुल गए हैं तथा पिछले एक महीने से जीवन पहले की तरह समान्य हो गया है, इसलिए प्रशासन कोरोना पाबंदियों को हटाने के लिए राजी हो गया है, हालांकि लोगों को व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए भीड़ वाले इलाकों में फेस मास्क लगाने तथा हाथों को सैनेटाईज करने और सवच्छता बनाए रखने की सलाह दी गयी है। प्रतिबंध हटाये जाने की अधिसूचना शुक्रवार को जारी की गयी। उल्लेखनीय है कि परिवार कल्याण तथा दवा निवारक के निदेशक ने अधिसूचनाा जारी करते हुए कहा, कोरोना संक्रमण के हालिया स्थिति को देखते हुए एमबीबी हवाई अड्डा, चुरैबारी जांच चौकी, भारत- बंगलादेश सीमा के पास एकीकृत जांक चौकी तथा रेलवे स्टेशल के द्वारा राज्य में प्रवेश पर 16 मार्च के बाद अगले आदेश तक स्क्रीनिंग तथा जांच को हटाया जायेगा।

### यूक्रेन से तमिल छात्रों की सुरक्षित वापसी पर स्टालिन का विदेश मंत्रालय को धन्यवाद

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शनिवार को युद्ध ग्रस्त यूक्रेन से निकाले गए राज्य के नौ मेडिकल छात्र के अंतिम समूह का व्यक्तिगत तौर पर स्वागत किया और छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर को धन्यवाद दिया। स्टालिन चेन्नई हवाई अड्डा पहुंचे और नौ छात्र के समूह का स्वागत किया जो यूक्रेन से निकलने के बाद नई दिल्ली पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कैबिनेट के सहयोगियों के साथ छात्रों को फूलों का गुलदस्ता दिया और हालचाल की जानकारी ली। छात्रों ने मुख्यमंत्री को यूक्रेन से सुरक्षित स्वदेश वापसी के लिए कदम उठाने के लिए धन्यवाद दिया। इस बीच, आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि स्टालिन ने डॉ़ जयशंकर से फोन पर बात की और भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकालने के लिए धन्यवाद दिया। एक दूसरे विज्ञप्ति में कहा गया कि मुख्यमंत्री द्वारा की गयी कार्रवाई के कारण 1921 में 1890 मेडिकल छात्र यूक्रेन से सुरक्षित निकाले गए। उनमें से 1524 छात्र राज्य में लाए गए और राज्य सरकार के खर्चे पर उनके घर भेजे गए। बाकी के 366 छात्र अपने खर्च पर लौटे। यूक्रेन में रह रहे 31 छात्र घर लौटने से मना कर दिए, उन छात्रों ने यूक्रेन और पड़ोसी देशों में रहने का फैसला किया।

### कांग्रेस विधायक हरीश धामी को मिली जान से मारने की धमकी

नैनीताल। उत्तराखंड की चीन सीमा से सटे धारचूला के कांग्रेस विधायक हरीश धामी को शनिवार को जान से मारने की कथित धमकी मिलने पर उन्होंने पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार और पुलिस उप महानिरीक्षक नीलेश आनंद भरणे को पत्र लिखकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। धामी ने धमकी का आरोप सत्तारूढ़ पार्टी के एक क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) के पति पर लगाया गया है। उनके अनुसार आरोपी का उनके मोबाइल पर आज सुबह फोन आया और उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए कहा, तुम जीत गये कोई बात नहीं लेकिन तुम यदि धारचूला और बलुवाकोट आये तो मैं तुम्हें जान से मार दूंगा। धामी की ओर से पुलिस महानिदेशक को शिकायत दी है कि आरोपी उन्हें जान से मारने और छह माह में उपचुनाव करवाने की धमकी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी की ओर से फोन पर धमकी के अलावा उनके व्हट्सएप पर संदेश तथा इस आशय का एक वीडियो भेजा गया है। उन्होंने कहा कि आरोपी सत्तारूढ़ पार्टी के बीडीसी सदस्य का पति है। उन्होंने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में डीआईजी नीलेश आनंद भरणे और पिथौरागढ़ के पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह से सम्पर्क किया गया लेकिन उनसे बात नहीं हो पायी। विधायक धामी से भी सम्पर्क करने की कोशिश की गयी लेकिन उनका मोबाइल बंद है।

### विधायक जगदेव ने भीड़ पर चढाया वाहन, सात पुलिसकर्मी समेत 22 घायल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में चिल्का विधायक प्रशांत जगदेव ने शनिवार को बानपुर प्रखंड (ब्लॉक) कार्यालय के सामने गाड़ी से भीड़ को कुचल दिया, जिसमें सात पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 22 लोग घायल हो गये। खोरधा के पुलिस अधीक्षक आलेख चंद्र पाही ने कहा कि सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्री पाही ने कहा कि घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने श्री जगदेव को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्हें तांगी के स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन बाद में पुलिस ने उन्हें भुवनेश्वर के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया। भीड़ ने विधायक के वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, जिन्हें सत्तारूढ़ बीजू जनता दल से निलंबित कर दिया गया था। घटना बानपुर प्रखंड कार्यालय के पास हुई, जहां प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव चल रहा था और प्रखंड कार्यालय में कई लोग जमा थे। भाजपा महासचिव पृथ्वीराज हरिचंदन ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि ऐसे विधायक को उनके अमानवीय कृत्य के लिए जेल की सलाखों के पीछे होना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जतायी की कि मुख्यमंत्री नवीन पटनायक श्री जगदेव के खिलाफ कड़ी और उचित कार्रवाई करेंगे। सूत्रों ने कहा कि घायलों में से बानपुर आईआईसी और एक स्थानीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है और उन्हें भुवनेश्वर के एक अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है। सूत्रों ने कहा कि घायल व्यक्ति भाजपा कार्यकर्ता थे।

### कश्मीर पंडितों के पलायन के लिए पंडित नेहरू की नीतियां जिम्मेदार : कृपलानी

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान के पूर्व केबिनेट मंत्री श्रीचंद कृपलानी ने कश्मीर से हिंदुओं और विशेषकर पंडितों के पलायन के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरू की नीतियों को जिम्मेदार बताया है। कृपलानी ने यहां फिल्म ..द कश्मीर फाइल.. देखने के बाद उक्त बयान देकर कहा कि कश्मीरी हिंदुओं के घाटी से पलायन के लिए पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू की राजनीतिक नीतियां जिम्मेदार है जो हिंदुओं ने भयावह दर्द झेलना है। उन्होंने साथ ही कहा कि फिल्म में पलायन के दर्द की जो भयावहता दिखाई गई है वो एक प्रतिशत ही है जबकि विस्थापितों का दर्द कई गुना अधिक था। श्री कृपलानी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह का आभार जताया जिन्होंने पलायन के लिए नेहरू द्वारा कश्मीर में लगाई गई धारा 370 को हटाकर कश्मीरी हिंदुओं के घाटी में पुनर्वास का मार्ग प्रशस्त किया है। निम्बाहेड़ा में इस फिल्म का विशेष शो आयोजित करवाने वाले विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान ने इस फिल्म को देखने के बाद कहा कि आजादी के बाद से विभिन्न राजनीतिक दलों ने वोट बैंक के लिए हिंदू समुदाय को दबाने की नीति अपनाई जिसकी परिणति कश्मीर से हिंदुओं के पलायन के रूप में सामने आई थी।

### कांग्रेस नगर निगम चुनावों में लहराएगी परचम : कुलदीप

शिमला। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर ने कहा है कि नगर निगम शिमला के चुनावों में कांग्रेस अपनी जीत का परचम लहराएगी। उन्होंने कहा कि निगम के लिए कांग्रेस का विजन डॉक्यूमेंट लोगों की मांगों,उनके सुझावों और उनकी अपेक्षा के अनुरूप बनाया जाएं,इसके लिए लोगों से सुझाव भी मांगे जाएं। उन्होंने आज यहां नगर निगम चुनावों के लिए बनाई गई चुनाव घोषणा पत्र कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा की पार्टी के घोषणा पत्र में लोगों को राहत के साथ-साथ उनकी समस्याओं को दूर करने पर पूरी तरह केंद्रित होना चाहिए। इसमें शहर और नये शामिल किए गए क्षेत्रों के विकास का मसौदा भी रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी के घोषणा पत्र को पार्टी के विजन डॉक्यूमेंट के रूप में देखा जाना चाहिए। इसलिए यह पूरी तरह शिमला शहर के विकास के प्रति समर्पित होना चाहिए। कांग्रेस ने हमेशा ही विकास की राजनीति की है। शिमला शहर का सम्पूर्ण विकास कांग्रेस सरकार और पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वीरभद्र सिंह की ही देन रहा है।

# विधानसभा चुनावों में शर्मनाक हार से कांग्रेस में भूचाल, ऑल इंडिया कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक आज

नई दिल्ली। पांचों विधानसभा चुनावों में करारी हार को लेकर कांग्रेस पार्टी में भूचाल है। जानकारी मिली है कि रविवार को सुबह 10.30 बजे ऑल इंडिया कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक होगी। इससे पहले जी-23 ग्रुप भी शुक्रवार को इस संबंध में बैठक कर चुका है। कांग्रेस के असंतुष्ट खेमे ने एक बार फिर कांग्रेस पार्टी के पूर्णकालिक अध्यक्ष की मांग उठाई है।

यूपी, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को करारी हार मिली है। पंजाब विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपनी सत्ता गंवा दी और बाकी राज्यों में सरकार बनाना तो दूर जीतने वाली पार्टी को टक्कर देने में भी विफल रही। जानकारी मिली है कि शर्मनाक हार पर मंथन के लिए कांग्रेस पार्टी के दिग्गज रविवार सुबह 10.30 बजे बैठक करेंगे। जिसमें आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा।



#### यूपी में लड़की हूं... फॉर्मूला फेल

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ओर से प्रियंका गांधी ने कमान संभाली थी। उन्होंने लड़की हूं, लड़ सकती हूं को लेकर चुनाव में तख्तापलट की उम्मीद की थी। लेकिन कांग्रेस का मुद्दा कहीं नहीं टिका। एक बार फिर शर्मनाक प्रदर्शन के चलते कांग्रेस को सिर्फ दो फीसदी वोट मिले और 403 सीटों में सिर्फ दो सीट ही जीत पाई।

#### पंजाब में जनता ने नकारा

पंजाब विधानसभा चुनाव के परिणाम कांग्रेस पार्टी के लिए सबसे ज्यादा निराशाजनक रहे।
यहां सीएम चरणजीत सिंह चन्नी अपनी दोनों विधानसभाएं हार गए। पार्टी के प्रदेश मुखिया नवजोत सिंह सिद्धू को भी हार का सामना करना पड़ा। दोनों दिग्गजों को आम आदमी पार्टी के नौसिखियों से मात मिली। पंजाब में 77 सीट से इस बार जनता ने कांग्रेस को 19 पर लाकर पटख दिया।

#### असंतुष्ट खेमा भी जता चुका है नाराजगी

कांग्रेस का असंतुष्ट खेमा (जी-23 ग्रुप) भी पार्टी की शर्मनाक हार पर चिंता जता चुका है।
बीते शुक्रवार को गुलाम नबी आजाद के आवास पर इन नेताओं ने बैठक भी की।

## जम्मू : पंचायत सम्मेलन ने की सदस्यों की हत्याओं की एनआईए जांच की मांग

एजेंसी

**जम्मू ।** ऑल जम्मू कश्मीर पंचायत सम्मेलन में राज्य में पिछले सात दिनों में दो सरपंचों और एक पंच की हत्या मामले की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जांच कराने की शनिवार को मांग की गयी।

संगठन के अध्यक्ष अनिल शर्मा ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि 2011 से 2022 की अवधि के दौरान, आंतकवादी हमलों के कारण जम्मू और कश्मीर ने पंच, सरपंच और ब्लॉक विकास अध्यक्षों सहित दो दर्जन से अधिक पंचायत सदस्यों को खो दिया है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज तक इन हत्याओं के लिए जिम्मेदार एक भी आतंकवादी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर में जमीनी स्तर के लोकतंत्र कार्यकर्ताओं की दिनदहाड़े हत्या की जा रही है फिर भी उनकी हत्या के लिए जिम्मेदार किसी व्यक्ति को गिरफ्तार भी नहीं किया गया है, जो दर्दनाक और चौंकाने वाला है।

एजेकेपीसी अध्यक्ष ने कहा कि निर्वाचित पीआरआई सदस्यों के परिवार के सदस्य इन हत्याओं से चिंतित हैं और यहां तक कि निर्वाचित सदस्यों को अपने जीवन के जोखिम के डर से पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर हो रहे हैं और अब तक एजेकेपीसी उन्हें सुरक्षा तंत्र और प्रशासन पर भरोसा करने के लिए समझाने में सफल रही है लेकिन सरकार को इस संवेदनशील मुद्दे पर ईमानदारी और परिपक्वता दिखानी होगी।

श्री शर्मा ने कहा,हम प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री और केंद्रीय गृह सचिव से 2011 से 2022 तक पीआरआई सदस्यों की सभी हत्याओं में एनआईए जांच का आदेश देने और दोषियों को कानून के सामने लाने का आग्रह करते हैं।साथ ही अनुग्रह राशि की तत्काल रिहाई की भी मांग की। प्रत्येक मृतक पीआरआई सदस्य के परिवार के लिए 25 लाख रुपये की राशि और उसके परिवार के परिजनों के लिए एक सरकारी नौकरी की भी व्यवस्था की जानी चाहिए।

उन्होंने यह भी बताया कि एजेकेपीसी ने पीआरआई सदस्यों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए जम्मू-कश्मीर के गृह विभाग को कई अभ्यावेदन दिए थे लेकिन सुरक्षा से संबंधित ये महत्वपूर्ण फाइलें संबंधित अधिकारियों की संवेदनहीनता के कारण एक विभाग से दूसरे विभाग में और एक अधिकारी से दूसरे में स्थानांतरित हो जाती हैं। निर्वाचित पंचायत सदस्यों के जीवन को भी महत्वपूर्ण समझा जाना चाहिए।

एजेकेपीसी ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन के ऐसे सभी अधिकारियों को भी चेतावनी दी कि वे योग्य पंचों और सरपंचों को सुरक्षा प्रदान करने के मामलों में फाइलों और मामलों से निपटने में सावधानी और तत्परता बरतें अन्यथा इन अधिकारियों के घरों के साथ-साथ अपने कार्यालयों में विरोध प्रदर्शन का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

## आम आदमी पार्टी की सरकार पहल के आधार पर बेअदबी के मामलों को सुलझाये : खेहरा

एजेंसी

चंडीगढ। पंजाब कांग्रेस के विधायक सुखपाल सिंह खेहरा ने वर्ष 2015 में हुई बेअदबी की घटनाओं के मामले में इंसाफ की मांग की है।

श्री खेहरा ने शनिवार को कहा कि वह बेअदबी की घटना के शिकार परिवार के बेटे सुखराज सिंह से मिलने बहबलकलां गये जहां ये युवक पिछले दो माह से इंसाफ के लिये धरने पर बैठा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) को राज्य की जनता ने प्रचंड बहुमत के साथ जिताया। अब समय आ गया है कि लोगों को बेअदबी के मामलों में न्याय मिले ।

ज्ञातव्य है कि श्री खेहरा 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस छोड़कर आप में शामिल हो गये थे और कुछ समय तक उन्होंने बतौर प्रतिपक्ष के नेता की भूमिका निभाई थी। पिछले साल वह कांर्ग्रेस में वापस लौट आये थे।



उनके अनुसार कांग्रेस के विधायक होने के नाते उनका फर्ज है कि वो सत्तापक्ष को यह याद करायें कि किस तरह बहबलकलां तथा कोटकपूरा पुलिस फायरिंग की घटनाओं के पीड़ित परिवारों के सदस्य न्याय की गुहार कर रहे हैं लेकिन अब तक उन्हें नहीं मिला।

श्री खेहरा ने कहा कि भावी मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा उनकी कैबिनेट शपथ लेने के बाद कुछ अहम फैसले लेने से पहले प्रशासनिक पेचिदगियों को समझें। वैसे हम नयी सरकार पर दबाव या बोझ डालने के पक्ष में नहीं ।

ज्ञातव्य है कि बहबलकलां में गत 14 अक्टूबर 2015 को पुलिस फायरिंग में किशन भगवान सिंह तथा गुरजीत सिंह बिट्ठू की मौत हो गयी थी ।इसी तरह कोटकपूरा में शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस ने गोलियां चलाई थीं जिसमें कई प्रदर्शनकारी घायल हो गये थे ।

धरने पर बैठे किशन भगवान के बेटे सुखराज सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह तथा चरनजीत चन्नी और कांग्रेस के नेताओं ने जल्द इंसाफ का भरोसा दिलाया था लेकिन इतने वर्षों में अब तक कुछ नहीं हुआ । दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी उनसे मिलने आये थे और आप की सरकार बनने पर न्याय का भरोसा दिया था।

श्री खेहरा ने कहा कि वह आप पार्टी से मांग करेंगे कि बहबलकलां गोलीकांड की जांच पूर्व महानिरीक्षक (आईजी) विजय प्रताप को अब मामले की तह तक जाना चाहिये और दोषियों को सजा दिलानी चाहिये । आखिर शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने वालों पर गोली चलाने के आदेश किस पुलिस अधिकारी ने दिये क्योंकि दोषियों को बेनकाब करना बहुत जरूरी है।

## पंजाब जीतने के बाद अगली बारी हरियाणा जीतने की: सुशील गुप्ता

जींद। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य एवं पार्टी के हरियाणा प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता ने शनिवार को कहा कि आप ने अभी पंजाब को जीता है और अगली बारी हरियाणा जीतने की है। हरियाणा के कई बड़े-बड़े दिग्गज पार्टी के संपर्क में हैं।

डॉ. गुप्ता ने पंजाब में पार्टी को मिले प्रचंड बहुमत को लेकर जिले में आयोजित विजय यात्रा के दौरान आज पत्रकारों से कहा कि आने वाले समय में पार्टी शहरी निकाय तथा पंचायत चुनाव को पार्टी चिह्न पर लड़ेगी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी-जननायक जनता पार्टी (भाजपा-जजपा) गठबंधन सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बिगडी हुई है तथा राज्य में आये दिन दुष्कर्म के मामले सामने आ रहे हैं। रोजगार का कोई साधन नहीं बचा है। युवा दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। सरेआम लूटपाट, डकैती हो रही है। लोगों का भाजपा गठबंधन सरकार से मोह भंग हो चुका है। पंजाब में आप ने बड़े-बड़े राजनीतिक धुरंधरों को धूल चटा दी। पंजाब के अब तक के इतिहास में सबसे ज्यादा विधायक आप को दिए हैं। राज्य के लोगों ने ईमानदार सरकार को चुना है।

## भाजपा हिंदुत्व, ध्रुवीकरण एवं चतुराई बयान से जीत गई चुनाव : गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हिंदुत्व एवं ध्रुवीकरण के नाम तथा चतुराई से बयान देकर चार राज्यों में विधानसभा चुनाव जीत गई।

गहलोत ने दांडी मार्च की स्मृति में आज यहां निकाले गए प्रतीकात्मक शांति मार्च के अवसर पर मीडिया से यह बात कही। उन्होंने पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव पर किए सवाल पर कहा कि भाजपा हिंदुत्व के नाम पर, ध्रुवीकरण के नाम पर तथा चतुराई से व्यक्तव्य देकर चुनाव जीत गई। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि आज पूरा मीडिया दबाव में है और जो मोदी मीडिया कहलाता है उनका पूरा फोकस



चुनाव पर रहा। यह मीडिया के स्क्रीन का खेल था, इससे लोगों मन बदला, साथ में चतुराईपूर्ण बातें की गईं और चुनाव जीत गए। देश हालात गंभीर है और उत्तरप्रदेश में कोरोना का प्रबंधन कैसे हुआ, जन जन को मालूम था लेकिन ये सब बातें पीछे रह गईं, क्योंकि चुतराई से बातें की गईं।

उन्होंने कहा कि देश में हिंसा एवं तनाव का माहौल है जो उचित नहीं है। हमें गांधी के मार्ग पर चलना चाहिए लेकिन चतुराई से राजनीति हो रही है, हिन्दुत्व के नाम पर राजनीति हो रही है। हम सब हिन्दू है लेकिन ध्रुवीकरण एवं चतुराई से भाषण देकर चुनाव जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि अंत में जीत सच्चाई की होगी।

उन्होंने कहा कि देश में शांति एवं सद्भावना रखेंगे, सत्य के मार्ग पर चलेंगे और गांधी के अहिंसा के मार्ग को अपनायेंगे, तब जाकर देश एक रहेगा, अखण्ड रहेगा और मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि दांडी मार्च की स्मृति में आज जो प्रतीकात्मक शांति मार्च निकाला गया है उससे जनभावना पैदा होती है जो महात्मा गांधी ने दिखाई थी। आज जरूरी है कि हम लोग युवा पीढ़ी को बताएं कि देशहित के अंदर किस प्रकार से गांधीजी के बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि यह शांति मार्च प्रदेशवासियों को संदेश देगा कि जयपुर में शांति मार्च निकला, विश्व में शांति कायम हो।

गहलोत ने कहा कि यूक्रेन और रुस का युद्ध चल रहा है और पूरी दुनिया कह रही है कि वहां शांति स्थापित होनी चाहिए। शांति का मार्ग देश और दुनिया के लिए हितकर है।

भाजपा नेताओं के राजस्थान में बुल्डोजर चलने के बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बुल्डोजर उन पर चलेगा या और किसी पर चलेगा।

## संगठन ही इनेलो की पहचान : चौटाला

**हिसार।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने कहा है कि संगठन ही इनेलो की पहचान है तथा संगठन जितना सुदृढ़ होगा उतना हम राजनीतिक रूप से मजबूत होंगे ।

श्री चौटाल आज पार्टी के प्रदेश महासचिव राजेश गोदारा के आवास पर पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इनेलो सुप्रीमो अलवर से सिरसा जाते हुए हिसार में रुके थे। उनका हिसार पहुंचने पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ ने जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए इनेलो सुप्रीमो ने



कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करें।

उन्होंने कहा कि हमारा संगठन जितना अधिक मजबूत होगा, उतना ही हम राजनीतिक रूप से मजबूत होते जाएंगे। संगठन ही इनेलो की पहचान है और इसी संगठन के बल पर पार्टी पुन-सत्ता में आएगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को जितना मान-सम्मान इनेलो में मिलता है उतना किसी अन्य राजनीतिक दल में नहीं मिलता है। यह बात आज विपक्षी दल भी मानते हैं।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सतबीर सिसाय, प्रदेश महासचिव राजेश गोदारा, राज सिंह मोर, युद्धवीर आर्य, चतर सिंह स्याहड़वा, रामभगत गुप्ता, राजकुमार आर्य, सतपाल काजला, सुरजीत कड़वासरा, राजीव राजा, प्रताप मलिक, तरसेम गोयल, पृथ्वी शर्मा, प्रदीप भाकर, जितेंद्र श्योराण, जयपाल भ्याण, कंवल सिंह, ललिता टाक, अन्नू सूरा, वेदकौर पुनिया, सरोज बेनीवाल और जिला प्रवक्ता रमेश चुघ और अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मध्यप्रदेश में एनएच सड़क निर्माण कार्यों के लिए मंजूरी

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सड़क निर्माण कार्यों के लिए मध्यप्रदेश को ढाई हजार करोड़ रूपए की मंजूरी के लिए केन्द्र सरकार का आभार माना है। चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में देश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। मध्यप्रदेश को भी इसका लाभ मिल रहा है। मध्यप्रदेश को मिली राष्ट्रीय राजमार्गों एवं अन्य मार्गों की सौंगात के लिए मुख्यमंत्री चौहान ने सभी प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी और केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी का हृदय से आभार माना है।

## सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान अप्रैल में : मंत्री

पटना। बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री राम सूरत राय ने शुक्रवार को घोषणा की कि सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अप्रैल में राज्य के सभी जिलों में अभियान चलाया जाएगा।

राय ने विधानसभा में शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की बजटीय मांग पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सभी सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा और इस साल अप्रैल में इस कार्य के लिए व्यापक स्तर पर बुलडोजर का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अप्रैल में अतिक्रमण विरोधी अभियान शुरू करने के लिए सभी जिलों को 10-10 लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है।

मंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान लोगों द्वारा अतिक्रमण किए गए जलाशयों को भी मुक्त कराया जाएगा। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे जमीन के दाखिल-खारिज आवेदनों को किसी मामूली कारण से खारिज न करें। संबंधित पक्षों को दाखिल-खारिज आवेदनों के अनुमोदन के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा करने का अवसर दिया जाना चाहिए।

श्री राय ने कहा कि भूमि दाखिल-खारिज आवेदनों की जांच के लिए 15 बिंदुओं की सूची तैयार की गई है। संबंधित अधिकारियों से कहा गया है कि यदि दस्तावेज पहले उपलब्ध नहीं कराए गए तो आवेदनों के अनुमोदन के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा करने के लिए संबंधित पक्षों को सूचित करें। उन्होंने कहा कि लोगों के सामने आने वाली समस्याओं को कम करने के



लिए दाखिल-खारिज प्रक्रिया को और सरल बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

मंत्री ने कहा कि भूमि की माप के लिए अनुबंध के आधार पर 487 अमीन की नियुक्ति की गई है। जो लोग अपने मूल स्थानों से दूर हैं उनकी सुविधा को ध्यान में रखकर भूमि माप के लिए ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि यह देखा गया है कि देश या विदेश के अन्य हिस्सों में नौकरी करने वालों को अपनी जमीन की माप-जोख कराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऑनलाइन बुकिंग के बाद उन्हें जमीन की माप के लिए एक निश्चित तारीख दी जाएगी और इससे उनका कीमती समय बर्बाद नहीं होगा।

श्री राय ने कहा कि भूमि मापन के लिए कुल छह लाख इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खरीदे जाएंगे। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की खरीद के लिए 42.66 करोड़ रुपये का कोष उपलब्ध कराया गया है।

मंत्री ने कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग की सिफारिशों के बाद 440 राजस्व अधिकारियों ने कार्यभार ग्रहण किया था ।उन्होंने कहा कि वे जमीन से संबंधित राजस्व के मौके पर विचार के लिए नौ सप्ताह का प्रशिक्षण ले रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार के जलाशयों का नक्शा तैयार किया जा रहा है। ऐसा करने वाला बिहार पहला राज्य है।

## शिवराज ने की रीवा और श्योपुर जिले में होने वाले हितग्राही सम्मेलन की समीक्षा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 12 मार्च को श्योपुर जिले की तहसील करहाल में ग्रामीण सहरिया स्पेशल प्रोजेक्ट के शुभांरभ और 13 मार्च को रीवा में होने वाले हितग्राही सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की।

चौहान ने श्योपुर और रीवा कलेक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा चर्चा कर की जा रही तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कार्यक्रमों के व्यवस्थित संपादन के लिए संबंधित विभागों के दायित्व निर्धारित करने, आमजन एवं हितग्राहियों को कार्यक्रमों में आवश्यक सुविधाएँ देने के साथ सुविधाजनक बैठक व्यवस्था के लिए सभी प्रबंध पूर्ण करने के निर्देश दिए।



चौहान शनिवार को करहाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ग्रामीण सहरिया स्पेशल प्रोजेक्ट 2021-22 में 19 हजार 166 हितग्राहियों को लाभान्वित करेंगे। इन आवासों की संयुक्त लागत 260 करोड़ रुपए है। इसके अलावा श्री चौहान विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन की जनजातीय विकासखंड की 13 करोड़ की योजनाओं और विभिन्न सड़क निर्माण योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। साथ ही राशन आपके ग्राम योजना के चार हितग्राहियों को वाहन की चाबी सौंपेंगे।

चौहान शनिवार को शिवपुरी पहुंचने के बाद कराहल मॉडल स्कूल परिसर में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।वे एन आर एल एम द्वारा संचालित प्रसादम आजीविका मार्ट और प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान यहां दीदियों के साथ कुछ समय चर्चा करेंगे एवं साथ बैठकर चाय पिएंगे।

चौहान 13 मार्च को रीवा में हितग्राही सम्मेलन सवा दो सौ करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और सिरमौर क्षेत्र के युवा उद्यमियों को हितलाभ वितरित करेंगे। लोकार्पित होने वाले विकास कार्यों में हाई स्कूल भवन, जल आवर्धन योजना के कार्य, सड़क और नल जल योजना के कार्य शामिल हैं। इनकी संयुक्त लागत 157 करोड़ है। श्री चौहान आईटीआई भवन और शासकीय डिग्री कॉलेज का भूमि-पूजन भी करेंगे। इसकी लागत 65 करोड़ रूपये है। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में 12 हितग्राहियों को 66 लाख रुपए प्रदान किये जाएंगे। मुख्यमंत्री आवास मिशन शहरी और स्व-सहायता समूह के सदस्य कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

## शार्ट न्यूज

### विवाह के दिन पति को मिला पत्नी से हुए दुष्कर्म का वीडियो, सुहागरात से पहले ही टूट गई शादी

पलवल। हरियाणा के पलवल जिले में एक महिला के साथ हुए कथित दुष्कर्म का वीडियो उसके पति को मिलने के बाद उसकी शादी महज चंद घंटों के अंदर ही टूट गई। इसके बाद पुलिस ने महिला की शिकायत पर दुष्कर्म के नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। दरअसल, पलवल जिले में एक महिला के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने महिला की अश्लील वीडियो भी बना ली और शादी होने के बाद वो वीडियो उसके पति को भेज दी। जांच अधिकारी एएसआई सुमित्रा के अनुसार, एक महिला ने पुलिस शिकायत में कहा है कि बीती छह मार्च को उसकी शादी फरीदाबाद निवासी एक युवक के साथ हुई थी। उसी दिन गांव के रहने वाले एक युवक ने उसका दुष्कर्म के दौरान बनाया गया वीडियो उसके पति को भेज दिया, जिससे उसकी शादी टूट गई। महिला का आरोप है कि अक्टूबर 2021 को जब वह अपने चाचा के घर पर मौजूद थी। उसी दौरान आरोपी युवक और उसके दो साथियों ने चाकू दिखाकर उससे दुष्कर्म किया। दोनों युवकों ने उसकी दुष्कर्म के दौरान की वीडियो बना ली। वहीं, दुष्कर्म के एक अन्य मामले में जब महिला का पति काम पर गया तो एक आरोपी ने घर में घुसकर उसके के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### महिला से छेड़छाड़ और मारपीट

पलवल। गदपुरी थाना अंतर्गत घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ की गई। विरोध करने पर उसके कपड़े फाड़ कर मारपीट की गई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एएसआई इंदू के अनुसार एक महिला ने गदपुरी थाना पुलिस को शिकायत दी है कि गुरुवार 10 मार्च वह घर पर अकेली थी, तभी गांव का रहने वाला साबू उसके घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। आरोपी ने उसके कपड़े फाड़ दिए।

### युवती के अश्लील वीडियो और फोटो पोर्न साइट पर डाले

नोएडा। नोएडा में रहने वाली एक युवती ने अपने पूर्व लिव-इन पार्टनर पर उसके अश्लील वीडियो और फोटो पोर्न साइट पर अपलोड करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। सेक्टर-52 में रहने वाली युवती ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि उसकी बहन चार साल पहले दिल्ली के मालवीय नगर के रहने वाले इमरान नाम के युवक के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहती थी। शिकायतकर्ता की बहन को जब यह पता चला कि उसका प्रेमी अन्य लड़कियों के साथ भी रिलेशनशिप में है तो इस पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। इसके बाद युवती उससे अलग रहने लगी। आरोप है कि इमरान ने उसे बदनाम करने के लिए उसकी अश्लील वीडियो और फोटो पोर्न साइट पर डाल दिए। इसके बारे में पीड़िता की बहन को पता चल गया। उन्होंने अपनी बहन से पूरे मामले के बारे में बातचीत की तब पीड़ित ने सारी कहानी बताई। इसके बाद पीड़िता की बहन ने युवक से बातचीत की। उसने युवक से हजारों फोटो और वीडियो डिलीट करा दिए। आरोप है कि युवक ने बाद में भी पीड़िता के नाम से एक फर्जी अकाउंट बनाकर उसकी कुछ वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर डाल दिए।

### दो किशोरियां संदिग्ध हालात में लापता

नोएडा। नोएडा में दो किशोरियां संदिग्ध हालात में लापता हो गईं। सेक्टर 22 से एक किशोरी लापता हो गई। परिजनों का आरोप है कि उनकी 16 साल की बेटी गुरुवार शाम को घर से लापता हो गई। उनका आरोप है कि सुखपाल नाम का व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर ले गया है। वहीं सेक्टर-105 से एक 15 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। परिजनों ने अपहरण का केस दर्ज कराया है

### ट्रैक्टर की टक्कर से डॉक्टर की मौत

**नोएडा।** एक्सप्रेसवे पर ट्रैक्टर चालक ने स्कूटी सवार डॉक्टर को टक्कर मार दी। हादसे में डॉक्टर और उनका साथी घायल हो गए। उन्हें नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां पर डॉक्टर को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि उसका साथी उपचाराधीन है। इस संबंध में सेक्टर 126 थाने में आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मुजफ्फरपुर बिहार के रहने वाले डा. शशांक शेखर सेक्टर-168 की एक सोसाइटी में रहते थे। वह कैलाश अस्पताल में डॉक्टर थे। वह बुधवार रात को दोस्त मनीष के साथ स्कूटी से सेक्टर-18 की तरफ जा रहे थे। तभी रात करीब 10 बजे एक्सप्रेसवे पर सैमसंग कंपनी के सामने तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां डा. शशांक को मृत घोषित कर दिया गया। मनीष अभी उपचाराधीन है। इस मामले में मृतक चिकित्सक के भाई कोलकाता निवासी मनोज कुमार यादगार ने सेक्टर-126 थाने में अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

### धोखाधड़ी करने वाली की तलाश में दबिश

**नोएडा।** एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का बीते बुधवार को पुलिस ने खुलासा किया था। इस मामले में फरार आरोपियों की तलाश में नोएडा पुलिस गाजियाबाद और दिल्ली सहित कई अन्य ठिकानों पर दबिश दे रही है। इस मामले में अभी कुल 11 आरोपी अभी भी फरार हैं। बीते बुधवार को पुलिस ने सेक्टर-62 स्थित आइथम टावर से एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया था। इस दौरान पुलिस ने तीन महिलाओं समेत पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों की पहचान अलीगढ़ निवासी दिपेश, गोरखपुर निवासी अवनीश, औरेया निवासी दिव्या, गाजियाबाद निवासी कनिका और दिल्ली निवासी निधि के रूप में हुई थी। आरोपी करियर एडमिशन नामक एक फर्जी कंपनी चलाते थे और नीट परीक्षा में शामिल छात्रों की सूची निकालकर उनसे संपर्क करते थे। इसके बाद मेडिकल कॉलेज में दाखिला दिलाने के नाम पर ठगी करते थे। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि शनिवार को सेक्टर-58 थाना पुलिस ने कई ठिकानों पर दबिश दी है, हालांकि सफलता नहीं मिली। कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं।

### शराब पीने से मना करने पर बहन की हत्या



नोएडा। ग्रेनो वेस्ट के जलालपुर गांव में महिला की उसके भाई ने शराब पीने से मना करने पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया है। हरदोई के खत्ता सादाबाद की रहने वाली महिला रुचि (32 वर्ष) रोजा जलालपुर गांव में अपने पति के साथ किराए के मकान में रहती थी। इसी मकान में महिला का भाई सूरज रस्तोगी भी रहता है। जानकारी के मुताबिक सूरज शराब पीने का आदी है। रोजाना की तरह वह शुक्रवार की रात घर में बैठकर शराब पी रहा था। उसकी बहन रुचि ने भाई से शराब पीने के लिए मना किया था। इससे नाराज शराब के नशे में धुत आरोपी सूरज ने बहन के सीने में गोली मार दी। रुचि लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी। गंभीर हालत में उसको नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बहन की हत्या के आरोपी भाई सूरज को गिरफ्तार कर लिया। बिसरख कोतवाली प्रभारी यशपाल सिंह धामा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले में कार्रवाई में जुटी है। आरोपी सूरज ने बताया कि उसने घटना में प्रयुक्त तमंचा हापुड़ के पिलखुआ से पांच हजार रुपये में खरीदा था। आरोपी ने बताया कि उसका पूर्व में भी अपनी बहन से शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था। इसके चलते वह बहन से नफतर करता था।

# 'कागजी कारोबार' से 99 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का खुलासा, गाजियाबाद का कारोबारी गिरफ्तार

गाजियाबाद। केंद्रीय जीएसटी विभाग ने फर्जी फर्मों के जरिए करीब 614 करोड़ रुपये का कागजों में कारोबार करने में लिप्त गाजियाबाद के एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 99 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का आरोप है। विभाग ने उसके एक साथी को 20 अप्रैल 2021 में जीएसटी चोरी में गिरफ्तार किया था, तभी से विभाग की इस केस पर नजर थी।

केंद्रीय जीएसटी विभाग के आयुक्त आलोक कुमार ने शुक्रवार को बताया कि जीएसटी चोरी करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जीएसटी पोर्टल से



ऑनलाइन कारोबारियों के नियमित रिटर्न एवं अन्य गतिविधियों पर प्रवर्तन शाखा की नजर है।

उन्होंने बताया कि प्रथम शाखा के अधिकारियों ने फर्जी फर्मों से करोड़ों की जीएसटी चोरी में लिप्त कारोबारी रूपक वशिष्ठ को गिरफ्तार किया।

प्रवर्तन शाखा ने कारोबारी के ठिकानों पर छापेमारी की थी। कारोबारियों द्वारा नाते रिश्तेदारों एवं परिचितों के पैन कार्ड, आधार कार्ड एवं अन्य आईडी प्रूफ से फर्जी फर्म बनाने का आरोप है। आयुक्त ने बताया कि कारोबारी की गिरफ्तारी के बाद प्रारंभिक जांच में कारोबारी द्वारा कई फर्जी फर्म से कारोबार कर 614 करोड़ के कारोबार करने का मामला सामने आया है। उक्त धनराशि पर करीब 99 करोड़ की जीएसटी चोरी कर विभाग को नुकसान पहुंचाया गया।

कारोबारी द्वारा गाजियाबाद के अलावा दिल्ली, एनसीआर के कई जिलों में फर्जी फर्मों के बिलों से कारोबार करना दिखाया गया। कारोबारी द्वारा 614 करोड़ के कागजी कारोबार पर विभाग से इनपुट क्रेडिट का लाभ लेने की कोशिश की गई थी। आयुक्त ने बताया कि कारोबारी रूपक वशिष्ठ को गुरुवार को गिरफ्तार कर मेरठ की विशेष अदालत में पेश किया गया। अदालत ने कारोबारी रूपक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए।

छापेमारी में विभाग को कारोबारी के ठिकानों से काफी संख्या में बिल बुक, खरीद बिक्री रजिस्टर और मुहरें व अन्य दस्तावेज सीज कर लिया गया। विभाग जीएसटी चोरी के मामले में गहनता से जांच करेगा।

### होली पर सज गए बाजार, दो साल बाद शहर में धूमधाम से मनाई जाएगी होली

गुरुग्राम। दो साल बाद एक बार फिर होली की रौनक लौटती दिखने लगी है। कोविड संक्रमण पर जीत के बाद इस वर्ष लोगों ने रंगों के इस त्योहार को धूमधाम से मनाने की तैयारी शुरू कर दी है। कोविड में फीका हुआ होली का रंग संक्रमण कम होने के बाद एक बार फिर शहर पर चढ़ने वाला है। बाजारों में होली का बाजार सजकर तैयार है। रंग-बिरंगी पिचकारी और गुलाल से दुकानें सजी हुई है। होली के करीब आने से मांग अब बढ़ने लगी है। दो वर्ष तक कोरोना संक्रमण के चलते से होली का बाजार प्रभावित हुआ था, लेकिन इस बार व्यापारियों को अच्छी बिक्री होने की उम्मीद है। दुकानदारों के अनुसार इस बार प्लास्टिक महंगा होने के कारण इन पिचकारियों की कीमत में थोड़ी बढ़ोतरी हुई है। पहले जो पिचकारी पहले 80 रुपये मिल जाती थी, वह अब 100 रुपये में मिल रही हैं। होली के लिए टी-शर्ट में सफेद रंग की मांग है। सदर बाजार में चीन सामग्री बहुत कम है, लेकिन इस बार भारत में बनी हुई चीजों को लोग पहले प्राथमिकता दे रहे हैं। बाजार में होली के रंगों और गहरा करने गुलाल सिलेंडर है, जो आग बुझाने वाले सिलेंडर की तरह हैं। गोलबाजार स्थित दिपांशु अग्रवाल ने बताया, यह गुलाल सिलेंडर हर्बल रंग का हैं। जो किलोग्राम के अनुसार बिक रहा हैं। पांच किलो हर्बल गुलाल वाला सिलेंडर की कीमत 1700 रुपये हैं। तो एक किलो का सिलेंडर 500 रुपये अधिक हैं। वहीं आधा किलो वाला सिलेंडर की कीमत 250 से 300 रुपये तक की हैं। इसके अलाव कलर स्प्रे की मांग अधिक हैं, जिसकी कीमत 120 से 500 तक हैं।

### इंजीनियर के घर से नकदी और जेवरात चोरी

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर -36 में रहने वाले एक इंजीनियर के मकान से नगदी और जेवरात चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घर के बाहर लगे सीसीटीवी में चोर कैद हुए हैं। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। सेक्टर -36 में विपिन कुमार परिवार के साथ रहते हैं। वह हिसार स्थित एक प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर है। इंजीनियर ने बताया कि शुक्रवार को उनकी पत्नी अपने मायके गई हुई थी। घर पर उनका भांजा था। शुक्रवार की शाम उनका भांजा दरवाजा लॉक कर खाना खाने के लिए बाहर गया था। इस बीच चोर उनके घर से सोने चांदी के जेवरात समेत करीब दस लाख का सामान चोरी कर ले गए। मकान के बाहर लगे सीसीटीवी में चोर अंदर घुसते हुए दिखाई दिए हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# शरजील इमाम ने दी राजद्रोह के आरोप तय करने को चुनौती

## दिल्ली हाईकोर्ट ने याचिका पर पुलिस को भेजा नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सीएए और एनआरसी के विरोध में कथित भड़काऊ भाषण देने के मामले में राजद्रोह के आरोप तय किए जाने संबधी निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र शरजील इमाम की याचिका पर सुनवाई के बाद शुक्रवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया। अदालत ने शरजील की याचिका पर सुनवाई के बाद पुलिस से विस्तृत जवाब मांगा है। यह मामला 2019 में सीएए और एनआरसी के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान उसके कथित भड़काऊ भाषण से संबंधित है।

जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल और जस्टिस अनूप कुमार मेंदीरत्ता की बेंच ने शुक्रवार को पुलिस को नोटिस जारी करते हुए संबंधित मामले में सभी प्रासंगिक दस्तावेज अदालत के समक्ष



प्रस्तुत करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 26 मई की तारीख तय की गई है।

सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद ने प्रासंगिक दस्तावेज पेश करने के लिए वक्त मांगा था। अदालत ने कहा कि यह दो हफ्ते के अंदर हो जाना चाहिए।

इमाम को जनवरी 2020 में गिरफ्तार किया गया था। उस पर भड़काऊ भाषण देने का आरोप है। उसने 24 जनवरी के निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी है जिसमें उसके खिलाफ राजद्रोह के तहत आरोप तय किए गए थे।

निचली अदालत ने कहा था कि मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा- 124-ए (राजद्रोह), धारा-153ए (दो अलग समूहों में धर्म के आधार पर विद्वेष को बढ़ावा देना), धारा-153बी (राष्ट्रीय एकता के खिलाफ अभिकथन), धारा-505 (सार्वजनिक अशांति के लिए बयान), गैरकानूनी गतिविधि (निषेध) अधिनियम (यूएपीए) की धारा-13 (गैरकानूनी गतिविधि के लिए सजा) के तहत आरोप तय किए जाते हैं।

उसी दिन अदालत ने शरजील इमाम की इस मामले में जमानत याचिका भी खारिज कर दी थी जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है और वह फिलहाल लंबित है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, इमाम ने 13 दिसंबर 2019 को जामिया मिल्लिया इस्लामिया में और 16 दिसंबर 2019 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में दिए भाषणों में कथित तौर पर असम और बाकी पूर्वोत्तर को भारत से अलग करने की धमकी दी थी।

वहीं, अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि उसने केंद्र सरकार के खिलाफ कथित भड़काने, घृणा पैदा करने, मानहानि करने और द्वेष पैदा करने वाले भाषण दिए और लोगों को भड़काया जिसकी वह से दिसंबर 2019 में हिंसा हुई।

दिल्ली पुलिस ने अपने आरोप पत्र में कहा कि सीएए की आड़ में उसने (इमाम ने) एक विशेष समुदाय के लोगों से अहम शहरों को जोड़ने वाले राजमार्गों को बाधित करने और चक्का जाम करने का आह्वान किया। इसके साथ ही उसने सीएए के नाम पर असम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों को देश के बाकी हिस्सों से काटने की धमकी दी। शरजील इमाम जनवरी 2020 से ही न्यायिक हिरासत में है।

वह दिल्ली में हुए दंगों की साजिश रचने के मामले में भी आरोपी है। अपने बचाव में इमाम ने अदालत में पहले कहा था कि वह आतंकवादी नहीं है और उसका मुकदमा सरकार द्वारा स्थापित कानून के बजाय एक राजशाही का चाबुक है।

# ग्रेनो में छात्र से कार लूटी, बंधक बनाकर घुमाया

एजेंसी

नोएडा। सेक्टर डेल्टा तीन की सर्विस रोड बीए के छात्र से स्कॉर्पियो गाड़ी लूट ली। लुटेरों ने छात्र को कार में बंधक बना लिया, जबकि एक बदमाश उसकी गाड़ी को लेकर भाग निकला। बदमाश पीड़ित को हरियाणा के छायंसा टोल प्लाजा के समीप जंगल में छोड़ कर फरार हो गए। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने घटना के तीन दिन बाद कार लूट का मुकदमा दर्ज किया है।

ग्रेनो की पूर्वांचल हाइट्स सोसाइटी में बीए का छात्र वैभव मिश्रा रहता है। उसने पुलिस को बताया कि आठ मार्च की शाम को वह करीब से 6:15 बजे सेक्टर डेल्टा तीन में कुत्तों को खाना खिला कर स्कॉर्पियो गाड़ी से वापस घर लौट रहा था। सेक्टर की सर्विस रोड पर पहुंचा तो बदमाशों ने उसकी गाड़ी के आगे अपनी कार लगा दी। इसी बीच कार से तीन बदमाश नीचे उतरे और उसकी गाड़ी लूटी ली। बदमाशों ने उसे अपनी गाड़ी में बंधक बना लिया। छात्र ने बताया कि उसकी गाड़ी में उसका मोबाइल, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड व जरूरी कागजात रखे थे।

#### हरियाणा पुलिस ने केस दर्ज करने से मना किया

पीड़ित छात्र घटना के तुरंत बाद हरियाणा पुलिस के पास पहुंचा था। छात्र ने पुलिस को कार लूट की घटना की जानकारी दी थी। लेकिन हरियाणा पुलिस ने घटनास्थल ग्रेटर नोएडा होने की बात कहकर लूट का मुकदमा दर्ज करने से मना कर दिया। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने घटना के तीन दिन बाद कार लूट का मुकदमा दर्ज किया है।

> छात्र से कार लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कुछ बिंदुओं को लेकर छानबीन की जा रही है। पुलिस के टीम लुटेरों की तलाश में जुटी है।
>
> **हरिश्चंद्र, डीसीपी सेंट्रल नोएडा**

#### सीसीटीवी में कैद हुए लुटेरे

ईस्टर्न पेरीफेरल हाईवे के टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी में लुटेरे कैद हुए हैं। पुलिस सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि मास्क लगे होने से चेहरे साफ दिखाई नहीं दे रहे हैं।

#### पुलिस वालों की तरह बातचीत कर रहे थे बदमाश

पीड़ित छात्र ने बताया कि कार सवार बदमाश आपस में बातचीत करने से पुलिस वालों की तरह लग रहे थे। बदमाश एक दूसरे को सर कह कर बात कर रहे थे।

#### तीन थाना क्षेत्रों से होकर गुजरे बदमाश

ग्रेनो के सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र से बदमाशों ने छात्र को कार में बंधक डेढ़ घंटे तक घुमाया था। बदमाश कासना, इकोटेक और दनकौर कोतवाली क्षेत्र से गुजरते हुए हरियाणा की सीमा में घुसे। ईस्टर्न पेरीफेरल के रास्ते बदमाश छायंसा टोल प्लाजा पर नीचे उतरे थे, लेकिन इस बीच पुलिस में कहीं भी बदमाशों को नहीं रोका।

# नेपाली व्यक्ति ने सौतेली बेटी संग किया बलात्कार

गुरुग्राम। हरियाणा के गुरुग्राम में 40 वर्षीय नेपाली व्यक्ति को अपनी नाबालिग सौतेली बेटी से बलात्कार करने और उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को शनिवार को गुरुग्राम की एक अदालत में पेश किया गया जिसने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की मां द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, पहले पति की मौत के बाद उसने पांच साल पहले आरोपी से दूसरी शादी की थी। इसके बाद से वह गुरुग्राम में एक किराए के मकान में आरोपी और अपने चार बच्चों के साथ रह रही है। शिकायतकर्ता ने कहा कि वह घरों में नौकरानी का काम करती है और उसका आरोपी पति बेरोजगार है। गुरुवार की रात जैसे ही वह घर पहुंची, उसकी 11 वर्षीय बेटी ने उसे पिता द्वारा दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने की जानकारी दी। शिकायतकर्ता ने कहा कि जब मैंने अपने पति से पूछा, तो उसने मुझसे झगड़ा किया और घर से भाग गया। इसके बाद मैंने पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी।

पुलिस ने एफआईआर दर्ज पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया, जहां उसकी जांच करने वाले डॉक्टर ने बच्ची के साथ बलात्कार किए जाने की पुष्टि की है। पालम विहार थाने के एसएचओ जितेंद्र कुमार ने शनिवार को बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### कश्मीर की खूबसूरती और संस्कृति का दीदार कर सकेंगे दर्शक

**फरीदाबाद।** इस बार का अंतरार्ष्ट्रीय सूरजकुंड मेला आपको जम्मू-कश्मीर की खूबसूरती और संस्कृति के रंग में रंगा नजर आएगा। अगर आपको डल झील पर मिलने वाली खूबसूरत हाउसबोट का दीदार करने की चाहत है तो वो भी यहां आकर पूरी होगी। दरअसल, मेले में सजावट की थीम जम्मू कश्मीर पर तैयार की गई है। मेले में इस बार दर्शकों के लिए कश्मीरी हाउसबोट को तैयार किया जाएगा। जल्द ही इसे बनाने का शुरू कर दिया कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर मेले में इस बार बतौर थीम स्टेट भागीदार बनेगा। ऐसे में कश्मीर की कई बेहतरीन चीजें दर्शकों को देखने को मिलेंगी। मेला परिसर में दर्शकों के लिए कश्मीर की विख्यात झील पर मिलने वाली हाउसबोट तैयार की जाएगी। इसे मेले में आने वाले विशिष्ट अतिथियों के स्वागत के लिए खासतौर पर तैयार किया जाएगा। जिससे कि वे हाउसबोट पर आकर कश्मीर के पर्यटन के इस खूबसूरत हिस्से को देख सकें। हालांकि मेले में आने वाले दर्शक भी इस हाउसबोट में जाकर दीदार कर सकेंगे। इस हाउसबोट को बतौर सेल्फी प्वाइंट सजाया जाएगा। जिससे कि मेला घूमने आने वाले दर्शक इस खूबसूरत हाउसबोट को कैमरे में कैद कर सकें। इस हाउसबोट पर खूबसूरत शिल्पकारी का नमूना देखने को मिलेगा।


# आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 58652 वादों का निस्तारण किया गया

गौरवशाली भारत संवाददाता

**गौतमबुद्धनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मुख्यालय व तहसील स्तर पर माननीय जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर श्री अशोक कुमार-सप्तम की अध्यक्षता एंव दिशा-निर्देशन में दिनांक 12.03.2022 को जनपद गौतमबुद्धनगर में किया गया। जिसमें न्यायालयों, राजस्व न्यायालयों आदि द्वारा कुल 58652/- वादों का निस्तारण किया गया। जनपद न्यायालय में कार्यरत न्यायिक अधिकारीगण द्वारा कुल 22988/- वाद तथा राजस्व न्यायालयों द्वारा कुल 11366 वाद, प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैकं द्वारा 482, बी0एस0एन0एल0 द्वारा 27, एन0पी0सी0एल द्वारा 16, परिवहन विभाग द्वारा 13795 तथा यातायात विभाग द्वारा 9978 ई-चालान के मामलों का निस्तारण किया गया।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री जयहिंद कुमार सिंह द्वारा न्यायालयवार प्राप्त विवरण के अनुसार बताया गया कि जिला जज श्री अशोक कुमार-सप्तम द्वारा 06 वाद, पीठासीन अधिकारी वाणिज्य न्यायालय श्री आई0पी0एस0 जोश द्वारा 47 वाद व समझौता धनराशि रु0 4,16,60,936/-, पीठासीन अधिकारी मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण श्री अशोक कुमार सिंह द्वारा 114 वाद व





समझौता धनराशि रु0 6,61,82,929/-, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री मंजीत सिंह श्योरान द्वारा 32 वाद, अपर जिला जज प्रथम वेद प्रकाश वर्मा द्वारा 08 वाद व जुर्माना धनराशि रु0 5,01,510/-, विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी दिनेश सिंह द्वारा 06 वाद व जुर्माना धनराशि रु0 4000/-, अपर जिला जज तृतीय पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा 02 वाद, अपर जिला जज चतुर्थ ज्योत्सना सिंह द्वारा 702 वाद व जुर्माना धनराशि रु0 68,70,612/-, अपर जिला जज/पोक्सो कोर्ट प्रथम निरंजन कुमार द्वारा 04 वाद व जुर्माना धनराशि रु0 2000/-, अपर जिला जज पंचम मोना पवार द्वारा 02 वाद व जुर्माना धनराशि रु0 4,69,489/-, अपर जिला जज/एफ0टी0सी प्रथम डा0 अनिल कुमार सिंह द्वारा 34 एन0डी0पी0एस0 वाद, अपर जिला जज/एफ0टी0सी द्वितीय राजीव कुमार वत्स द्वारा 01 वाद, प्रधान न्यायाधीश अतिरिक्त परिवार न्यायालय शैला द्वारा 34 वाद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ऋचा उपाध्याय द्वारा 6041 वाद एंव जुर्माना धनराशि रु0 19,63,940/-, सिविल जज (वरिष्ठ संवर्ग) सुशील कुमार द्वारा 35 वाद व धनराशि रु0 13,29,83,832/- का उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र जारी किया गया, ए0सी0जे0एम0 प्रथम डा0 सुरेश कुमार द्वारा 1894 वाद व जुर्माना धनराशि रु0 2,30,510/-, ए0सी0जे0एम0 तृतीय विकास वर्मा द्वारा 1752 वाद व जुर्माना धनराशि रु0 58,060/-, ए0सी0जे0एम0 द्वितीय प्रदीप कुमार कुशवाहा 3248 वाद व जुर्माना धनराशि रु0 160370/-, सिविल जज (वरिष्ठ संवर्ग)/एफ0टी0सी अवधेश कुमार द्वारा 1703 वाद व जुर्माना धनराशि रु0 34790/-, अपर सिविल जज (कनिष्ठ संवर्ग) प्रथम/वर्चुअल कोर्ट नितिका महाजन द्वारा 4662 वाद व जुर्माना धनराशि रु0 30,36,500/-, सिविल जज (कनिष्ठ संवर्ग) जेवर निमिषा गुप्ता द्वारा 331 वाद व जुर्माना धनराशि रु0 29,170/-, सिविल जज (कनिष्ठ संवर्ग)/एफ0टी0सी द्वितीय हर्षिका रस्तोगी द्वारा 2153 वाद व जुर्माना धनराशि रु0 1,20,630/-, अतिरिक्त न्यायालय संख्या 3 श्री विनोद कुमार अग्रवाल द्वारा 181 वाद व समझौता धनराशि रु0 2,97,82,646/- है।

उक्त के अतिरिक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के अन्तर्गत जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी व तहसीलदार आदि समस्त विभागों से प्राप्त विवरण के अनुसार राजस्व के 11366 वाद निस्तारित हुये।

उपरोक्तानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 58652/- मामलों का निस्तारण हुआ, जिसमें कुल समझौता धनराशि रु0 34,38,96,893/- (चैंतिस करोड अडतीस लाख छयानवे हजार आठ सौ तिरानवे रु0) है। उल्लेखनीय है कि परिवार न्यायालय गौतमबुद्धनगर के प्रधान न्यायाधीश श्री मंजीत सिंह श्यौरान द्वारा परिवाद संख्या 136/2019 अन्तर्गत धारा-125 दं0प्र0सं0 स्वेता बनाम रुपेश उर्फ शंकर के मामलें में पक्षकारों के मध्य सुलह कराते हुये आपसी विवाद हमेशा के लिये समाप्त कर दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश अतिरिक्त परिवार न्यायालय श्रीमती शैला द्वारा 02 वैवाहिक प्रकरण क्रमशः 39/2021 सचिन बनाम नेहा व वाद सं0 734/21 संदीप बनाम दीपिका तथा एक मूल वाद 1211/2019 नागेन्द्र बनाम सूगडा में पक्षकारों के मध्य सुलह कराया गया।

उपर्युक्त सभी मामलों में समस्त पक्षकार राजी खुशी से एक साथ रहने के लिये तैयार हो गये तथा उनके मध्य लम्बित उपर्युक्त समस्त वाद इस लोक अदालत में अंतिम रुप से निस्तारित कर दिये गये। उपर्युक्त मामलों में पक्षकारों के मध्य सुलह हेतु दोंनों ही पीठासीन अधिकारी द्वारा संवेदनापूर्ण सुनवाई करते हुये पक्षकारों को एक साथ रहने के लिये प्रेरित किया गया, जिससे समस्त पक्षकारों के उपर्युक्त विवाद सुलझ गये।

## संपादकीय



## यूपी के चुनाव परिणामों ने किसान आंदोलन की पोल खोल कर रखी दी है

उत्तर प्रदेश के चुनाव नतीजे आ गए। जनता ने प्रदेश की भाजपा और उसके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर विश्वास दिखाया। भाजपा ने यहां अपने बूते पर ही पूर्ण बहुमत से 51 सीट ज्यादा यानि 255 सीटें कब्जा लीं। सपा के अखिलेश यादव द्वारा बनाया गया गठबंधन दूसरे नंबर पर बड़ा दल जरूर बन गया। यहां आप और ओवैसी साहब की एआईएमआईएम अपना खाता भी नहीं खोल सकीं। चार बार मायावती को मुख्यमंत्री बनाने वाली बसपा एक सीट तक सिमट गई। बसपा कांग्रेस से भी कमजोर हालत में रही। कांग्रेस को पूरी शक्ति लगाने के बाद भी दो सीट पर सब्र करना पड़ा। भाजपा ने 57 सीटें गंवाईं। ये बड़ा नुकसान है किंतु यह भी बड़ी बात है कि इतने विरोध के बावजूद वह बहुमत 204 से बहुत आगे 255 सीटों पर कब्जा जमा सकी।

सपा गठबंधन को छोटे-मोटे दलों को एक करने का लाभ मिला। इससे वोट का बंटवारा रुका। मुस्लिम वोट एक मुश्त उसे पड़ा। पिछली बार यादव वोट भाजपा और सपा में बंट गया था किंतु इस बार वह एक मुश्त सपा को गया। किसान आंदोलन की बात करें तो इसका मामूली-सा प्रभाव पड़ा। किसान आंदोलन का सबसे बड़ा प्रभाव लखीमपुर खीरी में था। यहां आरोप लगा था कि प्रदर्शन करते हुए चार किसान केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र के बेटे की कार से कुचल कर मरे थे। इस मामले में नौ मौत हुई थीं। यहां घटना के आरोपी बेटे के पिता केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र को हटाने का आंदोलन चल रहा था। इस आंदोलन का प्रभाव इतना था कि भाजपा के प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार के लिए ही नहीं जा सके। किसान आंदोलन को लेकर उम्मीद थी कि यहां भारतीय जनता पार्टी को बड़ा नुकसान होगा। जहां प्रत्याशी प्रचार को ही न जा सके हों, उनके विरोध का स्तर समझा जा सकता है।

लखीमपुर की जनता ने सभी आठ सीटों पर भाजपा को विजय देकर किसान आंदोलन की सच्चाई बता दी। ये बता दिया कि इस आंदोलन और आंदोलन के नाम पर अराजकता को वह पसंद नहीं करते। वोट से जनता ने इस आंदोलन पर बड़ी चोट की है। यहां की जनता ने इस आंदोलन पर वोट की चोट करके सच्चाई बता दी। ये भी बता दिया कि वह इसका विरोध करती है। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अपना खाता भी नहीं खोल सकी, जबकि उसने 300 यूनिट फ्री बिजली और परिवार के एक सदस्य को रोजगार देने जैसे वादे किए थे। यही हाल ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम का रहा। पिछली बार बसपा के पास 19 सीटें थीं। अबकि बार उसे एक सीट पर ही संतोष करना पड़ा। चुनाव ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि बसपा का दलित वोट भाजपा की ओर बढ़ा है।

पिछली बार योगी आदित्यनाथ ने कई मिथक तोड़े। नोएडा और बिजनौर मुख्यमंत्री इसलिए नहीं आते थे, क्योंकि माना जाता है कि जो मुख्यमंत्री यहां आता है, वह दुबारा मुख्यमंत्री नहीं बनता। योगी आदित्यनाथ बिजनौर तो गए ही, 19 बार नोएडा आए। श्राद्ध में शुभ कार्य नही किया जाता, किंतु उन्होंने श्राद्ध में बहुत सारी योजनाओं का शुभारंभ किया। भाजपा को अपनी नीति, अपनी योजनाओं का लाभ मिला। किंतु निरंकुश प्रशासन के रवैये का उसे नुकसान हुआ। योगी ईमारदार रहे। किंतु प्रशासनिक अमला पहले जैसा ही रहा। कोरोना काल में और अन्य समय पर सरकार की खरीद में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। विधायक और सांसदों की प्रशासन में सुनवाई नहीं हुई। भाजपा का कार्यकर्ता और वोटर निराश रहा। इसी वजह से हार-जीत का अंतर पिछली बार के मुकाबले घटा।

भाजपा की यह जीत योगी आदत्यनाथ की जीत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास है, उनकी नीतियों और नेतृत्व की जीत है, वरन काफी प्रत्याशियों का पिछले पांच साल का आचरण वोट देने योग्य नहीं रहा। इसके बावजूद जनता ने भाजपा को वोट दिया।

## ना बंधन ना गठबंधन बुलडोजर वाले बाबा का करे यूपी की जनता अभिनंदन

**दीपक कुमार त्यागी**

देश के पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणाम 10 मार्च को आ चुकें है, इन चुनाव परिणामों में भाजपा ने चार राज्यों में एकबार फिर ऐतिहासिक जीत हासिल करके अपना जलवा कायम रखा है। वैसे देखा जाए तो पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान राजनीति में रुचि रखने वाली देश की अधिकांश जनता कि निगाहें हर पल उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों पर ही लगी हुई थी। देश विदेश के अधिकांश राजनीतिक विश्लेषकों व कुछ लोगों का यह मानना था कि उत्तर प्रदेश के चुनावों में कोरोना काल की ज्वलंत समस्याओं, रोजी-रोटी, लंबे समय तक चले किसानों के आंदोलन का बहुत ही व्यापक असर योगी सरकार के विरोध में देखने को अवश्य मिलेगा। लेकिन 10 मार्च को उत्तर प्रदेश में जब चुनाव परिणाम आए तो योगी ने प्रचंड बहुमत 255 सीटों के साथ चुनावों में विजय हासिल करके बहुत सारे राजनीतिक विश्लेषकों को आश्चर्यचकित करने का कार्य कर दिया है। हालांकि जो लोग धरातल पर जाकर पूरे चुनावी घमासान को नजदीक से देख रहे थे उनके सामने यह स्पष्ट था कि अबकी बार उत्तर प्रदेश में योगी एक बहुत बड़े ब्रांड के रूप में बनकर उभर रहे हैं, लोगों का एक बहुत बड़ा वर्ग उन्हीं के नाम से प्रभावित होकर जाति-धर्म व दलगत राजनीति के बैरियर तोड़कर भाजपा को वोट करने का कार्य कर रहा है, क्योंकि इस बार जन अदालत में बुलडोजर वाले बाबा के नाम से मशहूर हो चुके योगी आदित्यनाथ के प्रति जबरदस्त रूप से दिवानगी देखने को मिली है, योगी की बेहद ईमानदार मेहनती सख्त प्रशासक की छवि, अपराधियों के प्रति सख्त कार्यवाही करने की उनकी कार्यशैली ने मतदाताओं के एक बड़े वर्ग को बेहद आकर्षित करने का कार्य किया है। जिससे चुनावी रणभूमि में भाजपा से नाराज़ होने वाले मतदाताओं की बड़ी भरपाई धरातल पर हुई है। हालांकि किसी भी स्तर के चुनावों में विजय ईमानदारी से सामुहिक सहयोग के बलबूते ही संभव है, उसी ने 37 वर्ष के बहुत लंबे अरसे बाद उत्तर प्रदेश में लगातार दोबारा फिर से किसी पार्टी की सरकार को बनने का अवसर प्रदान किया है। वैसे उत्तर प्रदेश में जिस तरह से योगी आदित्यनाथ ने चुनावी रणभूमि में दिन-रात एक करके मेहनत की वह बेहद काबिले तारीफ है। भाजपाइयों के लिए उत्तर प्रदेश के चुनावों में भाजपा की जीत योगी की उस मेहनत का ही एक सकारात्मक सुखद परिणाम है, जिसका आनंद आज पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता व छोटे-बड़े नेता लेने का कार्य कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के चुनाव परिणामों के द्वारा बहुत सारे लोगों को आश्चर्यचकित करने वाली भाजपा की विजय का श्रेय सबसे अधिक योगी आदित्यनाथ को ही जाता है, क्योंकि उत्तर प्रदेश की आम जनता के बीच इस बार योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली पक्ष व विपक्ष दोनों तरफ एक बहुत बड़ा चुनावी मुद्दा बन गयी थी, कहीं ना कहीं उत्तर प्रदेश का पूरा चुनाव योगी आदित्यनाथ की छवि के इर्द-गिर्द ही लड़ा गया था, उत्तर प्रदेश के मतदाताओं के एक बहुत बड़े वर्ग ने भी उनकी फायरब्रांड बुलडोजर वाले बाबा वाली छवि के चलते ही भाजपा को वोट देकर जिताने का कार्य किया है। भाजपा को चुनाव रण में वर्ष 2022 की सबसे बड़ी चुनावी जीत योगी के चेहरे की ही देन है। जनता की ताकत के बलबूते योगी आदित्यनाथ को पुन: प्रदेश की कमान संभालने के लिए प्रचंड बहुमत के साथ उत्तर प्रदेश में पुन: भाजपा की सत्ता में वापसी का मार्ग प्रशस्त किया है। जनता ने पूर्व में प्रदेश में रही अन्य सरकारों के कार्यकाल की तुलना करके, उत्तर प्रदेश में अपराध मुक्त, चौबीस घंटे बिजली युक्त, विकास के पथ पर अग्रसर करने वाले योगी राज, सुशासन, राष्ट्रवाद और योगी की विशेष कार्यशैली को वोट देकर विजयी बनाया है। जनता ने उत्तर प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार, अपराध, जातिवाद, धार्मिक उन्माद, परिवारवाद, अवसरवाद और अलगाववाद को पराजित करने के महत्वपूर्ण काम को अंजाम देने के लिए पार्टी के नियम कायदे कानून से ऊपर उठकर एकबार फिर से मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ को भारी बहुमत देकर उनका चयन किया है।

# जाति की राजनीति की मौत की मुनादी और प्रो इंकम्बेंसी के नए ट्रेंड की शुरुआत, सारे मिथक तोड़ रहा ब्रांड मोदी

**अभिनय आकाश**

**जीत के नारों और मोदी-योगी के जयकारों के बीच वो सियासी संदेश छुपा है जिसकी गूंज 2024 तक जाती है। जश्न के रंग में राजनीति की वो इबारत लिखी है जिसने अगले लोकचुनाव की तस्वीर नज़र आती है। इस जीत और जश्न में डबल इंजन की सरकार वाला दम है।**

2017 की जीत को बीजेपी 2022 में दोहरा पाएगी इसको लेकर काफी संशय और सवाल थे। कोरोना की तबाही सामने थी, किसानों का विरोध सामने था, जातिगत संतुलन को लेकर भी तरह-तरह की बातें की जा रही थी। लेकिन अब कोई सवाल नहीं रहा। मोदी ने ये दिखा दिया कि उनके रहते हुए कोई भी लक्ष्य नामुमकिन नहीं। एक राज्य पहाड़ का एक राज्य समंदर किनारे का एक राज्य गंगा किनारे का एक राज्य पूर्वोत्तर का। पांच राज्य में से चार राज्य ऐसे जिसमें भौगोलिक, सामाजिक, राजनीतिक हर तरह से भिन्नता है। लेकिन इन चार राज्यों में एक समानता दिखी। बीजेपी की विजय की समानता। पीएम मोदी पर कायम जनता के भरोसी की समानता। लखनऊ से पणजी तक देहरादून से इंफाल तक एक राजनीतिक व्यक्ति के मनोयोग से चुनौतियों के चक्रव्यूह को भेदते हुए बीजेपी इतिहास रचती है।

पांच में से चार राज्यों में भाजपा की जीत से गुजरात और हिमाचल प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों में बढ़त मिलने की उम्मीद है। पार्टी फिर से प्रो-इनकंबेंसी पर भरोसा करेगी, पीएम नरेंद्र मोदी की प्रफार्मेंस पॉलिटिक्स और डबल-इंजन सरकार के आधार पर वोट मांग रही है। साथ ही इस दावे के साथ कि बीजेपी ने जो वादा किया था उसे पूरा किया। भाजपा नेताओं ने न केवल पिछली सरकारों के कमजोर प्रदर्शन को उजागर किया, बल्कि अंत्योदय (पंक्ति में अंतिम व्यक्ति का उदय) के मंत्र के साथ सभी मोर्चों पर काम किया। पार्टी मुख्यालय में अपने विजय भाषण में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि यह फैसला मोदी सरकार की नीतियों और योजनाओं का एक और बड़ा समर्थन है। फैसला देश में राजनीति के भविष्य के पाठ्यक्रम के बारे में भी एक संकेत है। मोदी ने देश के राजनीतिक लोकाचार को बदल दिया है।

कांटो के बीच से जीत का फूल निकालकर पिरोई गई मालाएं यूं ही नरेंद्र मोदी के गले का हार नहीं बनती। सबूत ये कि पांच राज्यों में चार में विजय का भगवा लहराने के अगले दिन अहले सुबह गुजरात की सड़कों पर नरेंद्र मोदी केसरिया टोपी पहने स्वागत के पुष्पों के बीच लोगों का अभिवादन करते दिखे। 9 किलोमीटर लंबा रोड शो को प्रधानमंत्री के गृह राज्य के लिहाजे से मत आंकई बल्कि ये उस राज्य में वी फॉर विक्टरी का साइन दिखाते हुए हैं जहां नौ महीने के भीतर चुनाव होने हैं और लगभग पिछले 27 सालों से बीजेपी काबिज है। यूपी में बीजेपी का वोट प्रतिशत 39.7 प्रतिशत से 41.6 प्रतिशत पहुंच जाता है। उत्तराखंड में मुख्यमंत्रियों को बदलने के बाद भी बहुमत पाती है। गोवा में नाराजगी के बाद भी सरकार बनाने की दिशा में कदम बढ़ाती है। मणिपुर में सरकार बीजेपी के ही रहते सीट भी बढ़ती है और वोट शेयर भी। गोवा राज्य में पिछली दफा सीटों के मामले में कांग्रेस से पिछड़ने के बाद भी बाजी जरूर मार ली। लेकिन उसकी थोड़ी सी टीस मन में थी जिसे इस बार के चुनाव में पूरी करते हुए अपने सीटों में इजाफा करते हुए 13 से 20 तक के आंकड़े तक पहुंचाया।

उत्तर प्रदेश के चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि महिला मतदाताओं ने सभी चार राज्यों में एक मजबूत और स्पष्ट संदेश दिया है कि न्यू इंडिया कल्याण, समानता, पारदर्शिता और प्रगतिशील राजनीति के लिए मतदान करेगा। प्रधान ने कहा, यूपी, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा के लोगों द्वारा बरसाए गए आशीर्वाद मतदाताओं के विवर्तनिक बदलाव को दर्शाते हैं। चार राज्यों में से हरेक जीत के अपने मायने है और हर विजय अपने आप में किसी उपलब्धि से कम नहीं जहां उत्तराखंड में हर पांच साल में सरकार बदलने की कवायद रही हो वहां बीजेपी ने फिर से एक बार शानदार जीत हासिल कर इस मिथक को धता बताया।

### प्रो इंकम्बेंसी

इन नतीजों में जो सबसे प्रमुख चीजें देखने को मिली वो है प्रो इंकम्बेंसी वेब। अब तक चुनावों में तमाम न्यूज चैनल पर बड़े-बड़े एक्सपर्ट एंटी इंकम्बेंसी वेब यानी सरकार विरोधी लहर की बात करते थे। होता भी यही था इससे पहले एक दशक पहले तक जब चुनाव लड़े जाते थे तो सत्तारूढ़ पार्टी को नुकसान ही होता था। इसकी वजह थी कि जनता उन पांच सालों में उस पार्टी से परेशान हो चुकी होती थी। उनसे ऊब चुकी होती थी। इसी को एंटी इंकम्बेंसी वेब कहा जाता है यानी सत्ताविरोधी लहर। लेकिन उसी सरकार या पार्टी को लेकर लोगों में और ज्यादा ऊर्जा आ जाए तो उसे प्रो इंकम्बेंसी वेब कहते हैं। यूपी, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर के नतीजों ने बता दिया कि प्रो इंकम्बेंसी वेब भी एक बहुत बड़ी लहर हो सकती है। जिन चार राज्यों में बीजेपी की सरकारें थी वहां उसे उसी प्रो इंकम्बेंसी की वजह से इतनी बड़ी जीत हासिल हुई। कई जगह तो बीजेपी ने पहले से भी अच्छा प्रदर्शन किया है। जबकि पंजाब में कांग्रेस की सरकार थी और उसी लिए वहां की सरकार के खिलाफ एंटी इंकम्बेंसी की वेब चल रही थी। लोग कांग्रेस की सरकार से इतना थक चुके थे कि उन्होंने सोच लिया था कि अब उन्हें बदलान ही चाहिए। इसलिए वहां कांग्रेस को हार मिली।

### बीजेपी में योगी बने नंबर 3

जीत के नारों और मोदी-योगी के जयकारों के बीच वो सियासी संदेश छुपा है जिसकी गूंज 2024 तक जाती है। जश्न के रंग में राजनीति की वो इबारत लिखी है जिसने अगले लोकसभा चुनाव की तस्वीर नज़र आती है। इस जीत और जश्न में डबल इंजन की सरकार वाला दम है। उत्तर प्रदेश में बीजेपी की बड़ी जीत 2024 में उसके लिए सबसे बड़ा कदम है। यही वजह है कि बीजेपी के ऐतिहासिक जीत के जश्न के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव का जिक्र छेड़ा। 2022 के यूपी फतह को 2024 लोकसभा चुनाव से जोड़ा। योगी आदित्यनाथ ने भी अपने विजयी भाषण से इसी एजेंडे को आगे बढ़ाया। यूपी में सबका साथ सबके विश्वास से भविष्य की राजनीति का रास्ता दिखाया। गंगा जमुना की पावन धाराओं से सिंचा प्रदेश, शिव, राम, कृष्ण के प्रेम से पला प्रदेश। जहां मोहब्बत की गवाही देता है ताज, कुछ इस तरह का ही है उत्तर प्रदेश राज। हिंदुस्तान की हुकूमत भले ही दिल्ली से चलती हो। लेकिन दिल्ली की गद्दी पर कौन विराजेगा ये उत्तर प्रदेश ही तय करता है। न सपा, न बसपा, न कांग्रेस, न बुआ, न बबुआ, न प्रियंका मोदी की सुनामी में सब उड़ गया। न यूपी के लड़कों की जोड़ी चली, न कांग्रेस का महिला कार्ड। मायावती के फिक्सड वोटरों पर तो ऐसी सेंधमारी हुई कि पार्टी को एक सीट जीतने के लाले पड़ गए। बंगाल चुनाव ने बीजेपी को हराने की जो उम्मीद विपक्ष में जगाई थी वो यूपी आते-आते बुझ गई। योगी पहले योगी से राजा बने अब वो इस जीत के साथ सम्राट की तरह दिखने लगे हैं। योगी अब पीएम मोदी और अमित शाह के बाद तीसरे सबसे बड़े नेता के तौर पर सामने आए हैं। अब तक बीजेपी में नंबर 1 और नंबर 2 की जो पोजिशन थी वो बिल्कुल साफ थी। राजनीति की आम बोलचाल में भी मोदी-शाह की जोड़ी का जिक्र नंबर 1 नंबर 2 के रूप में किया जाता था। यानी नंबर तीन की कोई व्यवस्था ही नहीं थी लेकिन उत्तर प्रदेश के नतीजों ने योगी आदित्यनाथ को इस स्थिति में ला दिया है कि उन्हें चाहे दबे स्वर में ही सही नंबर 3 कहा जाने लगा है।

### 1.) मोदी-योगी

उत्तर प्रदेश में एक एम-वाई फैक्टर ने फिर काम किया है, लेकिन मुस्लिम-यादव फॉर्मूले का नहीं। इस बार, रू-ङ्घ का मतलब मोदी-योगी था - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का डबल इंजन, प्रशासन के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ा रहा है। योजनाएं भ्रष्टाचार की दीवारों को तोड़ने में कामयाब रहीं।

जिस राज्य में गर्व के साथ नियमों का उल्लंघन किया जाता है, वहां मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था को सख्ती से लागू किया और मतदाताओं ने इसकी सराहना की है।

## इस बार के विधानसभा चुनावों में दलबदलुओं को जनता ने अच्छा सबक सिखाया

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से ऐन पहले दलबदल करने वाले ज्यादातर विधायकों का दांव खाली गया और ऐसे 80 प्रतिशत जनप्रतिनिधि सियासी संग्राम में सफलता हासिल नहीं कर सके। दलबदल कर विभिन्न राजनीतिक दलों का हाथ थामने वाले इन 21 विधायकों में से सिर्फ चार को ही जीत नसीब हुई है। हम आपको बता दें कि पाला बदलने वाले इन विधायकों में से 9 भाजपा जबकि 10 सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे थे। जिन प्रमुख नेताओं को हार का सामना करना पड़ा उनमें उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य व धर्म सिंह सैनी के अलावा बरेली की पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन शामिल हैं। ये नेता चुनाव से ऐन पहले समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे।

उत्तर प्रदेश में 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बनी सरकार में करीब पांच वर्ष तक मंत्री रहे स्वामी प्रसाद मौर्य, दारा सिंह चौहान और धर्म सिंह सैनी ने ऐन चुनाव के मौके पर भाजपा पर पिछड़ों और दलितों की उपेक्षा का आरोप लगाकर मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और समाजवादी पार्टी में शामिल होकर अखिलेश यादव के नेतृत्व में पिछड़ों को एकजुट करने की मुहिम शुरू की थी लेकिन खुद ही चुनाव हार गये। स्वामी प्रसाद मौर्य ने तो दावा किया था कि वह भाजपा की चूलें हिला देंगे और उसे नेस्तनाबूत कर देंगे लेकिन उनकी खुद की चूलें ऐसी हिल गयी हैं कि लंबे समय तक अब राजनीतिक रूप से वापस खड़े नहीं हो पाएंगे। अखिलेश यादव के समक्ष भी अब स्वामी प्रसाद मौर्य की राजनीतिक हैसियत का खुलासा हो गया है इसीलिए अब वह भी उन्हें शायद पहले की तरह तवज्जो नहीं दें।

उत्तर प्रदेश की ही तरह यदि उत्तराखण्ड की ओर देखें तो वहां भी भाजपा को मटियामेट कर देने के दावे करने वाले यशपाल आर्य और हरक सिंह रावत खुद ही राजनीतिक रूप से मटियामेट हो गये। उत्तराखण्ड की भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे यशपाल आर्य मुख्यमंत्री पद की महत्वाकांक्षा के चलते कहीं के नहीं रहे। ऐन चुनावों से पहले वह अपने बेटे और भाजपा विधायक संजीव आर्य के साथ पार्टी छोड़कर कांग्रेस में चले गये। कांग्रेस ने दोनों विधायक पिता-पुत्र को टिकट भी दे दिया लेकिन बाजपुर विधानसभा सीट से यशपाल आर्य बस हारते-हारते बचे और उनके बेटे संजीव आर्य नैनीताल से चुनाव हार गये। अब यशपाल आर्य के पास विपक्ष में बैठने के अलावा कोई चारा नहीं है। वहीं हरक सिंह रावत की बात करें तो वह भी भाजपा को चुनौती देते हुए चुनावों से पहले पार्टी छोड़ गये थे। हरक सिंह रावत खुद तो चुनाव नहीं लड़े थे लेकिन अपनी पुत्रवधू अनुकृति को कांग्रेस के टिकट पर लैंसडाउन से चुनाव लड़वाया। मगर मोदी लहर को वह भांप नहीं सके और लैंसडाउन से भाजपा जीत गयी। इस तरह हरक सिंह रावत भी अब घर बैठ गये हैं और भाजपा को भी रोजाना रूठने वाले नेताओं से छुटकारा मिल गया है। वहीं ऐन चुनावों के समय कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आये किशोर उपाध्याय और सरिता आर्य विधानसभा चुनाव जीत कर विधायक बन गये। किशोर उपाध्याय को तो नयी भाजपा सरकार में मंत्री बनाये जाने के भी आसार हैं।

दलबदलुओं के बारे में बात करते हुए यदि आपको वापस उत्तर प्रदेश ले चलें तो आंकड़े बताते हैं कि अदिति सिंह (रायबरेली), अनिल कुमार सिंह (पुरवा) और मनीष कुमार (पड़रौना) ने दलबदल के बाद भाजपा के टिकट पर चुनाव में जीत हासिल की। जबकि योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्री रहे दारा सिंह चौहान ने चुनाव से ठीक पहले सपा का हाथ थामा व घोसी सीट से विजयी रहे।


## मनभावन वसंत का हुआ आगमन

मनभावन वसंत का हुआ आगमन
आते ही मन मोह लेता पावन
वसंत से पहले पतझड़ों में
खड़-खड़ पत्ते झरझर पत्ते
रातों भर गिरते उड़ते पत्ते ।

जग की रौनक खुशियां से
खिल उठते जग मानों जगमग
पुष्पों की सुंदर सी सुगंध मनोहर
वयातों के साथ बहती संगम
जग की हरियाली लगते भावन ।

वसंत की खुशहाली आगमन से
पेड़-पौधों में आ जाते मंजरी
खिल उठते बगीचों की कोमल हृदय
पेड़-पौधों की खूबसूरत पुष्पों से
आते रहते हैं मृदुल सुगंध

वसंतों के प्रात: कालीनों में
सुंदर सुगंधित सी बहते पवन
सुबह में चहचहाती पक्षियों के चहक
कु-कुहाती कोयलों की मृदुल मनसा
चंचल
पक्षियों की आनंदों की उत्साह चंचल
उठाते पक्षियां प्राकृतिक की सुंदर
उमंग
मनभावन बसंत का हुआ आगमन ।।



**राजा कुमार 'चौरसिया'**
**सलौना ,बखरी , बेगूसराय**

## राष्ट्रहित सर्वोपरि होगा तो राष्ट्र सुरक्षित होगा



**युवाओं में राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों की समझ विकसित करने, उनकी चिंताओं, जिज्ञासाओं को समझकर उनका उत्साहवर्धन करना सर्वोपरि राष्ट्र सेवा है**

**युवाओं में वैचारिक परिपक्वता परिलक्षित करने अभिभावकों, शिक्षकों द्वारा उनकी चिंताओं, जिज्ञासाओं को रेखांकित कर मार्गदर्शन करना समय की मांग - एड किशन भावनानी**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर सबसे युवा देश जिसकी 65 फ़ीसदी आबादी उसकी सबसे मूल्यवान संपत्ति है वह है भारत!!! जहां दुनिया की युवा आबादी का पांचवा हिस्सा है जो एक जनसांख्यिकीय लाभांश पैदा करने की ताकत रखता है, विजन 2047, विज़न 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की देश की अर्थव्यवस्था के महत्वकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जो कार्यबल के साथ साथ बाजार की उपलब्धि करा सकता है। नवाचार नवोन्मेष, स्टार्टअप, उद्यमशीलता विविधता की संस्कृति को चला रहे हैं ऐसी मुल्यवान ताकत युवाओं में हमें राष्ट्र हित से जुड़े मुद्दों की समझ विकसित करने, उनकी चिंताओं जिज्ञासाओं को समझकर उनको उत्साहवर्धन करने की तात्कालिक ख़ास ज़रूरत है जो सर्वोपरि राष्ट्र सेवा है, क्योंकि यदि राष्ट्रहित सर्वोपरि होगा तो हमारा राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, अन्तर्राष्ट्रीय बाधाओं सहित अनेक मुद्दों और विषयों में सुरक्षित होगा।

साथियों बात अगर हम युवाओं को उत्साहवर्धन की करें तो आज अभिभावकों, शिक्षकों, बुद्धिजीवियों, राजनीतिक नेताओं से लेकर हर उस जानकार व्यक्तित्व का कर्तव्य है कि युवाओं में राष्ट्रहित की भावना को तेजी से विकसित करें युवाओं में यह भाव पैदा करना होगा कि घर से महत्वपूर्ण समाज, उस से महत्वपूर्ण गांव, शहर, राष्ट्र है। इसलिए राष्ट्र हित की भावना सबसे पहले युवाओंमें जागृत कराना जरूरी हैं। क्योंकि, युवा राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवा पीढ़ी और उनकी उपलब्धियाँ होती हैं। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। इसलिए युवा राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं, इसके साथ ही देश का प्रत्येक नागरिक अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट और सर्वोच्च विकास के लिए प्रयासरत रहे। वास्तव में यही राष्ट्रहित है। जाति, धर्म और क्षेत्रीयता की संकीर्ण मानसिकता से उपर उठकर देश के प्रति गर्व की एक गहरी भावना महसूस करना ही राष्ट्रवाद है।

साथियो बात अगर हम भारत के सबसे कम उम्र वाली आबादी होने की करें तो, भारत के 1.35 बिलियन लोग इसे दुनिया का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश बनाते हैं, लेकिन औसतन 29 वर्ष की आयु के साथ, यह विश्व स्तर पर सबसे कम उम्र की आबादी में से एक है। जैसे ही युवा नागरिकों का यह विशाल संसाधन कार्यबल में प्रवेश करता है, यह एक जनसांख्यिकीय लाभांश बना सकता है।संयुक्तराष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा जनसांख्यिकीय लाभांश को जनसंख्या की आयु संरचना में बदलाव के परिणामस्वरूप आर्थिक विकास के रूप में परिभाषित किया जाता है, मुख्यत: जब कामकाजी उम्र की आबादी आश्रितों की संख्या से बड़ी होती है।

साथियों बात अगर हम युवाओं में राष्ट्रहित, राष्ट्रीयता भावना जगाने की करें तो, पहला कार्य व्यक्ति निर्माण का है और राष्ट्रीय संस्कार व्यक्ति में बनेंगे तो निश्चित तौर से वह निज हित से ऊपर राष्ट्र हित को प्राथमिकता देगा।

देश के हर वर्ग के युवा राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझे तभी हम एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर पाएंगे। युवाओं को हमरे पूर्वजों से प्रेरणा लेनी चाहिए संस्कृति को समझना होगा। युवा संगठन से ऑनलाइन जुड़कर भी देश को मजबूती दे सकते हैं।राष्ट्र से बड़ा कोई संगठन नहीं है और राष्ट्रीय भाव से बड़ी विचारधारा नहीं हो सकती। इसलिए आज नौजवानों में राष्ट्रीयता की भावना को जगाने की जरूरत है।

साथियों बात अगर हम बच्चों, युवाओं में राष्ट्रहित राष्ट्रवाद को गहराई से समझाने की करें तो, प्रत्येक नागरिक के लिए अपने राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता प्रदर्शन करना अनिवार्य है क्योंकि हमारा देश अर्थात हमारी जन्मभूमि हमारी मां ही तो होती है। जिस प्रकार माता बच्चों को जन्म देती है तथा अनेक कष्टों को सहते हुए भी अपने बच्चों की खुशी के लिए अपने सुखों का परित्याग करने में भी पीछे नहीं हटती है उसी प्रकार अपने सीने पर हल चलवाकर हमारे राष्ट्र की भूमि हमारे लिए अनाज उत्पन्न करती है, उस अनाज से हमारा पोषण होता है।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार, पीएम ने कहा, एक बात जिसने हमारे लोकतंत्र व्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुंचाया वह है राष्ट्रहित से ज्यादा प्राथमिकता अपनी विचारधारा को देना। अगर कोई विचारधारा यह कहती है कि देशहित के मामलों में भी मैं इसी दायरे में काम करूंगा तो यह रास्ता सही नहीं है। दोस्तों यह गलत है।

आज हर कोई अपनी विचारधारा पर गर्व करता है। यह स्वाभाविक भी है, लेकिन फिर भी हमारी विचारधारा राष्ट्रहित के विषयों में राष्ट्र के साथ नजर आनी चाहिए। राष्ट्र के खिलाफ कतई नहीं। आप देश के इतिहास में देखिए जब -जब देश के सामने कोई कठिन समस्या आई है हर विचारधारा के लोग राष्ट्रहित में एक साथ आए हैं।

आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी के नेतृत्व में हर विचारधारा के लोग एक साथ आए थे। उन्होंने देश के लिए एक साथ संघर्ष किया था। उन्होंने कहा, आपातकाल के खिलाफ आंदोलन में कई राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता और संगठन के लोग भी थे। समाजवादी लोग भी थे, कम्युनिस्ट भी थे, जेएनयू से जुड़े कितने ही लोग थे जिन्होंने एक साथ आकर इमरजेंसी के खिलाफ संघर्ष किया था। इस लड़ाई में किसी को अपनी विचारधारा से समझौता नहीं करना पड़ा था। पर सब सबसे ऊपर राष्ट्रहित का उद्देश्य था। इसलिए साथियों जब राष्ट्र की एकता, अखंडता का प्रश्न हो तो एक साथ आना चाहिए।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि राष्ट्रीय सेवा सर्वोपरि होगा तो राष्ट्र सुरक्षित होगा।युवाओं में राष्ट्रहित के जुड़े मुद्दों की समझ विकसित करने, उनकी चिंताओं जिज्ञासाओं को समझकर उनका उत्साहवर्धन करना सर्वोपरि राष्ट्र सेवा है। युवाओं में वैचारिक परिपक्वता परिलक्षित करने अभिभावकों, शिक्षकों द्वारा उनकी चिंताओं जिज्ञासाओं को रेखांकित कर मार्गदर्शन करना समय की मांग है।

## करो डटकर काम !



बढ़ी जिम्मेदारी है ।
करो डट कर काम ।।
लक्ष्य है बनाना ।
अवैध को लगाम ।।
रहे प्रयास निरंतर ।
सबकी हो भलाई ।।
जनमानस ये ले सके ।
आगे भी अंगड़ाई ।।
मिली जो आजादी है ।
हो पूरा उपयोग ।।
अच्छे काम को सदा ।
है मिलता सहयोग ।।
पुन: सुनहरा अवसर ।
आया ले बहार ।।
कर रही ये जनता ।
लगातार उपकार ।।

**कृष्णेन्द्र राय**

## शार्ट न्यूज

### ललितपुर : अज्ञात कारणों के चलते मासूम ने लगायी फांसी

ललितपुर। उत्तर प्रदेश में ललितपुर के जखौरा थानाक्षेत्र में शनिवार को कक्षा छह में पढ़ने वाले 13 साल के बच्चे ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली। पुलिस ने बताया कि थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम जैरवारा निवासी गजेंद्र सिंह का पुत्र शिवेंद्र सिंह (13) कक्षा 06 में पढ़ता था, उसने जानवरों को बांधने वाले झोपड़े में फांसी लगा ली। शिवेंद्र जब वह काफी देर तक घर में नजर नहीं आया तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी ढूंढ़ने के बाद शिवेंद्र को जानवरों को बांधने वाले झोपड़े में फांसी के फंदे पर लटका देखा। परिजनों ने तुरंत उसे नीचे उतारा और जिला चिकित्सालय लाये, जहां पर परीक्षणोपरान्त चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष जखौरा ने बताया कि शुरूआती पूछताछ में परिजनों ने बताया है कि मोबाइल को लेकर भाई बहन का आपस में विवाद हुआ था व उसके बाद शिवेंद्र ने फांसी लगा ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### होली पर सफर आसान बनाएगी यूपीएसआरटीसी, आज से लखनऊ से 12 शहरों के बीच चलेंगी अतिरिक्त बसें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम इस बार होली पर यात्रियों को बसों की कमी नहीं होने देगा। इस बार आठ के बजाए दस दिनों तक अतिरिक्त बसों को चलाने का निर्णय लिया गया है। होली के दौरान लखनऊ से जिन रूटों पर यात्रियों की भीड़ ज्यादा रहती है। ऐसे 12 रूटों को चिह्नित किया गया है। इन रूटों पर लखनऊ के सभी बस अड्डों से बसों की सेवाएं मिलेगी। परिवहन निगम प्रशासन इस बार 13 से 22 मार्च यानी दस दिनों तक होली स्पेशल अतिरिक्त बसें चलाएगा। ये बसें लखनऊ समेत प्रदेश के बड़े शहरों के बीच करीब 3500 अतिरिक्त बसें चलाई जाएगी। इस संबंध में परिवहन निगम के एमडी आरपी सिंह ने अधिक से अधिक बसें ऑनरोड करने के निर्देश देते हुए ऑनलाइन बुकिंग में एसी बसों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए है। लखनऊ के आलमबाग बस टर्मिनल से प्रयागराज, वाराणसी, मिर्जापुर, अलीगढ़, इटावा, आगरा, बरेली, गाजीपुर, बलिया, गोरखपुर, आजमगढ़, सलौनी की बसें चलेंगी। कैसरबाग और आलमबाग से दिल्ली, देहरादून, हरिद्वार, जयपुर और चंडीगढ़ के लिए बसें उपलब्ध हैं। इन एसी बसों में यात्री तत्काल, एडवांस में सीटों की बुकिंग ऑनलाइन यूपीएसआरटीसी डॉट कॉम पर जाकर करा सकते हैं।

### एटीएस का देवबंद के हॉस्टल में छापा, दो संदिग्ध बांग्लादेशी समेत तीन को उठाया

**सहारनपुर देवबंद।** यूपी एटीएस की टीम ने शनिवार को देवबंद के एक हॉस्टल में छापेमारी कर दो संदिग्ध बांग्लादेशियों समेत तीन युवकों को हिरासत में लिया है। एटीएस सभी से पूछताछ कर रही है। उधर, संदिग्ध बांग्लादेशियों को हिरासत में लिए जाने के बाद देवबंद के लोगों में खलबली मची हुई है। एसटीएस ने दारुल उलूम चौक स्थित एक हॉस्टल में छापेमारी की। टीम ने हॉस्टल से तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद टीम तीनों युवकों को अपने साथ ले गई। सूत्रों के मुताबिक, दो युवक बांग्लादेश के रहने वाले हैं। जबकि एक युवक के पास से तेलंगाना की आईडी मिली है। एटीएस की कार्रवाई के बाद हॉस्टल में अफरातफरी मच गई। इसके साथ ही जैसे ही इसकी खबर देवबंद के लोगों को लगी तो हड़कंप मच गया। वहीं स्थानीय पुलिस अधिकारी किसी तरह की जानकारी होने से इंकार कर रहे हैं। एसपी देहात अतुल शर्मा ने बताया, देवबंद में एटीएस की कार्रवाई हुई है, लेकिन एटीएस की टीम ने कोई जानकारी साझा नहीं की है।

### लखनऊ में 21 मार्च को सपा विधायकों की बैठक

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी में जुटी है। वहीं, मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी भी संगठन और चुने गए विधायकों की बैठक की तारीख तय कर दी है। 2022 में जीते विधायकों की पहली बैठक अखिलेश यादव की मौजूदगी में पार्टी कार्यालय पर 21 मार्च को होगी। राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि अखिलेश यादव और आजम खां विधायकी से इस्तीफा देंगे और सांसद बने रहेंगे। 2022 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव मैनपुरी की करहल विधानसभा से जीते हैं, वहीं रामपुर से आजम खां विधायक चुने गए। अखिलेश यादव 2009 में आजमगढ़ लोकसभा से सांसद चुने गए हैं। आजम रामपुर लोकसभा से सांसद हैं। दो संवैधानिक पदों पर मनोनीत होने के बाद 6 महीने के अंदर एक पद से इस्तीफा देना होता है। ऐसे में कहा जा रहा है कि अखिलेश यादव करहल विधानसभा से और आजम खां रामपुर विधानसभा से इस्तीफा दे देंगे। ये दोनों लोग सांसद बने रहेंगे। 2022 चुनाव में अखिलेश यादव परिवारवाद के धब्बे को मिटाने के लिए केवल खुद चुनाव लड़े और अपने चाचा को ही टिकट दिया। अखिलेश यादव जहां 60 हजार के करीब वोटों से जीत कर विधायक बने हैं। वहीं चाचा शिवपाल जसवंत नगर विधानसभा से 70 हजार से ज्यादा वोटों से जीत कर विधायक बने हैं। ऐसे में चर्चा है कि शिवपाल यादव को इस बार समाजवादी पार्टी अपना नेता प्रतिपक्ष बना सकती है।

### कानपुर में होली और गंगा मेला की तैयारियां शुरू, ठीक किए जाएंगे बिजली के लटकते तार

**कानपुर।** कानपुर में होली की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसको लेकर शनिवार को डीएम नेहा शर्मा ने विभिन्न होली समितियों के साथ कलेक्ट्रेट में बैठक की। सभी समितियों से तैयारियों में आ रही समस्याओं के बारे में पूछा गया। लोगों ने बताया कि लटकते हुए बिजली के तार किसी बड़े हादसे को अंजाम दे सकते हैं। ऐसे में डीएम ने तत्काल निर्देश दिए कि शहर में लटकते तारों को दुरुस्त किया जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि होली में पानी की कमी न हो, इसके लिए पहले ही जलकल व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लें। रंग खेलने वाले दिन और गंगा मेला में 3 टाइम पानी सप्लाई किया जाए। बड़े होली के कार्यक्रम स्थल पर सफाई के साथ ही जलभराव की समस्या भी वक्त रहते दूर कर ली जाए। केस्को और दक्षिणाचंल के सबस्टेशन में गैंग की उपस्थिति रहे। जलकल बैकअप में जनरेटर रखे। इस साल होलिका दहन 17 मार्च को होगा और 18 मार्च को होली खेली जाएगी। जबकि गंगा मेला 23 मार्च को होगा। डीएम ने निर्देश दिए कि हटिया गंगा मेले के रूट में लटकते बिजली के तारों को कसा जाए। जुलूस के साथ बिजली गैंग और एंबुलेंस भी पूरे समय मौजूद रहेंगी। स्वास्थ्य विभाग सभी अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी और एंबुलेंस को एक्टिव मोड पर रखें। तैयार कर लें डायवर्जन प्लान होली के बाद सरसैया घाट पर बड़े पैमाने पर होली मिलन समारोह आयोजित किया जाता है। इस समारोह में पूरे कानपुर के लोग जुटते हैं। होली मिलन समारोह में यातायात व्यवस्था और मार्ग प्रकाश की व्यवस्था पहले से ही करने के लिए कहा गया। डीएम ने सभी एसडीएम से कहा कि वे अपनी मौजूदगी में थानों में होने वाली बैठकों का आयोजन कराएं और पहले से सभी इंतजाम फाइनल कर लें। बैठक में एडीएम सिटी अतुल कुमार, सभी एसडीएम, नगर निगम, केस्को और जलकल के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### हनुमानजी की मूर्ति टूटी, लोगों का हंगामा

अलीगढ़। अलीगढ़ के हरदुआगंज कस्बे में अराजक तत्वों ने शिव मंदिर में हनुमानजी की प्रतिमा तोड़ दी। शनिवार सुबह जब मंदिर में लोग पूजा करने पहुंचे, तो उन्हें मूर्ति खंडित मिली। सूचना मिलने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। भक्तों ने इसका विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अफसर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाने की कोशिश की, मगर लोग आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करते रहे। पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज की मदद ले रही है। मंदिर में मूर्ति खंडित होने से नाराज लोगों ने जमकर नारेबाजी की और सड़क पर जाम लगा दिया। इसके बाद लोगों ने जलाली बजार पहुंचकर जाम लगा दिया। उनका कहना था कि जिले में लगातार मंदिरों पर हमले हो रहे हैं। देवी-देवताओं की मूर्तियां खंडित की जा रही हैं।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पीएम स्वनिधि योजना, टीबी मुक्त उत्तर प्रदेश तथा स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 के सम्बन्ध में बैठक आयोजित

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में पीएम स्वनिधि योजना, टीबी मुक्त उत्तर प्रदेश तथा स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी।

अपने सम्बोधन में मुख्य सचिव ने समस्त जिलाधिकारियों से कहा कि पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत हेतु आगामी 45 दिवस की कार्य योजना तैयार कर शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित कराई जाये। उन्होंने बताया कि आगामी 45 दिवस में योजनान्तर्गत लक्ष्य पूर्ति हेतु समस्त नगर निगम एवं नगर पालिका परिषद, कुल 217 नगर निकायों में विशेष फोकस किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रथम ऋण वितरण, ऋण प्राप्त समस्त वेण्डर्स को क्यूआर कोड, इन-एक्टिव वेण्डर्स हेतु डिजिटल प्रशिक्षण, क्लोज प्रथम ऋण के सापेक्ष द्वितीय ऋण वितरण एवं स्वनिधि से समृद्धि के अन्तर्गत प्रोफाइलिंग और अन्य 08 योजनाओं के लाभ पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाये। उन्होंने यह भी कहा कि योजनान्तर्गत 31 मार्च, 2022 तक निर्धारित लक्ष्य 8,30,000 के सापेक्ष 9,21,833 ऑनलाइन आवेदन, अद्यतन 8,36,074 ऋण स्वीकृत एवं 7,68,711 ऋण वितरित (92.61 प्रतिशत) कराये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 67,363 स्वीकृत ऋण को भी बैंकों से समन्वय स्थापित कर शीघ्रताशीघ्र वितरित कराया जाये।

उन्होंने कहा कि 217 नगर निकायों में वेण्डिंग जोनवार, मार्केट, बैंक शाखावार कैम्प का आयोजन कराये जाने विस्तृत कार्य योजना तैयार कराई जाये। उन्होंने कहा कि लक्ष्य पूर्ति हेतु नगर निकायों से वेण्डिंग जोनवार, मार्केट, बैंक शाखावार सप्ताह में 02 दिन कैम्प का आयोजन कराया जाये। इन-एक्टिव वेण्डर्स को क्यू-आर कोड एवं डिजिटल लेन-देन के प्रशिक्षण हेतु पेटीएम और बैंकों का सहयोग प्राप्त किया जाये।

उन्होंने कहा कि समय से ऋण वापसी द्वारा ब्याज अनुदान एवं डिजिटल लेन-देन द्वारा कैशबैक की जागरूकता हेतु पम्पलेट एवं डिजिटल लेनदेन हेतु लघु वीडियो शहरों को उपलब्ध कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जनपद, नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत एवं बैंको को पुरस्कार प्रदान करने हेतु मैट्रिक्स तैयार कराया जाये। राज्य स्तर पर अनुश्रवण हेतु कार्य योजना एवं सिस्टम तैयार किया जा चुका हैं एवं मण्डलवार नामित नोडल अधिकारियों द्वारा मण्डल स्तर पर अनुश्रवण प्रारंभ किया जा चुका है। उन्होंने 24-25 मार्च, 2022 को 02 दिवसीय मेगा कैम्प का आयोजन कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि समस्त जनपदों में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित कराई जाये।

मुख्य सचिव ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 हेतु फील्ड असेसमेन्ट का कार्य आरंभ हो चुका है एवं 01 मार्च, 2022 से 28 मार्च, 2022 तक प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण,



सोर्स सेग्रेगेशन, कूड़े के परिवहन एवं डिस्पोजल साइट पर व्यवस्था समुचित बनाये रखने के लिए अधीनस्थ अधिशासी अधिकारियों को तत्पर रहने के लिए निर्देशित किया जाये एवं यथावश्यक अन्तर विभागीय पर्यवेक्षण भी सुनिश्चित कराया जाये।

उन्होंने कहा कि Garbage Vulnerable Point (GVP)के निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाये। उन्होंने कहा कि ट्वीन बिन ठीक प्रकार से स्थापित रहें एवं उनको निर्धारित समय-सीमा अवधि पर खाली कराया जाये व कूड़ेदान के बाहर यत्र-तत्र कूड़ा न बिखरा रहे। उन्होंने कहा कि पब्लिक एरिया और कार्मशियल एरिया में प्रत्येक दिन दो बार सफाई करायी जाये एवं इसमें Night sweeping भी सम्मिलित हो। Residential Area में भली-भांति सफाई सुनिश्चित कराई जाये।

श्री मिश्र ने कहा कि आगमी 24 मार्च, 2022 को विश्व क्षय दिवस के अवसर पर प्रदेश को क्षय रोग मुक्त करने हेतु विशेष अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि क्षय रोग में कमी हेतु लाने हेतु प्रदेश में प्रयोगशालाओं की स्थापना, निजी क्षेत्र की भागीदारी, एक्टिव केस फाइडिंग अभियान, अर्न्तविभागीय सहयोग, सामाजिक सहभागिता हेतु विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अर्न्तगत क्षय रोगियों को नि:शुल्क जांच, ड्रग सेन्सटिविटी जांच, उपचार एवं निक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत सहायता राशि रु0 500/- प्रति माह प्रत्यक्ष लाभ हस्तान्तरण (डी0बी0टी0) द्वारा प्रदान कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि विभिन्न लोकोपकारी सामाजिक/शैक्षणिक संस्थाओं/गणमान्य नागरिकों द्वारा अब तक प्रदेश के 38 हजार से अधिक क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें क्षय रोग से लड़ने में सहयोग प्रदान की गयी है।

उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी, लखनऊ द्वारा लोकोपकारी सामाजिक/शैक्षणिक संस्थाओं/गणमान्य नागरिकों को चिन्हित कर 18 वर्ष से कम तथा 18 वर्ष से अधिक आयु की महिला एवं पुरूष क्षय रोगियों को अलग-अलग श्रेणी में बांट कर गोद दिलवाने का कार्य किया गया है जो कि सराहनीय है। जनपद लखनऊ द्वारा किये गये अभिनव प्रयास के अनुरूप राज्य में क्षय रोगियों को गोद लेने की सार्थक पहल को वृहदरूप देने हेतु सम्यक विचारोपरान्त शासन स्तर पर निर्णय लिया गया है कि आगामी 24 मार्च, 2022 को विश्व क्षय रोग दिवस से प्रदेश में क्षय रोगियों को गोद लेने हेतु एक माह के विशेष अभियान का आरंभ किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस क्रम में जनपद के समस्त सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों द्वारा क्षय रोगियों का चिन्हीकरण कर उन्हें नोटिफाई किया जाये, इण्डियन मेडिकल एसोएिसशन, आई.ई.पी., केमिस्ट एसोएिशन एवं अन्य संस्थाओं के माध्यम से निजी क्षेत्र में जागरूकता उत्पन्न की जाये। जनपद के ऐसे क्षेत्र जहां विगत 05 वर्षों में क्षय रोगी चिन्हित किये गये हैं, उन क्षेत्रों में एक्टिव केस फाइडिंग अभियान चला कर मिस्ड क्षय रोगियों को चिन्हित किया जाये।

उन्होंने कहा कि विभिन्न इच्छुक लोकोपकारी सामाजिक/शैक्षणिक संस्थाओं/गणमान्य नागरिकों जैसे-रेडक्रास सोसाइटी, टी0बी0 एसोएिशन, औद्योगिक घराने, शैक्षणिक संस्थाओं आदि को जनपद स्तर पर चिन्हित कर एक पूल तैयार कराया जाये। उन्होंने कहा कि गोद लेने वाले लोकोपकारी सामाजिक/शैक्षणकि संस्थाओं/गणमान्य नागरिकों द्वारा गोद लिये गये क्षय रोगियों को अपने स्रोतों से पौष्टिक आहार न्यूनतम 06 माह तथा उपचार अवधि के पूर्ण होने तक प्रत्येक माह किट के रूप में प्रत्येक क्षय रोगी को उपलब्ध कराया जाये।

उन्होंने बताया कि जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी लोकोपकारी सामाजिक/शैक्षणिक संस्थाओं/गणमान्य नागरिकों द्वारा क्षय रोगियों को गोद लेकर सहयोग प्रदान वाली प्रक्रिया के क्रियान्वयन हेतु नोडल अधिकारी होंगे। उक्त की पाक्षिक समीक्षा संयुक्त रूप से जनपद के मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा की जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा स्वयं इसकी मासिक समीक्षा की जायेगी।

उन्होंने समस्त मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों एवं समस्त जनपदीय स्तरीय अधिकारियों को सामान्य विधानसभा निर्वाचन-2022 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु बधाई दी और इसी प्रकार निरन्तर निष्पक्षता एवं दृढ़ता के साथ कार्य करने को प्रेरित किया।

बैठक में अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद व अपर मुख्य सचिव नगर विकास डॉ0 रजनीश वीडियोकान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से व अन्य सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं वीडियोकान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समस्त मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

## बुलंदशहर : लूट का विरोध करने पर गुड़ व्यापारी की गोली मार कर हत्या

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में शनिवार को लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने 60 वर्षीय गुड़ व्यापारी की गोली मार कर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार, बुगारसी चौराहे पर गोपाल-जी डेयरी के पास बाइक सवार बदमाशों ने प्रदीप अग्रवाल से पैसे से भरा थैला छीनने की कोशिश की और विरोध करने पर गोली मार दी। दिनदहाड़े हुई इस वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से भाग निकले। घायल व्यापारी को इलाज के लिई मेरठ ले जाया गया जहां इलाज के



दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद आक्रोशित व्यापारियों ने बाजार बंद कर बुगरासी चौराहे पर जाम लगा दिया। मौके पर मौजूद जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी व्यापारियों को समझाने का प्रयास कर रहे थे। लुटेरों की धरपकड़ के लिए मुख्य मार्गो की नाकाबंदी कर वाहनो की तलाशी ली जा रही थी। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि व्यापारी का एक बेटा-बेटी हैं। बेटा अमेरिका के कैलिफोर्निया में रहता है।

वहीं, एसएसपी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि कारोबारी की हत्या लूट की नीयत से की गई है। उसके परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि व्यवसायी के पास 4 लाख रुपये थे। उन्होंने कहा कि हमलावरों को पकड़ने के लिए सात टीमों का गठन किया गया है।

## गोरखपुर में पनवेल एक्सप्रेस में लगी आग, जलती बोगी को काटकर अलग किया गया

गोरखपुर। गोरखपुर में पनवेल एक्सप्रेस की एक बोगी में उस वक्त आग लग गई जब उसे सफाई के लिए बौलिया रेलवे कॉलोनी स्थित वाशिंग पिट में खड़ा किया गया था। देखते ही देखते आग की ऊंची-ऊंची लपटों ने पूरी बोगी को चपेट में ले लिया। कर्मचारियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए जल रही बोगी को काटकर अलग किया और बड़ा हादसा होने से बचा लिया।

गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। इस बारे में मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि घटना के कारणों की जांच का आदेश दे दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पनवेल से गोरखपुर आने के बाद पनवेल एक्सप्रेस को सफाई के लिए वाशिंग पिट में भेज दिया गया था। शाम पांच बजे से ट्रेन खड़ी थी। रात में 12 बजे के करीब उसे वाशिंग के लिए पिट पर लाया गया। ट्रेन की सफाई का काम चल ही रहा था कि दो बजे के आसपास अचानक एक कोच में आग लगी दिखाई पड़ी। देखते ही देखते आग की ऊंची-ऊंची लपटों ने पूरी बोगी को चपेट में ले लिया।

ट्रेन में आग लगने की सूचना पर आनन-फानन में दमकल की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के काम में जुट गईं। इस बीच पिट में तैनात कर्मचारियों ने आग की चपेट में आ चुकी बोगी को काटकर अलग कर दिया और पूरी ट्रेन को आग की चपेट में आने से बचा लिया।

### जलकर खाक हुई बोगी

जिस बोगी में आग लगी थी वो बुरी तरह जलकर राख हो चुकी है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच के लिए एक कमेटी बनाई गई है। कमेटी जांच के बाद अपनी रिपोर्ट देगी।

## डिवाइडर से टकरा कर मऊ के 2 युवकों की मौत

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के फूलपुर पवई थाना क्षेत्र में देर रात्रि पूर्वांचल एक्सप्रेस 186 नंबर पर डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। यह दोनों युवक लखनऊ से वापस मऊ की तरफ अपने घर जा रहे थे। तेज रफ्तार बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। घटना की जानकारी यूपीडा के कर्मचारियों ने पुलिस को दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक दोनों युवकों की पहचान मऊ के निवासी के रूप में हुई है। फूलपुर पवई थाने के इंस्पेक्टर ब्रहमदीन पांडेय ने बताया कि मृतक दोनों युवकों की पहचान राम आशीष पुत्र विनय निवासी अजमतगढ़ व मनीष पुत्र जगन्नाथ निवासी मझवारा थाना मझवारा जनपद मऊ के रूप में हुई। दोनों युवक बाइक नंबर यूपी 54 क्क5818 पर सवार होकर किसी कार्य के संदर्भ में लखनऊ गए हुए थे। मृतक दोनों युवक पूर्वांचल एक्सप्रेस के रास्ते वापस होते हुए अपने घर मऊ की तरफ जा रहे थे। जैसे ही पवई थाना क्षेत्र के हमीरपुर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 186 नंबर पहुंचे। तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई।

## होली पर चलेंगी तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनें; 15 मार्च से होगा संचालन

**कानपुर।** होली पर घर जाने की सोच रहे हों और ट्रेन में सीट नहीं मिल रही है तो ये खबर आपके लिए है। रेलवे प्रशासन ने तीन जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। इन ट्रेनों में हर क्लास में सीटें खाली हैं। यात्री इन ट्रेनों में रिजर्वेशन करा सकते हैं। ये रही ट्रेनों की लिस्ट-



- 09061 बांद्रा टर्मिनल-बरौनी स्पेशल ट्रेन 15 मार्च को बांद्रा टर्मिनल से 11 बजे चलकर बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, दूसरे दिन कोटा, गंगापुर सिटी, भरतपुर, अछनेरा, मथुरा, कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर, वाराणसी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी शाम 6 बजे पहुंचेगी।
- 09062 बरौनी से 17 मार्च को बरौनी से 22.30 बजे चलकर उसी रास्ते से होते हुए दूसरे दिन कानपुर सेंट्रल पर 15.20 बजे आकर दूसरे दिन शाम 17.50 बजे बांद्रा पहुंचेगी।
- 09417 अहमदाबाद से स्पेशल ट्रेन 14 मार्च को 9.10 बजे चलकर दूसरे दिन कानपुर सेंट्रल पर 9 बजे आएगी और रात 21.30 बजे दानापुर पहुंचेगी।
- 09418 दानापुर से 15 मार्च को 23.45 बजे चलकर दूसरे दिन कानपुर सेंट्रल पर 13.50 बजे आकर फर्रुखाबाद होते हुए दिन में 11.20 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी।
- 04151 हर शुक्रवार को कानपुर सेंट्रल से मुंबई के एलटीटी स्टेशन तक चलती है। 25 मार्च तक इस ट्रेन को चलना था। अब यह ट्रेन एक अप्रैल से 30 सितंबर तक चलती रहेगी।
- 04152 एलटीटी से दो अप्रैल से एक अक्तूबर तक चलेगी।
- 04141 प्रयागराज-ऊधमपुर एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन सोमवार और शुक्रवार को 28 मार्च तक चलनी थी। एक अप्रैल से 30 सितंबर तक विस्तार है।

## सहारनपुर में जेलर पर गोली चलाने के आरोप में पांच लोग गिरफ्तार

**सहारनपुर।** यूपी के सहारनपुर जिले में उपकारागार के जेलर पर गोली चलाने का आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। सहारनपुर के एसएसपी आकाश तोमर ने बताया कि गुरुवार रात देवबंद उपकारागार के जेलर रीवन सिंह भोजन करने के बाद अपने सरकारी आवास के बाहर टहल रहे थे तभी कुछ नबावकोश युवकों ने उनपर चला दी। सिंह ने किसी तरह भागकर पेड़ के पीछे छिपकर अपनी जान बचाई। तोमर ने बताया कि ड्यूटी पर



तैनात संतरी ओर अन्य पुलिसकर्मियों के आने पर युवक वहां से फरार हो गये।

एसएसपी ने बताया कि जेलर ने थाना गंगोह में अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया जिसके बाद पुलिस की कई टीमों ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। तोमर ने बताया कि रात में ही दबिश देकर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान लविश, सचिन, पंकज, दीपांशु और विशु के रूप में हुई है। सभी देवंबद थाना क्षेत्र के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि पांचों हमलावरों से पुछताछ के बाद पता चला कि लविश वर्ष 2019 से जेल में बंद अपने चाचा नीतू से मिलने के लिये कारागार आया था। उसके साथ दो अन्य युवक भी थे। जेल में मौजूद सिपाही ने इन्हें मिलने से मना कर दिया, जिसके बाद इनकी उक्त सिपाही से कहासुनी हो गई और फिर ये लोग वापस चले गए। तोमर के अनुसार रात्रि साढ़े आठ बजे लविश ने अपने दोस्तों के साथ वहां पहुंचकर दो राउंड फायरिंग की।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गईं दो मोटरसाइकिल ओर दो तमंचे बरामद किये हैं। गिरफतार अभियुक्तों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या रोकने को बनेगा हेल्पलाइन नंबर

**गौरवशाली भारत संवाददाता**

आगरा। मानसिक रोगियों के उपचार और निदान के लिए राज्य स्तर पर एकीकृत हेल्पलाइन सेवा शुरू की जाएगी।

इसी क्रम में मानसिक चिकित्सालय आगरा में कोर कमेटी की पहली बैठक आज संपन्न हुई।

मानसिक चिकित्सालय के निदेशक प्रो. ग्यानेंद्र कुमार ने बताया कि अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा) श्री अमित मोहन प्रसाद जी द्वारा दिए गए सुझावों के अनुपालन में मानसिक रोगियों के उपचार एवं निदान हेतु राज्य स्तर पर एकीकृत हेल्पलाइन सेवा की शुरुआत करने व मानसिक रोग के संबध में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में जागरुकता बढ़ाने के संबध में एक कोर कमेटी का गठन किया गया है और मानसिक चिकित्सालय आगरा को इसके लिए नोडल सेंटर बनाया गया है।

कमेटी के कन्वेनर व् कोऑर्डिनेटर और गैर संचारी रोगों के अपर नोडल अधिकारी डॉ. पियूष जैन ने बताया कि जान है जहान है कार्यक्रम के तहत समाज के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अलग-अलग वर्गों के लोगों के द्वारा समय से मानसिक रोगों की पहचान व उचित स्तर पर उनके निवारण के लिए स्वास्थ्य कार्मिकों व स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

एसएन मेडिकल कॉलेज के मनोरोग विभाग के विभागाध्यक्ष और कमेटी के सदस्य डॉ. विशाल सिन्हा ने बताया कि समाज में नशे की प्रवृति बढ़ती जा रही है।

इसे भी रोकने क लिए हम इस अभियान में स्कूलों में जागरुकता कार्यक्रम चलाकर बच्चों को नशे से दूर रहने क बारे में समझाएंगे। इसके साथ ही जो लोग नशे के आदि हो चुके हैं उनकी काउंसलिंग करके उनकी इस लत को छुड़वाएंगे।

कमेटी के सदस्य डॉ. एसपी गुप्ता ने बताया कि मानसिक रोगों को समाज में कलंक समझा जाता है, इस कारण लोग मानसिक रोगों का उपचार नहीं कराते हैं, उन्हें डर रहता है कि कहीं लोग उन्हें पागल कहना न शुरू कर दें। जबकि मानसिक रोग भी अन्य रोगों की तरह ही होते हैं, जिनका उपचार करके इन्हें ठीक किया जा सकता है।

## गोरखपुर में फिर फूटा पैरामेडिकल छात्रों का गुस्सा

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज की मान्यता को लेकर विवाद लगातार बढ़ता ही जा रहा है। कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों का गुस्सा शनिवार को एक बार फिर फूट पड़ा। नाराज छात्र- छात्राओं ने गोरखनाथ मंदिर गेट पर पहुंचकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

सैकड़ों की संख्या में पहुंचे छात्रों की भीड़ से गोरखनाथ मंदिर के सामने की मुख्य सड़क जाम हो गई। मौके पर पुलिस प्रशासन पहुंचकर छात्रों को समझाते रहे, लेकिन छात्र योगी आदित्यनाथ ने से मिलने की जिद पर वहां अड़े हुए हैं। यह देख पुलिस और आला अफसरों के हाथ- पांव फूलने लगे।

### प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग

किसी तरह नाराज छात्रों को पुलिस ने मंदिर गेट से थोड़ा किनारे तो कर दिया है, लेकिन फिलहाल प्रदर्शन जारी है। छात्रों की मांग है कि जब तक उन्हें कहीं और एडमिशन नहीं दिया जाएगा। तब तक वे लोग सड़क पर प्रदर्शन जारी रखेंगे। छात्र योगी से मिलने की जिद पर अड़े हुए हैं। दरअसल, कॉलेज की मान्यता रद्द होने से एक हजार से अधिक छात्रों की पढाई अधर में लटक गई है।

उनका कहना है कि कॉलेज ने मान्यता का फर्जी प्रमाणपत्र दिखाकर दाखिला लिया है। इसे लेकर शासन ने मुकदमा भी कराया है, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे विद्यार्थी नाराज हैं।

### मान्यता खत्म है फिर भी ले लिया एडमिशन

दरअसल, राज नर्सिंग कॉलेज की मान्यता 2017 में खत्म हो चुकी है। मामला हाईकोर्ट में है फिर भी कॉलेज के लोगों ने पैसे लेकर एडमिशन कर लिया। आंदोलन कर रहे छात्र 2019 बैच के है। छात्रों ने कुछ दिन पहले भी जाम लगाया था और डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया था।

## शार्ट न्यूज

### रुचि सोया का 4300 करोड़ रुपए का अनुवर्ती शेयर निर्गम 24-28 मार्च तक

नयी दिल्ली। योग गुरु रामदेव के नेतृत्व वाले पतंजलि समूह की खाद्य तेल एवं पौष्टिक उपभोग के उत्पाद बनाने वाली कंपनी रुचि सोया लिमिटेड ने कहा है कि वह 4300 करोड़ रुपए के शेयरों का अनुवर्ती सार्वजनिक शेयर निर्गम (एफपीओ) 24 मार्च को पेश कर रही है। यह निर्गम 28 मार्च को बंद होगा। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी गयी सूचना में कहा है कि उसके निदेशक मंडल ने 10 मार्च 2022 को हुयी बैठक में इस निर्गम के लिए मसौदा पुस्तिका (आरएचपी) को मंजूरी दी। कंपनी ने सूचित किया है कि इस निर्गम के लिए बोलियां 24 मार्च से स्वीकार की जाएंगी और बोलियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28 मार्च होगी। कंपनी ने आरएचपी को मुंबई में कंपनी रजिस्ट्रार के समक्ष 11 मार्च को ही प्रस्तुत कर दिया है। रुचि सोया को इस एफपीओ के लिए अगस्त 2021 में ही अनुमति मिल गयी थी। पतंजलि ने 2019 में विल्मर अडानी से रूचि सोया को 4350 करोड़ रुपए में खरीदा था। पतंजलि ने यह अधिग्रहण दिवाला प्रक्रिया के तहत बोली लगाकर किया था। रुचि सोया इस निर्गम से प्राप्त धन को बकाया कर्ज की अदायगी के साथ-साथ कारोबार के विस्तार और रोजमर्रा की पूंजी की जरूरतों पर खर्च करेगी।

### खाद्य तेलों में टिकाव; गेहूं, गुड़, मूंग और उड़द दाल महंगी

नयी दिल्ली। स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा वहीं मांग निकलने से गेहूं, गुड़, मूंग दाल और उड़द दाल महंगी हो गई। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार मिश्रित रूख रहा। इस दौरान चीनी के भाव स्थिर रहे जबकि गुड़ की कीमतें 100 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गयी। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में मिलजुला रुख रहा। इस दौरान मूंग दाल 150 रुपये और उड़द दाल 150 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि चना, दाल चना, मसूर दाल और अरहर दाल के भाव टिके रहे। अनाज : अनाज मंडी में भी मिश्रित रुख रहा। इस दौरान गेहूं 90 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया जबकि चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

### औरंगाबाद में लगेगी विद्युत वाणिज्यिक वाहन प्रदर्शनी

**औरंगाबाद।** मराठवाड़ा ऑटो कलस्टर (एमएसी) की पहल पर औरंगाबाद मिशन फॉर ग्रीन मोबिलिटी (एएमजीएम) ने विद्युत तिपहिया और वाणिज्यिक वाहनों के लिए यहां 25 मार्च को दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन करेगा। अयोजनकर्ताओं ने कहा कि इस प्रदर्शनी का लक्ष्य क्षेत्र में विद्युत वाहनों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि विद्युत तिपहिया वाहन लागत को काफी हद तक कम करने में मदद करेगा। इस अभियान का लक्ष्य विद्युत वाहनों के विनिर्माताओं और ग्राहकों को एक मंच पर लाना है।

### एचडीएफसी बैंक पर लगी पाबंदियां हटायीं आरबीआई ने

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने उसके डिजिटल 2.0 कार्यक्रम के तहत नए कारोबार सृजित करने पर लगी पाबंदियां उठा ली हैं। बैंक ने एक बयान में कहा, हम सर्वसाधारण को सूचित करना चाहते हैं कि भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक के डिजिटल 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत नयी व्यवसायिक गतिविधि सृजित करने की उसकी योजना पर लगायी गयी पाबंदी उठा ली है। आरबीआई ने 11 मार्च 2022 के पत्र के तहत यह फैसला किया है। इसकी जानकारी शनिवार (12 मार्च) को शेयर बाजार को दे दी गयी है। बैंक ने पाबंदी हटाने के लिए रिजर्व बैंक के प्रति आभार जताया है और कहा है कि वह रिजर्व बैंक की सिफारिशों के अनुसार सर्वाच्च मानकों के अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध है।

### औरंगाबाद में लगेगी विद्युत वाणिज्यिक वाहन प्रदर्शनी

औरंगाबाद। मराठवाड़ा ऑटो कलस्टर (एमएसी) की पहल पर औरंगाबाद मिशन फॉर ग्रीन मोबिलिटी (एएमजीएम) ने विद्युत तिपहिया और वाणिज्यिक वाहनों के लिए यहां 25 मार्च को दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन करेगा। अयोजनकर्ताओं ने कहा कि इस प्रदर्शनी का लक्ष्य क्षेत्र में विद्युत वाहनों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि विद्युत तिपहिया वाहन लागत को काफी हद तक कम करने में मदद करेगा। इस अभियान का लक्ष्य विद्युत वाहनों के विनिर्माताओं और ग्राहकों को एक मंच पर लाना है।

### रुचि सोया का 4300 करोड़ रुपए का अनुवर्ती शेयर निर्गम 24-28 मार्च तक

नयी दिल्ली। योग गुरु रामदेव के नेतृत्व वाले पतंजलि समूह की खाद्य तेल एवं पौष्टिक उपभोग के उत्पाद बनाने वाली कंपनी रुचि सोया लिमिटेड ने कहा है कि वह 4300 करोड़ रुपए के शेयरों का अनुवर्ती सार्वजनिक शेयर निर्गम (एफपीओ) 24 मार्च को पेश कर रही है। यह निर्गम 28 मार्च को बंद होगा। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी गयी सूचना में कहा है कि उसके निदेशक मंडल ने 10 मार्च 2022 को हुयी बैठक में इस निर्गम के लिए मसौदा पुस्तिका (आरएचपी) को मंजूरी दी। कंपनी ने सूचित किया है कि इस निर्गम के लिए बोलियां 24 मार्च से स्वीकार की जाएंगी और बोलियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28 मार्च होगी। कंपनी ने आरएचपी को मुंबई में कंपनी रजिस्ट्रार के समक्ष 11 मार्च को ही प्रस्तुत कर दिया है। रुचि सोया को इस एफपीओ के लिए अगस्त 2021 में ही अनुमति मिल गयी थी। पतंजलि ने 2019 में विल्मर अडानी से रूचि सोया को 4350 करोड़ रुपए में खरीदा था। पतंजलि ने यह अधिग्रहण दिवाला प्रक्रिया के तहत बोली लगाकर किया था। रुचि सोया इस निर्गम से प्राप्त धन को बकाया कर्ज की अदायगी के साथ-साथ कारोबार के विस्तार और रोजमर्रा की पूंजी की जरूरतों पर खर्च करेगी।

### यूक्रेन से युद्ध के बीच इंस्टाग्राम के एक्सेस को खत्म किया, रूसी सैनिकों के खिलाफ हिंसा फैलाने का लगाया आरोप




**नई दिल्ली।** दुनियाभर की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कंपनियां रूस को बैन कर चुकी हैं। फेसबुक, गूगल, ट्विटर जैसे बड़े प्लेटफॉर्म यूक्रेन पर हुए हमले की वजह से रूस पर बैन लगा चुके हैं। ऐसे में अब रूस में इंस्टाग्राम का एक्सेस खत्म कर दिया है। रूस का आरोप है कि इसका इस्तेमाल रूसी सैनिकों के खिलाफ हिंसा को बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। अब रूसी यूजर्स इंस्टाग्राम का यूज नहीं कर पाएंगे। कम्युनिकेशन और मीडिया रेगुलेटर Roskomnadzor ने एक स्टेटमेंट में कहा कि वो इंस्टाग्राम के नेशनल एक्सेस को बंद कर रहे हैं क्योंकि प्लेटफॉर्म रूसी नागरिकों और सैनिकों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा दे रहा है। Roskomnadzor ने इंस्टाग्राम को बैन करने का फैसला उस वक्त लिया जब मेटा के स्पोक्सपर्सन एंटी स्टोन ने कहा था कि वो ऐसे पॉलिटिकल एक्सप्रेशन को भी अपने प्लेटफॉर्म पर जगह देंगे जो हिंसक भाषण पर उनके नियमों का उल्लघंन करते हैं। इस पर रिएक्शन देने हुए इंस्टाग्राम के एडम मोसेरी ने ट्वीट किया है कि ये गलत है। इससे 8 करोड़ रूसी दुनिया से कट जाएंगे, क्योंकि रूस के 80प्रतिशत लोग देश के बाहर के इंस्टाग्राम अकाउंट को फॉलो करते हैं। रॉयटर्स के अनुसार, मेटा अपनी हेट स्पीच पॉलिसी में टेम्पररी चेंज कर रहा था। यूक्रेन से युद्ध शुरू करने से कुछ देशों के फेसबुक और इंस्टाग्राम यूजर्स रूसी नागरिकों और सेनाओं के खिलाफ हिंसा वाले पोस्ट कर सकते थे। रूस पहले ही फेसबुक का एक्सेस ब्लॉक कर चुका है। इसके अलावा ट्विटर पर भी लिमिटेड एक्सेस लगा दिया गया है।

# पेट्रोल, डीजल के दाम 128वें दिन भी स्थिर




**देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहे :**

| महानगर | पेट्रोल | डीजल (रुपए प्रति लीटर) |
|---|---|---|
| दिल्ली | 95.41 | 86.67 |
| कोलकाता | 104.67 | 89.79 |
| मुंबई | 109.98 | 94.14 |
| चेन्नई | 101.40 | 91.43 |

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रूस यूक्रेन संकट से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार चल रहे उतार-चढ़ाव के बावजूद घरेलू स्तर पर आज लगातार 128वें दिन भी पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर रहे। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल रूस यूक्रेन संकट के बाद ही शुरू हो गया था। जोकि कुछ दिन पहले 139 डॉलर प्रति बैरल की कीमत पर पहुंच गयी थी।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 112.67 डॉलर प्रति बैरल हुयी, जो गुरुवार को 110.72 डॉलर प्रति बैरल की कीमत पर थी।

केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमश: पांच और 10 रुपये घटाने की घोषणा के बाद 04 नवंबर 2021 को ईंधन की कीमतों में तेजी से कमी आई थी। इसके बाद राज्य सरकार के मूल्य वर्धित कर (वैट) कम करने के फैसले के बाद राजधानी दिल्ली में भी वैट को कम करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद राजधानी में 02 दिसंबर 2021 को पेट्रोल लगभग आठ रुपये सस्ता हुआ था। डीजल की भी कीमतें हालांकि जस की तस बनी रहीं।

केंद्र द्वारा उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद अधिकांश राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों ने भी पेट्रोल और डीजल पर मूल्य वर्धित कर (वैट) कम कर दिया था, जिससे आम आदमी को काफी राहत मिली थी।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न्यूयार्क में ब्रेंट क्रूड में कीमत 112.67 डॉलर प्रति बैरल पर थी, जबकि अमेरिकी क्रूड में 2.90 प्रतिशत की वृद्धि से 109.09 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था।

पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की नित्य प्रतिदिन समीक्षा होती है और उसके आधार पर प्रतिदिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

## दुबई एक्सपो 2020 : भारतीय इस्पात क्षेत्र में निवेश के अवसर बढ़ाने की तैयारी

नयी दिल्ली। दुबई में भारतीय पवेलियन में शनिवार को केंद्रीय मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह ने एक्सपो 2020 में इस्पात सप्ताह का उद्घाटन किया। इस्पात सप्ताह 17 मार्च 2022 तक चलेगा जिसमें भारत की क्षमताओं को प्रदर्शित करते हुए संयुक्त अरब अमीरात(यूएई) के निवेशकों को आमंत्रित किया जायेगा।

इस अवसर पर स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड और एएम/एनएस इंडिया सहित प्रमुख भारतीय इस्पात उत्पादक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

भारतीय इस्पात क्षेत्र पर चर्चा करते हुए श्री सिंह ने कहा,हमारे माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, सरकार मेक-इन-इंडिया को मेक-इन-स्टील के रूप में साकार करते हुए एक पसंदीदा सामग्री के तौर पर इस्पात के साथ नए भारत का निर्माण कर रही है। इसके साथ-साथ सरकार इस्पात के क्षेत्र में त्वरित विकास की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस्पात मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि प्रतिनिधिमंडल चने दाना स्टील, शराफ ग्रुप और डीपी वर्ल्ड सहित संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की विभिन्न इस्पात कंपनियों के साथ बैठक की।

प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त अरब अमीरात की स्थानीय निर्माण कंपनियों, इस्पात के उपयोगकर्ताओं और आयातकों के साथ दोनों देशों के बीच इस्पात के व्यापार को बढ़ाने के लिए सहयोग की संभावनाओं को समझने और भारत-यूएई सीईपीए द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए बैठक की।

### बीमा रेगुलेटर इरडाई के चीफ पद पर देबाशीष पांडा, भाटिया सेबी के होलटाइम मेंबर बने

मुंबई। आखिरकार करीबन 9 महीने बाद सरकार ने बीमा रेगुलेटर इरडाई के चेयरमैन की नियुक्ति कर दी है। देबाशीष पांडा को इसका प्रमुख बनाया गया है। वे सरकार फाइनेंशियल सर्विसेस विभाग के सेक्रेटरी थे। अपॉइंटमेंट्स कमिटी ऑफ कैबिनेट ने इसकी घोषणा की। उनकी नियुक्ति 3 साल के लिए हुई है। पांडा 1987 बैच के आईएएस अधिकारी हैं जो उत्तर प्रदेश कैडर के हैं। वे इसी साल जनवरी में वित्तीय सेवा के सचिव पद से रिटायर हुए थे। इरडाई के चेयरमैन सुभाष खुंतिया पिछले साल मई में रिटायर हुए थे और तब से यह पद खाली पड़ा हुआ था। अप्रैल 2021 में वित्तमंत्रालय ने इरडाई चेयरमैन पद के लिए आवेदन मंगाया था। उस समय एलआईसी के चेयरमैन एम.आर. कुमार सहित काफी सारे लोगों ने अप्लाई किया था, पर सरकार ने इस पद को नहीं भरा।

# ईपीएफ जमा पर ब्याज दर घटकर 8.10 प्रतिशत

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर 8.10 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज देने का निर्णय किया गया है। यादव ने गुवाहाटी में कर्मचारी भविष्य निधि के केंद्रीय न्यासी बोर्ड की बैठक के बाद यह घोषणा की।

वित्त वर्ष 2020-21 में ईपीएफ की ब्याज दर 8.50 प्रतिशत रही थी। यह वर्ष 1977-78 के बाद से सबसे कम है। उस समय ईपीएफ की ब्याज दर आठ प्रतिशत थी। यादव ने कहा कि सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। ईपीएफ का धन श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखकर ही बाजार में निवेश किया जाता है। लंबे विचार-विमर्श के बाद श्रमिकों के ईपीएफ पर 8.1 प्रतिशत की दर से ब्याज देने का फैसला किया गया है। यह अन्य जमा राशियों पर दिए जाने वाले ब्याज के मुकाबले सबसे अधिक है। सीबीटी के ब्याज दर पर फैसला लेने के बाद इसे वित्त मंत्रालय की अनुमति के लिए भेजा जाता है।

केंद्रीय न्यास बोर्ड ने मानव संसाधन, सूचना प्रौद्योगिकी, ईपीएफओ का दायरे और संबंधित मुद्दों पर चार समितियों का गठन किया है। इसके अलावा ईपीएफ पेंशन में सुधार के लिए 18 बैठकें की गयी है और विस्तृत विचार विमर्श किया गया है।

# ट्राई अधिनियम के 25 वर्ष पूरे होने पर सेमिनार का शुभारम्भ करेंगे अश्विनी वैष्णव




**नयी दिल्ली।** केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव रविवार को ट्राई अधिनियम के 25 वर्ष = हितधारकों (दूरसंचार, प्रसारण, आईटी, एईआरए और आधार) के लिए आगे की राह पर एक सेमिनार का शुभारम्भ करेंगे।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) अधिनियम के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण (टीडीसैट) द्वारा रविवार को सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।

संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शनिवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सेमिनार का उद्देश्य दूरसंचार, प्रसारण, आईटी, एयरपोर्ट अवसंरचना और आधार सेक्टरों के हितधारकों के बीच वाद निपटान सहित नियामकीय तंत्र के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस विषय पर सरकार, न्यायपालिका के गणमान्य लोगों, विभिन्न हितधारकों, सेक्टर नियामकों, प्रतिष्ठित वकीलों आदि अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

मंत्रालय ने कहा कि देश को वैश्विक स्तर पर उभरते सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से अनुकूल स्थितियां तैयार करने और बढ़ावा देने के लिए 1971 में ट्राई अधिनियम लागू किया गया था।

इसके मुख्य उद्देश्यों में से एक उचित और पारदर्शी वातावरण उपलब्ध कराना था, जिससे बाजार में एक समान मौके और उचित प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहन मिले।

अधिनियम से भारत में दूरसंचार के विनियमन के लिए ट्राई की स्थापना का रास्ता खुल गया। इसे 2000 में संशोधित किया गया, जिससे ट्राई से न्यायिक और विवादों से जुड़े कार्य लेने के लिए दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना की गई।

इस अवसर पर श्री वैष्णव, उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश सुश्री इंदिरा बनर्जी और टीडीसैट के चेयरपर्सन और उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस शिव कीर्ति सिंह के साथ टीडीसैट की संशोधित प्रक्रिया का विमोचन करेंगे। इसके अलावा कार्यक्रम में दिल्ली उच्च न्यायालय के जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह, दूरसंचार विभाग सचिव के. राजारमन के साथ इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में सचिव और ट्राई के चेयरमैन एवं सदस्य, एईआआर के चेयरमैन और अन्य गणमान्य शामिल होंगे।

### दुबई में कोनारस इस्पात फैक्टरी, बंदरगाह का भ्रमण किया इस्पात मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह ने



नयी दिल्ली। केंद्रीय इस्पात मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह ने दुंबई में कोनारस इस्पात फैक्टरी और दुबई बंदरगाह का भ्रमण किया। यह कंपनी भारत से मंगाए गए इस्पात का फिर से प्रसंस्कृत कर तैयार माल विकसित औद्योगिक देशों में भेजती है। सिंह ने शनिवार को एक ट्वीट में यह जानकारी देते हुए कहा, कोनारस स्टील फैक्टरी और दुबई बंदरगाह का भ्रमण किया। कोनारस भारत में बने इस्पात का फिर से प्रसंस्करण कर अमेरिका, कनाडा और यूरोपीय बाजारों के लिए नए उत्पाद तैयार करती है। दुबई बंदरगाह ने कंटेनरों को चढ़ाने उतारने की शानदार सुचालित प्रौद्योगिकी लागू की है। इस बीच मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार केंद्रीय इस्पात मंत्री ने भारत को इस्पात क्षेत्र के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए दुबई स्थित कई कंपनियों के साथ बातचीत की है। विज्ञप्ति के अनुसार श्री सिंह ने शुक्रवार को दुबई में वहां कि कंपनियों के साथ बातचीत की ताकि भारत को इस्पात क्षेत्र के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में बढ़ावा दिया जा सके और देश में संयंत्रों और विनिर्माण इकाइयों की स्थापना की जा सके। इस दौरान दाना स्टील, शराफ ग्रुप, दुबई पोर्ट वर्ल्ड और स्टील मास्टर इंटरनेशनल ने दुबई में स्टील के उपयोग की अनूठी जानकारी श्री सिंह से साझा की। बाद में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री सिंह ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि दुबई एक्सपो में इंडिया पवेलियन का सबसे अधिक दौरा किया गया है और अब तक 14 लाख से अधिक लोग इंडिया पवेलियन का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने इस अनूठी उपलब्धि के लिए दूतावास दुबई, वाणिज्य मंत्रालय और फिक्की की सराहना की।

## वरफल ने दिल्ली में अपना पहला रिटेल स्टूडियो किया लॉन्च

नई दिल्ली। देश के अग्रणी प्रीमियम मॉड्यूलर किचन ब्रांड वरफल ने आज दिल्ली में अपना पहला रिटेल स्टूडियो लॉन्च किया।

वरफल ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि देश भर में 43 स्टूडियो के साथ उसने अपने यूरोपियन उत्पादों के साथ भारत में पारंपरिक रसोई को पूरी तरह से फिर से तैयार किया है, जो अपने भारतीय ग्राहकों को एक शानदार विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करता है। इसकी प्रोडक्ट लाइन में ऑटोमेटेड किचन, वार्डरोब, टीवी यूनिट, वैनिटीज, स्टडी टेबल, बेडरूम, लिविंग एरिया और होम इंटीरियर सॉल्यूशंस शामिल हैं। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी खनिंद्र बर्मन ने कहा, हमारी विस्तार रणनीतियों में इस वर्ष भारत पर फोकस शामिल है।

हम समझते हैं कि ग्राहकों की पसंद बदल रही है और वे अपने लिए समाधान बनाने के लिए ब्रांडों से समर्पित प्रयास चाहते हैं, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों से मेल खाते हैं या उनकी जगह लेते हैं। हमारा लक्ष्य हमेशा उन ग्राहकों के लिए विश्व स्तरीय रसोई और आंतरिक समाधान प्रदान करना रहा है जो गुणवत्ता को महत्व देते हैं।

# उपभोक्ता अधिकार सप्ताह पर देशभर में जागरूकता कार्यक्रम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामलों के विभाग ने उपभोक्ता अधिकार सप्ताह (14-20 मार्च) के दौरान आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत देशभर में 75 गांवों में ग्रामीण लोक संपर्क कार्यक्रम आयोजित करेगा।

इस दौरान 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर राजधानी में इस वर्ष की विषयवस्तु न्यायसंगत डिजिटल वित्तीय सुविधा को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण, कपड़ा और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल करेंगे। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आर.के. अग्रवाल, इंफोसिस के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष नंदन नीलेकणी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

मंत्रालय की शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, उपभोक्ता मामले विभाग आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में प्रगतिशील भारत के 75 साल और इसके लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास का स्मरण करने और समारोह मनाने के लिए 14 से 20 मार्च तक उपभोक्ता अधिकारिता सप्ताह का आयोजन कर रहा है।

बयान के अनुसार समारोह के उद्घाटन दिवस पर, विभाग के तहत संगठनों अर्थात भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), भारतीय कानूनी माप विज्ञान संस्थान (आईआईएलएम) रांची, नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनसीसीएफ), नेशनल टेस्ट हाउस (एनटीएच) तथा क्षेत्रीय संदर्भ मानक प्रयोगशालाओं (आरआरएसएल) की प्रक्षेत्र इकाइयां 75 गांवों में ग्रामीण लोक संपर्क कार्यक्रम आयोजित करेंगी। इन कार्यकमों के माध्यम से लोगों को राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच), उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की विशेषताओं, बीआईएस मानकों, पूर्व-पैक वस्तुओं पर देखे जाने वाले विवरण, आईएसआई चिह्नित प्रेशर कूकर तथा हेलमेट के उपयोग, हॉलमार्क वाले सोने के आभूषणों की खरीद तथा उचित भार और मापों का उपयोग जैसी स्थानीय जनसंख्या की रुचि से संबंधित विभिन्न पहलों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

# महंगाई की मारऱ्इंडियन ऑयल ने श्रीलंका में डीजल 75 रुपए और पेट्रोल 50 रुपए महंगा किया, जल्द भारत में भी बढ़ सकते हैं दाम

एजेंसी

नई दिल्ली। श्रीलंका में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है। यहां इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की सब्सिडरी कंपनी लंका इंडियन ऑयल कंपनी ने डीजल 75 रुपए प्रति लीटर और पेट्रोल 50 रुपए प्रति लीटर महंगा कर दिया है। बढ़े हुए दाम शुक्रवार से लागू हो गए हैं।

एक महीने में यह तीसरी बार है जब कंपनी ने पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए हैं। इससे पहले 26 फरवरी को पेट्रोल 20 रुपए और डीजल की 15 रुपए महंगा किया गया था। ये कीमतें श्रीलंकाई रुपए के हिसाब से हैं। 3.32 श्रीलंकाई रुपए की वैल्यू अभी भारत के 1 रुपए के बराबर है।

### 254 रुपए प्रति लीटर पर पहुंचा पेट्रोल

एलआईओएस ने कहा- डीजल की रिटेल कीमत 75 रुपए प्रति लीटर और पेट्रोल की 50 रुपए प्रति लीटर बढ़ाई गई है। अब पेट्रोल 254 रुपए प्रति लीटर और डीजल 214 रुपए प्रति लीटर हो गया है। ये कीमत श्रीलंका की करंसी (श्रीलंकाई रुपए) के हिसाब से हैं।

एलआईओएस के एमडी मनोज गुप्ता ने कहा- 7 दिन में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले श्रीलंकाई रुपए में 57 रुपए में गिरावट आई है। तेल और गैसोलिन प्रोडक्ट्स की कीमतों पर इसका सीधा असर पड़ा। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पश्चिमी देश रूस पर प्रतिबंध लगा रहे हैं। इसकी वजह से तेल और गैस के दाम बढ़ रहे हैं।




### आर्थिक संकट से गुजर रहा श्रीलंका

श्रीलंका में आर्थिक संकट बढ़ता जा रहा है। सरकार की चिंताएं बढ़ने लगी हैं। श्रीलंका अपने इतिहास के सबसे गंभीर आर्थिक दौर से गुजर रहा है। विदेशी भंडार महज 2.31 अरब डॉलर है। श्रीलंका को गैस, फूड और मेडिसिन समेत जरूरी सामान का पेमेंट करने में मुश्किलें पेश आ रही हैं।

### भारत में भी जल्द बढ़ सकते हैं दाम

रूस और यूक्रेन जंग की वजह से क्रूड ऑयल के दाम 110 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर बने हुए हैं। कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से पेट्रोल-डीजल महंगे हो जाएंगे। तेल कंपनियों ने 3 नवंबर से पेट्रोल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है, लेकिन तब से अब तक कच्चा तेल 33 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा महंगा हो गया है। दामों में यह तेजी आगे भी जारी रह सकती है।

रुझान बताते हैं कि 129 दिनों से देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। जबकि इसी दौरान कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ीं। ऐसे में आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल की कीमत में 20 से 25 रुपए तक का इजाफा हो सकता है यानी ये इतने महंगे हो सकते हैं।

### भारत में धीरे-धीरे बढ़ सकती हैं कीमतें

एक सरकारी सूत्र के अनुसार सरकारी तेल कंपनियां पेट्रोल-डीजल के दाम एक साथ बढ़ाने की बजाए रोजाना थोड़ा-थोड़ा करके किमत बढ़ाने पर विचार कर रही हैं। इससे जनता पर एक साथ बढ़ी हुई कीमतों का बोझ नहीं पड़ेगा।

16 फरवरी को पाकिस्तानी सरकार ने भी पेट्रोल 12.3 रुपए और डीजल करीब 10 रुपए प्रति लीटर महंगा किया था। इसके बाद से वहां पेट्रोल करीब 160 पाकिस्तानी रुपए लीटर जबकि नॉर्मल डीजल 124 पाकिस्तानी रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया।

# एनसीए में फ़िटनेस कैंप में हिस्सा ले रहे हैं विश्व कप के संभावित खिलाड़ी

एजेंसी

**बेंगलुरु।** भारतीय टीम प्रबंधन ने अगले 20 महीनों में होने वाले दो विश्व कपों के लिए फ़िटनेस स्तर को बढ़ाने और बनाए रखने के लिए चुने गए खिलाड़ियों को बेंगलुरु में एक फ़िटनेस शिविर में हिस्सा लेने के लिए कहा है। यह फ़ैसला चयनकर्ताओं और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी की सहमति से लिया गया है।

क्रिकइंफ़ो को पता चला है कि कम से कम 25 खिलाड़ी इस समय बेंगलुरु में स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में चल रहे शिविर में हिस्सा ले रहे हैं। 5 मार्च को शुरू हुआ यह शिविर 14 मार्च तक चलेगा जिसके बाद ये सभी खिलाड़ी अपनी-अपनी आईपीएल टीमों के साथ जुड़ेंगे। कैंप की समाप्ति से पहले हर खिलाड़ी को फ़िटनेस टेस्ट से गुज़रना होगा।

शिविर में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में शिखर धवन, युज़वेंद्र चहल, भुवनेश्वर कुमार, शार्दुल ठाकुर, हर्षल पटेल, वेंकटेश अय्यर, संजू सैमसन, दीपक हुड्डा, वरुण चक्रवर्ती, वॉशिंगटन सुंदर, पृथ्वी शॉ और उमरान मलिक शामिल हैं। इस शिविर में अलग-अलग चोटों से उबर रहें लोकेश राहुल, इशान किशन, सूर्यकुमार यादव और ऋतुराज गायकवाड़ भी हिस्सा ले रहे हैं। हाल ही में समाप्त हुई रणजी ट्रॉफ़ी के लीग चरण में भाग लेने वाले कई खिलाड़ी भी इस सप्ताह शिविर में शामिल हुए। यह पता चला है कि शिविर को हाल ही में मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में भारतीय टीम प्रबंधन द्वारा अंतिम रूप दिया गया था। इसमें चयनकर्ताओं के साथ-साथ वीवीएस लक्ष्मण के नेतृत्व वाली एनसीए का समर्थन था।

द्रविड़ और लक्ष्मण दोनों चाहते हैं कि एनसीए एक उच्च प्रदर्शन केंद्र के रूप में अधिक कार्य करे। इसी वजह से पिछले साल सीमित ओवर क्रिकेट में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों को फ़िटनेस परीक्षण से गुज़रना पड़ा था। खिलाड़ियों को पिछले साल या तो यो-यो टेस्ट पास करना था या फिर दो किलोमीटर का टाइम ट्रायल पूरा करना था।

इस वर्ष हालांकि शिविर का आधार प्रत्येक खिलाड़ी के लिए फिटनेस मापदंडों को रिकॉर्ड करना है, जिसे बाद में एक केंद्रीय डेटाबेस में संग्रहित किया जा सकता है। यह जानकारी फ़िज़ियो, ट्रेनर्स और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच सहित भारतीय कोचिंग स्टाफ़ के लिए हर समय उपलब्ध होगी।

बीसीसीआई का मानना है कि इस तरह के एक मानक ढांचे का निर्माण (इस साल अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले) टी20 विश्व कप और अगले वर्ष भारत में आयोजित होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों में महत्वपूर्ण साबित होगा। इस प्रक्रिया का एक हिस्सा प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक आधारभूत फ़िटनेस स्तर स्थापित करना होगा, जिसकी निगरानी अक्सर की जाएगी। जबकि कुछ मार्कर लगाए गए हैं, जैसे यो-यो टेस्ट के लिए 17:1 स्तर और 8.30/8.10 मिनट में 2 किलोमीटर टाइम ट्रायल को पूरा करना, इस बार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वह चाहें तो ख़ुद पर अतिरिक्त दबाव डाल सकते हैं। प्रत्येक खिलाड़ी के कैंप छोड़ने से पहले टेस्ट लेने के बाद आधार रेखा का आंकड़ा रिकॉर्ड किया जाएगा। इसके बाद खिलाड़ी के फ़िटनेस मापदंडों को इस आंकड़े के आधार पर मापा जाएगा और निगरानी की जाएगी कि वह कैसे अपने कार्यभार के चलते अपने प्रदर्शन को बरक़रार रखने में सक्षम है।

उदाहरण के लिए एक खिलाड़ी जो 26 मार्च से 29 मई के बीच आगामी आईपीएल खेल रहा होगा, उसके आधार आंकड़े की तुलना टूर्नामेंट से पहले और अंत में की जा सकती है। इससे खिलाड़ी को न केवल यह समझने में मदद मिलेगी कि वह फ़िटनेस के मामले में कहां अच्छा है, बल्कि उन क्षेत्रों में भी जहां वह कमज़ोर है। इससे प्रशिक्षकों को यह समझने में भी मदद मिलती है कि खिलाड़ी किन क्षेत्रों में सुधार कर सकता है।

# भारत ने महिला विश्प कप मुकाबले में विंडीज को 155 रन से हराया



**हैमिल्टन।** स्मृति मंधाना (123) और हरमनप्रीत कौर (109) के शानदार शतकों और फिर गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां शनिवार को 2022 आईसीसी महिला विश्व कप मुकाबले में वेस्ट इंडीज को एकतरफा अंदाज में 155 रन से हरा दिया ।गत उप विजेता भारत ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की और अनुभवी बल्लेबाजों स्मृति और हरमनप्रीत के शानदार शतकों के दम पर 50 ओवर में आठ विकेट पर 317 रन का विशाल स्कोर बनाया। बाद में भारतीय गेंदबाजों ने घातक गेंदबाजी करते हुए वेस्ट इंडीज को 40.3 ओवर में 162 रन पर ऑलआउट कर दिया। वेस्ट इंडीज को हालांकि अच्छी शुरुआत मिली। उसका पहला विकेट 100 के स्कोर पर गिरा, लेकिन फिर भारतीय गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की और 62 रनों के अंदर पूरी विंडीज टीम को ढेर कर दिया और मुकाबला जीत लिया। भारत की तरफ से स्नेह राणा ने 9.3 ओवर में 22 रन पर सर्वाधिक तीन और मेघना सिंह ने छह ओवर में 27 रन पर दो विकेट लिए। इसके अलावा झूलन गोस्वामी, राजेश्वरी गायकवाड़ और पूजा वस्त्राकर को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले बल्लेबाजी में स्मृति और हरमनप्रीत ने शतक जड़े। स्मृति ने जहां 13 चौकों और दो छक्कों की मदद से 119 गेंदों पर 123 रन बनाए, वहीं हरमनप्रीत ने 10 चौकों और दो छक्कों के सहारे 107 गेंदों पर 109 रन की शतकीय पारी खेली। स्मृति को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। उधर वेस्ट इंडीज की टीम गेंदबाजी में ज्यादा कुछ न कर पाने के बाद गेंदबाजी में भी फीकी दिखी। बल्लेबाजी में केवल सलामी बल्लेबाजों डिएंड्रा डॉटिन और हेले मैथ्यूज का बल्ला चला। दोनों ने पहले विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की। डिएंड्रा ने 10 चौकों और एक छक्के के सहारे 46 गेंदों पर 62 रन की तूफानी पारी खेली, जबकि हेले ने छह चौकों की मदद से 36 गेंदों पर 43 रन बनाए। इसके अलावा किसी भी बल्लेबाज ने कोई योगदान नहीं दिया। गेंदबाजी में अनीसा मोहम्मद ने सर्वाधिक दो विकेट लिए। भारतीय टीम को इस बड़ी जीत के साथ न केवल दो अंक मिले हैं, बल्कि उसे नेट रन रेट में भी काफी फायदा हुआ है। वह अब तीन मैचों में दो जीत और एक हार के साथ चार अंक लेकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है। भारत का नेट रन रेट +1.333 है। वहीं ऑस्ट्रेलिया दोनों मैच जीत कर चार अंकों और +1.061 के नेट रन रेट के साथ दूसरे नंबर पर है।

## मिताली ने बतौर कप्तान सर्वाधिक विश्व कप मैच खेलने का रिकॉर्ड बनाया



हैमिल्टन। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की मिताली राज ने शनिवार को बतौर कप्तान सर्वाधिक आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप मैच खेलने का रिकॉर्ड बना दिया।

भारतीय कप्तान ने शनिवार को सेडॉन पार्क में वेस्ट इंडीज के खिलाफ 2022 महिला विश्व कप के तीसरे और ओवरऑल 24वें विश्व कप मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले यह रिकॉर्ड पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बेलिंडा क्लार्क के नाम था, जिन्होंने 23 विश्व कप मैच खेले थे। विश्व कप में बतौर कप्तान दोनों की सफलता की बात करें तो क्लार्क ने 1997 से 2005 तक के अपने करियर के दौरान 21 मैच जीते, एक हारा और एक मैच बेनतीजा रहा। वहीं अपना आखिरी विश्व कप खेल रही मिताली ने आज वाले मैच को मिला कर 24 में से 15 मैच जीते हैं, आठ हारे हैं और एक बेनतीजा निकला। उन्होंने 2005 में अपना करियर शुरू किया था।

सर्वाधिक विश्व कप मैच खेलने वाले टॉप पांच खिलाड़ियों में इंग्लैंड की सुसान गोटमैन (19 मैच), न्यूजीलैंड की ट्रिश मैककेल्वे (15 मैच) और आयरलैंड की मैरी-पैट मूर (15 मैच) शामिल हैं।

# रूसी सेना पर मेलिटोपोल के मेयर के अपहरण का आरोप

कीव। यूक्रेन के अधिकारियों ने शनिवार को रूसी सेना पर दक्षिणपूर्वी यूक्रेन के एक शहर मेलिटोपोल के मेयर का अपहरण करने का आरोप लगाया। यह शहर अब पूरी तरह से रूसी नियंत्रण में है।

अल जज़ीरा ने आज बताया कि यूक्रेन के गृह मंत्रालय के एक सलाहकार एंटोन हेराशेंको के अनुसार गुरुवार को 10 सैनिकों ने मेलिटोपोल के संकट केंद्र के परिसर में प्रवेश किया, मेयर इवान फेडोरोव के सिर पर एक बैग रखा और उन्हें एक अज्ञात स्थान पर ले गए।

कीव में राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख कायरिलो टायमोशेंको ने फुटेज साझा किया, जिसमें कथित तौर पर फेडोरोव को नकाबपोश लोगों के एक समूह द्वारा अपहरण करते हुए दिखाया गया है, जो उन्हें एक इमारत से बाहर ले जा रहे थे। वीडियो को स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका और यहां तक कि रूसी अधिकारियों ने भी फेडोरोव के बारे में टिप्पणी नहीं की।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की और देश के विदेश मंत्रालय ने अपहरण की निंदा की, फेडोरोव को 'एक ऐसा प्रमुख बताया जिसने बहादुरी से अपने देश और अपने समुदाय के सदस्यों का बचाव किया।' उन्होंने इस घटना को युद्ध अपराध बताया क्योंकि अंतरराष्ट्रीय कानून युद्ध के दौरान नागरिक बंधकों को लेने पर रोक लगाता है।

रूसी सेना ने यूक्रेन पर अपने आक्रमण के दूसरे दिन 25 फरवरी को मेलिटोपोल में प्रवेश किया जिसके बाद फेडोरोव ने आक्रमणकारियों के खिलाफ कई रैलियों का नेतृत्व किया, जिसमें 2 मार्च को एक रैली भी शामिल थी जिसमें हजारों लोगों की उपस्थिति देखी गई थी। इससे पहले फेडोरोव ने कहा था कि रूसी सेना ने शहर के निवासियों को जाने देने के लिए मानवीय गलियारा खोलने के उनके अनुरोध को ठुकरा दिया था।

## रूस ने सोशल नेटवर्किंग पर लगाया प्रतिबंध,

न्यूयार्क। अमेरिका के इंस्टाग्राम के प्रमुख एडम मोसेरी ने रूस के सोशल नेटवर्किंग साइट इंस्टाग्राम पर प्रतिबंधित लगाने की निंदा की है। श्रीमोसेरी ने शुक्रवार को ट्वीट किया, रूस में सोमवार को फोटो और वीडियो शेयरिंग ऐप, इंस्टाग्राम प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। जिसके बाद रूस अन्य देशों की जानकारी से विमुख हो जाएगा। रूस में करीब 80 करोड़ उपयोगकर्ता सोशल नेटवर्किंग का उपयोग करते हैं और इस पर प्रतिबंध लगने के बाद यहां के उपयोगकर्ता एक-दूसरे से और अन्य देशों से संपर्क नहीं बना पाएंगे, जो कि यह गलत है ।रूस ने शुक्रवार को यह निर्णय तब लिया जब इससे पहले फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने कहा कि वह रूसी बलों की सुरक्षा के लिए सोशल साइट्स पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगाया है, क्योंकि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के दौरान रूसी सैनिकों के खिलाफ झूठी अफवाहें फैलाई जा रही हैं, जो कि गलत हैं। मेटा के वैश्विक मामलों के प्रमुख के हवाले से बीबीसी ने बताया कि उन्होंने अपने भाषण में कहा था, कंपनी के बदलाव केवल यूक्रेन में ही अस्थायी रूप से लागू होंगे। स्पूतनिक के अनुसार, शुक्रवार को रूसी प्रॉसिक्यूटर जनरल के कार्यालय ने मीडिया वॉचडॉग दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी और जन संचार के क्षेत्र में पर्यवेक्षण के लिए संघीय सेवा (रोसकोम्नाडजोर) से रूस में इंस्टाग्राम तक पहुंच को प्रतिबंधित करने के लिए अनुरोध किया ।जिसके बाद रूस के प्रोसिक्यूटर जनरल कार्यालय की ओर से रोस्कोम्नाडजोर पर रोक लगाने की बात कही गयी। कार्यालय की ओर से एक अदालत से अनुरोध किया गया कि मेटा जैसे प्लेटफार्म को रूस में अतिवादी संगठन घोषित करते हुए इसकी गतिविधियों पर रोक लगायी जानी चाहिए।

# रूस को बदनाम करना चाहता है अमेरिका



वाशिंगटन। अमेरिका में रूस के राजदूत अनातोली एंटोनोव ने अमेरिका की उस हालिया टिप्पणी की आलोचना की है जिसमें कहा गया था कि रूस व्लादिमीर पुतिन शासन को बदनाम करने के एक अन्य प्रयास के रूप में यूक्रेन में रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। राजदूत ने रूसी दूतावास के टेलीग्राम चैनल के हवाले से शनिवार को कहा, इस तरह के दावे एक पैसे के लायक हैं। अमेरिकी अधिकारी ने हमेशा की तरह कोई सबूत देने की जहमत नहीं उठाई। यह हमारे देश को बदनाम करने का एक और प्रयास है। एंटोनोव ने दावा किया कि रूस ने रासायनिक युद्ध एजेंटों के अपने सभी उपलब्ध स्टॉक को नष्ट कर दिया है ।उन्होंने कहा,हमारे देश ने, अमेरिका के विपरीत, 2017 में रासायनिक युद्ध एजेंटों के सभी उपलब्ध स्टॉक को समाप्त कर दिया। इस तथ्य को ओपीसीडब्ल्यू द्वारा प्रलेखित किया गया है। इस तथ्य के साथ बहस करना व्यर्थ है। गुरुवार को व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने अमेरिका द्वारा जैविक हथियारों की प्रयोगशालाओं और रासायनिक हथियारों के कथित विकास के झूठे दावों के लिए रूस को फटकार लगाई और कहा कि रूस संभवत: यूक्रेन में रासायनिक हथियारों का उपयोग कर सकता है। उन्होंने यह भी ट्वीट किया, अब जब रूस ने ये झूठे दावे किए हैं, और चीन ने इस प्रचार का समर्थन किया है, तो हम सभी को रूस की तलाश में यूक्रेन में रासायनिक या जैविक हथियारों का उपयोग करना चाहिए, या उनका उपयोग करके एक झूठा झंडा अभियान बनाना चाहिए। यह एक स्पष्ट पैटर्न है।

## यूक्रेन में कीव और अन्य शहरों की ओर बढ़ रही है रूसी सेना

कीव। रूस-यूक्रेन युद्ध का आज 17वां दिन है और रूसी सेना यूक्रेन की राजधानी कीव तथा पश्चिमोत्तर की ओर बढ़ रही है। एबीसी न्यूज ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में बताया गया है कि रूसी सेना टैंकों से उन जगहों पर गोले दागे, जिसकी घेराबंदी पहले से कर रखी है। गोलाबारी इतनी ज्यादा हो रही है कि एक शहर के निवासी मृतकों की बढ़ती संख्या को दफनाने में असमर्थ है और लोगों को शहर छोड़ने से भी रोक दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक मारियुपोल का बंदरगाह शहर, गोलाबारी की आवाजें निरंतर सुनाई दे रही है। लोग बार-बार भोजन और पानी लाने और फंसे हुए नागरिकों को निकालने के प्रयास कर रहे हैं, लेकिन गोलीबारी के डर से वे इसमें असफल हो रहे हैं।

## पाकिस्तान : अविश्वास प्रस्ताव पर अलीम और नवाज ने की चर्चा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के सुप्रीमो नवाज शरीफ और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के असंतुष्ट नेता अलीम खान ने इस सप्ताह लंदन में मुलाकात की और अविश्वास प्रस्ताव के जरिए प्रधानमंत्री इमरान खान को हटाने के विपक्ष के कदम पर चर्चा की। पाकिस्तान के अखबर डॉन ने शनिवार को यह जानकारी दी। डॉन अखबार के मुताबिक यह बैठक तब हुई जब विपक्षी दलों ने नेशनल असेंबली में प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की पूरी तैयारी कर ली। जो विभिन्न जनसभाओं में अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों की निंदा करते रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार श्री अलीम और श्री शरीफ के बीच मुलाकात ब्रिटेन पहुंचने के तुरंत बाद स्टैनहोप हाउस में शरीफ परिवार के कार्यालय में हुई। रिपोर्ट के मुताबिक श्री अलीम खान और नवाज शरीफ के बीच लंदन में मुलाकात कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि पीटीआई विधायक जहांगीर खान तरीन से मिलने यहां आए थे। जो इस समय ऑक्सफोर्ड में इलाज करा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जब श्री शरीफ से श्री अलीम से मुलाकात के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने इस संबंध में जवाब देने से इन्कार कर दिया।

## चीन में कोरोना संक्रमण के 476 नए मामले दर्ज

बीजिंग। चीन में कोरोना संक्रमण के 476 नए मामलों की पुष्टि हुई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने शनिवार को यह जानकारी दी। आयोग ने दैनिक रिपोर्ट में आज बताया कि नए मामलों में से शानडोंग से 159, जिलिन से 134, तिआनजिन से 35, गुआंगडोंग से 33, शान्शी से 30, झेजियांग से 23, हेबेई से 22 तथा जिआंगसू से 20 मामले सामने आये हैं, जबकि संक्रमण के बाकी मामले सात अन्य प्रांतीय क्षेत्र से आये हैं। आयोग ने बताया कि शुक्रवार को इस महामारी के लक्षण 112 मामले विदेश से आये लोगों में पाए गए हैं, जबकि पांच संदिग्ध मामले बाहरी इलाके शंघाई क्षेत्र से आये हैं, हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दौरान किसी की भी मृत्यु नहीं हुई है।

## अफगानिस्तान में हुए विस्फोट में दो घायल

मैमाना। अफगानिस्तान के उत्तरी फरयाब प्रांत की राजधानी मैमाना में विस्फोटक उपकरण के फटने से दो बच्चे घायल हो गए हैं। सरकारी समाचार एजेंसी बख्तर ने शनिवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी ने घायल बच्चों के करीबी रिश्तेदार फैजुल्ला के हवाले बताया कि मैमाना शहर के पुलिस जिला नौ के मैदान में बच्चे खेल रहे थे, तभी मैदान के एक छोर में विस्फोटक उपकरण अचानक से फट गया। दोनों बच्चे बुरी तरह से घायल हो गए जिनमें से एक बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने इस घटना पर अभी कोई टिप्पणी नहीं की है।

## अमेरिका ने दो रूसी नागरिकों, तीन संस्थानों पर लगाया प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका ने उत्तर कोरियाई हथियार विकास कार्यक्रम का कथित तौर समर्थन के लिए रूस से दो व्यक्तियों और तीन संस्थाओं को प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका के वित्त विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा, अमेरिकी वित्त कार्यालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण विभाग (ओएफएसी) ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कई प्रस्तावों का उल्लंघन करते हुए उ. कोरिया के सामूहिक विनाश के हथियारों (डब्ल्यूएमडी) और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों का समर्थन करने के लिए आज रूस के दो व्यक्तियों और तीन संस्थाओं को प्रतिबंधित कर दिया। वित्त विभाग ने कहा कि इस कार्रवाई में रूसी व्यक्तियों और संस्थाओं के एक नेटवर्क को लक्षित किया, जो उत्तर कोरिया को बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम के लिए घटकों की खरीद में मदद करने में शामिल हैं। वहीं अमेरिका ने शुक्रवार को यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियानों का समर्थन करने के लिए दर्जनों अन्य रूसी व्यक्तियों और संस्थाओं को भी प्रतिबंधित करने की मंजूरी दे दी।

## शार्ट न्यूज

### दिल्ली कैपिटल्स ने लॉन्च की नयी जर्सी




नयी दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को आगामी आईपीएल 2022 सीजन के लिए टीम की नई जर्सी लॉन्च की। लाल और नीले रंग के समान मिश्रण वाली जर्सी खिलाड़ियों को ऊर्जा और साहस देगी। लाल रंग जहां मैदान पर टीम के साहस का प्रतीक होगा, वहीं नीला रंग संतुलन और संयम को दिखाएगा। जर्सी में टाइगर, जो दिल्ली कैपिटल्स के लोगो का मूल हिस्सा है, को पहले की तुलना में और बड़ा कर दिया है। 'प्रशंसक पहले' दृष्टिकोण के साथ पहली जर्सी यहां अरुण जेटली स्टेडियम में चुनिंदा दिल्ली कैपिटल्स प्रशंसकों को दी गई। इसके अलावा सरप्राइज गतिविधि के हिस्से के तौर पर दिल्ली के कुछ चुनिंदा बच्चों को टीम की आधिकारिक जर्सी भी दी गई। दिल्ली कैपिटल्स के अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विनोद बिष्ट ने एक बयान में कहा, यह आईपीएल का नया चक्र है और हम अपने खिलाड़ियों को नयी जर्सी में देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते हैं। हमारी फैन आर्मी आईपीएल खिताब की तलाश में लगातार हमारी टीम का समर्थन कर रही है, इसलिए यह हमारे लिए उचित है कि हम उन्हें हर कदम पर अपनी यात्रा का हिस्सा बनाएं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली कैपिटल्स मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में 27 मार्च को पांच बार के विजेता मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

### नजमुल हसन से बंद कमरे में मुलाकात के बाद दक्षिण अफ्रीका जाने को तैयार शाकिब

ढाका। बंगलादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन इस पूरे साल तीनों प्रारूपों (टेस्ट, वनडे, टी-20) में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। वह आखिरकार आगामी दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर भी जाएंगे, जहां बंगलादेश तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेलेगा। एक घंटे तक बंद कमरे में हुई बैठक के बाद बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष नजमुल हसन ने शनिवार को शाकिब के साथ मीरपुर में आयोजित एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह घोषणा की। उल्लेखनीय है कि शाकिब ने इससे पहले कहा था कि वह दक्षिण अफ्रीका का दौरा करने के लिए अच्छी मानसिक और शारीरिक स्थिति में नहीं है। उनके भविष्य को लेकर अनिश्चितता के बीच बीसीबी ने फिर भी उन्हें एक ऑल-फॉर्मेट केंद्रीय अनुबंध दिया। शाकिब ने संवाददाताओं से कहा, मैं पापोन भाई से बात की है और हम पूरे साल के लिए योजना बना सकते हैं। मैं तीनों प्रारूपों में उपलब्ध रहूंगा और बोर्ड तय करेगा कि मुझे कब आराम देना है। मैं दक्षिण अफ्रीका सीरीज के लिए उपलब्ध हूं। अब मैं मानसिक रूप से बेहतर स्थिति में हूं। दक्षिण अफ्रीका जाने के बाद मैं बेहतर हो सकता हूं। कभी-कभी ऐसा होता है जब आप बेहतर माहौल में जाते हैं तो आप अच्छा महसूस करते हैं।

### महिला विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बनीं झूलन

हैमिल्टन। अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी शनिवार को महिला वनडे विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। झूलन ने 40 विकेट के साथ ऑस्ट्रेलिया की लिन फुलस्टन (39 विकेट) के 34 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा है। 39 वर्षीय झूलन ने यहां शनिवार को वेस्ट इंडीज के खिलाफ 2022 महिला विश्व कप मैच में यह कीर्तिमान हासिल किया। उन्होंने वेस्ट इंडीज की अनीसा मोहम्मद का विकेट लेने के साथ ही महिला विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उल्लेखनीय है कि महिला विश्व कप में सबसे अधिक विकेट लेने वाली पांच गेंदबाजों में इंग्लैंड की कैरोल होजेस (37 विकेट), क्लेयर टेलर (36 विकेट) और ऑस्ट्रेलिया की कैथरीन फिट्जपैट्रिक (33 विकेट) शामिल हैं।

### क्रॉली के शतक और रूट की बेहतरीन पारी से इंग्लैंड को 153 रन की बढ़त

नार्थ साउंड। जैक क्रॉली (117) के शानदार शतक और कप्तान जो रूट (84) की बेहतरीन पारी से इंग्लैंड ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन शुक्रवार को दूसरी पारी में 63.2 ओवर में एक विकेट पर 217 रन बना कर 153 रन की बढ़त ले ली। वेस्ट इंडीज के नौ विकेट पर 373 रन के कल के स्कोर पर चौथे दिन का खेल शुरू हुआ। दिन की तीसरी ही गेंद पर दसवां विकेट लेकर इंग्लैंड ने वेस्ट इंडीज को 375 रन पर ऑलआउट कर दिया। इसके बाद इंग्लैंड की पारी शुरू हुई। इंग्लैंड को हालांकि पहला झटका बहुत जल्दी लग गया। सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस 24 के स्कोर पर तेज गेंदबाज केमार रोच की गेंद पर आउट हो गए, लेकिन इसके बाद क्रॉली और रूट ने पारी को अच्छे से संभाल लिया। क्रॉली और रूट ने 63.2 तक बल्लेबाजी की और वेस्ट इंडीज गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 193 रन की विशाल साझेदारी हुई। क्रॉली जहां 16 चौकों की मदद से 200 गेंदों पर 117 रन पर खेल रहे हैं, वहीं रूट छह चौकों के सहारे 158 गेंदों पर 84 रन बना कर अपने 24वें टेस्ट शतक के करीब हैं।

### यूक्रेनी ओलंपिक समुदाय की मदद के लिए आईओसी ने जारी किए दो लाख डॉलर

**लुसाने (स्विट्जरलैंड)।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने शनिवार को यूक्रेन के ओलंपिक समुदाय को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए दो लाख डॉलर जारी किए। समझा जाता है कि आईओसी, ओलंपिक एकजुटता और यूरोपीय ओलंपिक समितियों ने यूक्रेन की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष और आईओसी सदस्य सर्गेई बुबका के नेतृत्व में एक टास्क फोर्स के साथ मिल कर फंड को इकट्ठा किया है। आईओसी ने एक बयान में कहा, यूक्रेनी ओलंपिक समुदाय की तत्काल जरूरतों के पहले मूल्यांकन के बाद दो लाख डॉलर की शुरुआती मदद के लिए तीन प्रयास निर्धारित किए गए हैं। यह मदद परिवहन, रसद, आवास, पोषण और दवा जैसी आश्रय और संबंधित सेवाओं तथा सुरक्षित क्षेत्रों में सामान्य मानवीय सहायता के साथ-साथ एथलीटों, कोचों और उनके परिवारों के प्रवास के लिए है। उल्लेखनीय है कि इस राशि का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ विश्व कप श्रृंखला और यूरोपीय चैंपियनशिप 2022 की आगामी प्रतियोगिताओं के लिए राष्ट्रीय लयबद्ध जिमनास्टिक टीम की तैयारी के लिए भी किया जाएगा।


### 21वीं नेशनल पैरा-स्विमिंग कॉम्पिटिशन उदयपुर में 25 से 27 मार्च

**उदयपुर।** दिव्यांगों के क्षेत्र में अग्रणी नारायण सेवा संस्थान द्वारा पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इण्डिया के तत्वावधान में 21वीं राष्ट्रीय पैरा-स्विमिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन 25 से 27 मार्च 2022 को उदयपुर के महाराणा प्रताप खेलगांव में होगा। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में भारत भर के विभिन्न श्रेणीयों के 400 से अधिक दिव्यांग तैराक हिस्सा लेंगे। इससे पूर्व संस्थान ने 2017 में प्रथम बार राष्ट्रीय पैरा-स्विमिंग कॉम्पिटिशन आयोजित किया था जिसमें 18 राज्यों के दिव्यांग प्रतिभागियों ने अपनी क्षमताओं का परचम लहराया था। जिसका जिक्र भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी 'मन की बात' कार्यक्रम में किया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# 100 दिनों के शेड्यूल वाली फिल्म में काम नहीं करता : अक्षय

एजेंसी



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार का कहना है कि वह 100 दिनों के शेड्यूल वाली फिल्म में काम नहीं करते हैं। अक्षय हर साल कई फिल्मों में काम करते हैं।अक्षय कुमार ने बताया है कि वह ऐसी फिल्में करते हैं, जिसका बजट सीमित होता है और वह तय शेड्यूल में पूरी हो जाती है। अक्षय कुमार ने कहा, बजट मेरे लिए सबसे बड़ा पहलू रहता है। मैं बजट हिट तो फिल्म हिट में विश्वास रखता हूं। मैंने कभी पैसा बर्बाद नहीं किया और सभी के समय का सम्मान किया है। मैं अपने को-एक्टर और क्रू के समय का सम्मान करता हूं, जिससे समय मुझे वापस सम्मान दे सके। अक्षय कुमार ने कहा, कोई भी किसी भी फिल्म को 50 दिनों से ज्यादा का वक्त नहीं दे सकता और यदि आप इस समय में फिल्म की शूटिंग करते हैं, तो आपका बजट हमेशा कंट्रोल में रहेगा। मैं ऐसी फिल्मों में काम नहीं करूंगा, जिसमें 100 दिनों से ज्यादा की शूटिंग की जरूरत हो।

**अक्षय कुमार जल्द ही पृथ्वीराज, रक्षा बंधन, राम सेतु और ओह माय गॉड 2 में भी नजर आएंगे। अक्षय 18 मार्च को रिलीज होने वाली फिल्म बच्चन पांडे के प्रमोशन में व्यस्त हैं।**

# मनोज बाजपेई ने 'गुलमोहर' की शूटिंग शुरू की



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेई ने अपनी आने वाली फिल्म 'गुलमोहर' की शूटिंग शूरू कर दी है। मनोज वाजपेयी ने फिल्म 'गुलमोहर' की शूटिंग शूरू कर दी है। इस बात की जानकारी मनोज वाजपेयी ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर दी है। उन्होंने लिखा, फिल्म शुरू, नया महौल....नया वातावरण । हवाओं में थोड़ा नर्वसनेस भी है और एक्साइटमेंट भी। हमें शुभकामनाएं दीजिए। गौरतलब है कि फिल्म गुलमोहर को राहुल वी चित्तला निर्देशित कर रहे हैं। गुलमोहर में मनोज वाजपेयी के अलावा शर्मिला टैगोर, और तलत अजीज भी नजर आएंगे।

# उर्वशी रौतेला ने इंस्टाग्राम पर 46 मिलियन फॉलोअर्स होने पर खुशी जाहिर की

एजेंसी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने अपने इंस्टाग्राम पर 46 मिलियन फॉलोअर्स होने पर खुशी जाहिर की है। उर्वशी ने अपने इंस्टाग्राम पर 46 मिलियन फॉलोअर्स को पार कर लिया है। उर्वशी ने सभी प्रशंसकों को खुद का एक अद्भुत कसरत वीडियो साझा करके धन्यवाद दिया। उर्वशी ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी फिटनेस का एक वीडियो डाला, जिसमें वह 60 किलो वजनी टाइडल टैंक आइसोमेट्रिक हेलो क्रंचेस करती नजर आ रही हैं। उर्वशी ने इस वीडियो को साझा करते हुए पोस्ट को 60 किलोग्राम टाइडल टैंक आइसोमेक्रिक हेलो क्रंचेस थैंक्यू म46मिलियन लव यू के रूप में कैप्शन दिया। उर्वशी जल्द ही जियो स्टूडियोज की वेब सीरीज %इंस्पेक्टर अविनाश% में रणदीप हुड्डा के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। उर्वशी द्विभाषी थ्रिलर %ब्लैक रोज% में मुख्य भूमिका निभाने के साथ-साथ थिरुट्टू पायल 2 के हिंदी रीमेक में भी नजर आने वाली हैं। उर्वशी सरवना के साथ द लीजेंड के साथ तमिल फिल्म में शुरुआत करेंगी।



# आदित्य रॉय कपूर ने 'ओम: द बैटल विद इन' के लिये की कड़ी मेहनत



**आदित्य ने फिल्म के लिए मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स, ताई ची कुंग फू, क्राव मागा और असॉल्ट वेपन ट्रेनिंग (हथियारों को कैसे संभालना है) कोर्स किया।**

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म ओम द बैटल विद इन के लिये कड़ी मेहनत की है।

कपिल वर्मा के निर्देशन में बन रही फिल्म ओम- द बैटल विद इन। में आदित्य के अलावा संजना सांघी भी लीड रोल में नजर आएंगी। इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म में आदित्य एक इंटेंस एंग्री यंग मैन का किरदार निभाते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि इस किरदार के लिए आदित्य को एक मजबूत बॉडी बनाने की जरूरत थी, जिसके लिए आदित्य ने जी-तोड़ मेहनत की है। पांच महीने की लगातार ट्रेनिंग के बाद आदित्य अपने किरदार में ढलने के लिए कामयाब हो पाए। बताया जा रहा है कि आदित्य ने फिल्म के लिए मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स ,ताई ची कुंग फू, क्राव मागा और असॉल्ट वेपन ट्रेनिंग (हथियारों को कैसे संभालना है) कोर्स किया। अपना स्टैमिना बढ़ाने के लिए आदित्य हर ट्रेनिंग के बाद तकरीबन 20 मिनट की दौड़ लगाते थे। हर दिन तकरीबन 3 घंटे वे अपनी बॉडी पर काम करते थे।

ओम: द बैटल विदइन 01 जुलाई 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# रवीना टंडन की इम्तिहान के प्रदर्शन के 28 साल पूरे हुये

एजेंसी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन की फिल्म इम्तिहान के प्रदर्शन के 28 साल पूरे हो गये हैं।रवीना टंडन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ जुड़े रहने के लिए अक्सर अपने लाइफ के कई खास पलों को साझा करती हैं। रवीना की फिल्म इम्तिहान के प्रदर्शन के 28 साल पूरे हो गये हैं। फिल्म इम्तिहान में रवीना के साथ सैफ अली खान और सनी देओल भी मुख्य भूमिकाओं में थे। रवीना ने खुशी साझा करते हुए फिल्म इम्तिहान की कुछ तस्वारें अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। फिल्म की यादों को ताजा करते हुए रवीना ने कैप्शन में लिखा, इम्तिहान के 28 साल, गाने और कहानी फिल्म की रीढ़ थे .. मजेदार यादें और हंसी। रवीना टंडन जल्द ही फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 में नजर आएंगी।

फिल्म इस साल 14 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।यह फिल्म प्रशांत नील द्वारा निर्देशित, केजीएफः चैप्टर 1 की अगली कड़ी है। इस फिल्म के लीड एक्टर रॉकी भाई (यश) के जीवन के आगे की कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म में यश के अलावा संजय दत्त भी मुख्य भूमिका में हैं।



# मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने के लिए आजमाएं ये आसान टिप्स, वजन कम करने में मिलेगी मदद

प्रिया मिश्रा



आपका मेटाबॉलिक रेट जितना ज़्यादा होगा, आप उतनी ही तेजी से कैलोरी बर्न कर पाएंगे। आप जितनी तेजी से कैलोरी बर्न करेंगे, उतना ही आपका वजन कम होगा। मेटाबॉलिज्म जितना बेहतर होगा उतने ही आप ऊर्जावान रहेंगे। आज के इस लेख में हम आपको मेटाबॉलिज्म रेट को बूस्ट करने की टिप्स बताने जा रहे हैं।

आपने अक्सर लोगों को यह कहते सुना होगा कि उनका मेटाबोलिज्म धीमा है इसलिए वो वजन कम नहीं कर पा रहे हैं। यह बात कुछ हद तक सही भी है। दरअसल, आपका मेटाबॉलिक रेट जितना ज़्यादा होगा, आप उतनी ही तेजी से कैलोरी बर्न कर पाएंगे। आप जितनी तेजी से कैलोरी बर्न करेंगे, उतना ही आपका वजन कम होगा। मेटाबॉलिज्म जितना बेहतर होगा उतने ही आप ऊर्जावान रहेंगे। आज के इस लेख में हम आपको मेटाबॉलिज्म रेट को बूस्ट करने की टिप्स बताने जा रहे हैं-

## प्रोटीन

मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने के लिए अपने आहार में प्रोटीन को जरूर शामिल करें। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, हर मील में प्रोटीन खाने से मेटाबॉलिज्म को 15 से 30 फीसदी तक बूस्ट करने में मदद मिलती है। इसके लिए अपने आहार में डालें, अंडे, सोयाबीन, दही, चीज़ आदि जरूर शामिल करें।

## एक्सरसाइज

रोजाना एक्सरसाइज करने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने में मदद मिलती है। वर्कआउट करने से मसल्स बनती हैं। शरीर में जितनी ज़्यादा मसल्स होंगी, उतना ही ज़्यादा मेटाबॉलिक रेट होगा। मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने के लिए दिन में कम से कम 30 मिनट वर्कआउट जरूर करें। आप चाहें तो स्ट्रेंथ ट्रेनिंग कर सकते हैं या ऐरोबिक एक्सरसाइज कर सकते हैं।

## आयरन

खून में आयरन की कमी से मांसपेशियों को ऑक्सीजन कम मिलता है, जिससे मेटाबॉलिक रेट कम होता है। शरीर के बेहतर विकास और मेटाबॉलिज़्म को बूस्ट करने के लिए अपनी डाइट में आयरन को जरूर शामिल करें। इसके लिए अपनी डाइट में मीट, सोयाबीन, हरी पत्तेदार सब्जियां और मछली जरूर शामिल करें।

## अच्छी नींद

अच्छी सेहत के लिए रोजाना अच्छी नींद लेना बेहद जरुरी है। डॉक्टर्स के मुताबिक, सेहतमंद रहने के लिए रोजाना 6 से 7 घंटे की नींद लेनी चाहिए। नींद ना पूरी होने के कारण स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और इससे मेटाबोलिज्म भी स्लो होता है। मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने के लिए पर्याप्त नींद जरूर लें।

## पानी

मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरुरी है। डॉक्टर्स के मुताबिक, शरीर में पानी की कमी के कारण मेटाबॉलिक रेट पर भी असर होता है। शोध में पाया गया है कि जो लोग ज़्यादा पानी पीते हैं, वे कम पानी पीने वालों की तुलना में अधिक कैलोरी बर्न करते हैं। इसके अलावा आप हाइड्रेटेड रहने के लिए जूस, लस्सी, नारियल पानी आदि का सेवन भी कर सकते हैं।

कुछ ऐसे फूड्स होते हैं जो आपके मेटाबॉलिक रेट को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

मेटाबोलिज्म को बूस्ट करने के लिए अपने आहार में दाल, अनाज, अंडे, बीन्स, काली मिर्च, एवोकैडो,कॉफी और अदरक आदि सेवन करें। इन सभी फूड्स को खाने से शरीर में ज़्यादा कैलोरी बर्न होती है और मेटाबॉलिज्म बेहतर बनता है।

# क्या है शतावरी? महिलाओं से लेकर पुरुषों तक ऐसे शरीर के लिए है फायदेमंद

एकता

**कई बार अपने स्वास्थ पर सही तरीके से ध्यान नहीं देने की वजह से हमें कई गंभीर समस्याओं को झेलना पड़ सकता है। अगर आप बढ़ती उम्र के साथ स्वास्थ्य समस्याओं से बचना चाहते हैं तो आप अपनी डाइट में शतावरी को शामिल कर सकते हैं। यह एक बहुत ही फायदेमंद जड़ी-बूटी मानी जाती है।**



बढ़ती उम्र के साथ महिलाओं और पुरुषों के शरीर को अनेक तरह के बदलावों से गुजरना पड़ता है। कई बार अपने स्वास्थ पर सही तरीके से ध्यान नहीं देने की वजह से हमें कई गंभीर समस्याओं को झेलना पड़ सकता है। अगर आप बढ़ती उम्र के साथ स्वास्थ्य समस्याओं से बचना चाहते हैं तो आप अपनी डाइट में शतावरी को शामिल कर सकते हैं। यह एक बहुत ही फायदेमंद जड़ी-बूटी मानी जाती है। शतावरी तनाव को रोकने, बढ़ती उम्र से लड़ने के साथ साथ शरीर को और भी बहुत सारे फायदे पहुँचाती है। आज के अपने इस लेख में हम आपको इन्हीं फायदों के बारे में बताएँगे।

## नींद नहीं आने की परेशानी में फायदेमंद

कई लोग पूरे दिन व्यस्त रहते हैं और रात को सोने के समय पर उन्हें नींद नहीं आती हैं। अगर आप भी इन्हीं लोगों में से एक हैं जिन्हें रात को नींद आने में परेशानी होती है तो आप शतावरी के दो तीन चुटकी चूर्ण को दूध में ड़ालकर उबाल लें और इसका सेवन करें। आप चाहें तो दूध में घी मिलाकर भी इसका सेवन कर सकते हैं। ऐसा करने नींद ना आने की परेशानी से राहत मिलेगी।

## डिप्रेशन दूर करने में फायदेमंद

डिप्रेशन की समस्या आज के समय में बेहद ही आम हो गयी है, हर दूसरा व्यक्ति आपको इस समस्या से झुझता मिल जायेगा। अगर आप भी डिप्रेशन महसूस कर रहे है तो ऐसे में शतावरी का सेवन करना आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। शतावरी में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट डिप्रेशन को कम करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

## किडनी की पथरी की समस्या में फायदेमंद

जिन लोगों को किडनी की पथरी की समस्या होती है उन्हें कई अन्य तरह की समस्याएं भी झेलनी पड़ती है। जैसे किडनी की पथरी में मौजूद ऑक्सालेट मूत्र के माध्यम से निकलते समय अत्यधिक दर्द देता है। शतावरी किडनी की पथरी की समस्या में बहुत फायदा पहुँचाती है। शतावरी की जड़ का अर्क का सेवन करने से ऑक्सालेट के निर्माण को रोकने में मदद है इसके साथ ही यह मैग्नीशियम का निर्माण करता है जो किडनी में पथरी के जमा होने की संभावना को कम कर देता है।

## महिलाओं के लिए फायदेमंद

जो महिलाएं अपनी सेक्स लाइफ में बोरियत महसूस कर रही हैं या उन्हें अब सेक्स करने का मन नहीं करता वह अपनी डाइट में शतावरी को शामिल कर सकती है। शतावरी का नियमित सेवन करने से महिलाएं अपनी सेक्स करने की इच्छा को बढ़ा सकती हैं। इसके साथ ही शतावरी महिलाओं में पीरियड्स को ठीक करने में मदद करती है और उनकी बाँझपन की समस्या को भी दूर करती है।


## पुरुषों के लिए फायदेमंद

जो पुरुष शारीरिक रूप से कमजोरी या ताकत की कमी महसूस कर रहे हैं उनके लिए शतावरी के फायदे बहुत लाभकारी साबित हो सकते हैं। शारीरिक कमजोरी को दूर करने या शारीरिक ताकत को बढ़ाने के लिए पुरुष दूध में शतावरी उबाल कर पी सकते हैं या फिर आप चाहें तो शतावरी के चूर्ण को खीर जैसी चीजों में मिलाकर भी खा सकते हैं।

# हेयर स्पा करवाते समय ना करें ये गलतियाँ वरना डैमेज हो सकते हैं बाल

प्रिया मिश्रा

**आजकल खराब जीवनशैली, खानपान और बढ़ते प्रदूषण के कारण हर किसी को रूखे-बेजान और झड़ते बालों की समस्या का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से निपटने के लिए अक्सर महिलाऐं पार्लर जाकर हेयर स्पा करवाती हैं।लेकिन अक्सर महिलाऐं हेयर स्पा करवाते समय कुछ ऐसी गलतियाँ कर बैठती हैं जिससे उनके बालों को फायदा होने के बजाय नुकसान होता है।**



महिलाऐं खूबसूरत दिखने के लिए अपने चेहरे के साथ-साथ अपने बालों की भी खास देखभाल करती हैं। आजकल खराब जीवनशैली, खानपान और बढ़ते प्रदूषण के कारण हर किसी को रूखे-बेजान और झड़ते बालों की समस्या का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से निपटने के लिए अक्सर महिलाऐं पार्लर जाकर हेयर स्पा करवाती हैं। लेकिन अक्सर महिलाऐं हेयर स्पा करवाते समय कुछ ऐसी गलतियाँ कर बैठती हैं जिससे उनके बालों को फायदा होने के बजाय नुकसान होता है। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि हेयर स्पा करवाते समय आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए -

हेयर स्पा करवाने के लिए सबसे पहले एक अच्छा सैलून चुनें। स्पा करने से पहले यह चेक कर लें कि सैलून में अच्छी क्वालिटी के हेयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल होता है। कुछ सैलून वाले अच्छी क्वालिटी के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल नहीं करते हैं, जिससे बाल डैमेज हो सकते हैं।

हेयर स्पा करवाने से पहले अपने बालों के टेक्सचर को समझिए। बालों के अलग-अलग टेक्सचर के हिसाब से स्पा किया जाता है। जैसे ड्राई बालों के लिए मॉइस्चराइजर युक्त स्पा प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए अपने बालों के टेक्सचर के हिसाब से स्पा करवाएं। हेयर स्पा करवाते समय जल्दबाज़ी ना करें। हेयर स्पा करवाने में टाइम लगता है इसलिए बेहतर होगा कि अपने घर के पास ही हेयर स्पा के लिए कोई सैलून चुनें। अगर आप जल्दी-जल्दी में स्पा करवाएंगी तो इससे आपके बालों में अच्छा रिजल्ट नहीं आ पाएगा। कई महिलाऐं बहुत कम समय में बार-बार हेयर स्पा करवाती हैं। इससे बाल अच्छे बनने के बजाय डैमेज होना शुरू हो जाते हैं क्योंकि इन प्रोडक्ट्स में हानिकारक केमिकल्स मौजूद होते हैं। इससे बालों को नुकसान पहुँचता है और बाल रूखे और बेजान होकर टूटने लग सकते हैं। इसलिए अगर बाल बहुत ज़्यादा डैमेज हैं तो महीने में 2 बार हेयर स्पा करवाएं। वरना महीन में एक बार स्पा करवाना ही काफी है।

हेयर स्पा से पहले बालों पर तेल का इस्तेमाल ना करें। इससे आपके बाल डैमेज हो सकते हैं। अच्छे रिजल्ट पाने के लिए हमेशा साफ बालों पर ही हेयर स्पा करवाएं।



# बद्रीनाथधाम में मौजूद है भगवान विष्णु की स्वयंभू मूर्ति, जानें कैसे पड़ा तीर्थस्थल का यह नाम

प्रिया मिश्रा

हिंदू धर्म में चार धामों - बद्रीनाथ, जगन्नाथ, रामेश्वरम और द्वारिका का विशेष महत्व है। इन चारों धामों में बद्रीनाथ धाम को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। आज के इस लेख में हम आपको बद्रीनाथ धाम के बारे में बताने जा रहे हैं

## यहां स्थित है बद्रीनाथ

बद्रीनाथ मंदिर उत्तराखंड के चमोली जनपद में अलकनन्दा नदी के तट पर स्थित है। कहा जाता है कि इस मंदिर का निर्माण 7वीं-9वीं सदी में हुआ था। मंदिर के आस-पास बसे नगर को बद्रीनाथ ही कहा जाता है। यहां पर भगवान बद्रीनारायण की प्रतिमा स्थापित है।

बद्रीनारायण, भगवान विष्णु के ही एक रूप हैं। बद्रीनारायण की यह मूर्ति 3.3 फीट लंबी शालिग्राम से निर्मित है।

कहा जाता है कि इस प्रतिमा को आदि शंकराचार्य ने 8वीं शताब्दी में समीपस्थ नारद कुण्ड से निकालकर स्थापित किया था।

इस मूर्ति को विष्णु भगवान की 8 स्वयंभू प्रतिमाओं में से एक माना जाता है। बद्रीनाथ को अलग-अलग कालों में अलग-अलग नामों से जाना गया है। स्कन्दपुराण में बद्री क्षेत्र को मुक्तिप्रदा कहा गया है।

ऐसे में यह स्पष्ट है कि सत युग में यही इस क्षेत्र का नाम था। त्रेता युग में भगवान नारायण के इस क्षेत्र को योग सिद्ध कहा गया।

द्वापर युग में भगवान के प्रत्यक्ष दर्शन के कारण इसे मणिभद्र आश्रम या विशाला तीर्थ कहा गया है। वहीं, कलियुग में इसे बद्रिकाश्रम अथवा बद्रीनाथ कहा जाता है।

## ऐसे मिला बद्रीनाथ नाम

एक पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान विष्णु ने इस स्थान पर कठोर तप किया था। अपने गहन ध्यान के दौरान, वह मौसम की गंभीर स्थितियों से अनजान थे। उन्हें सूरज की चिलचिलाती गर्मी, धूप, बारिश और हिम से बचाने के लिए, उनकी पत्नी देवी लक्ष्मी ने बद्री के पेड़ रूप धारण किया और इस बात से भगवान विष्णु उनकी भक्ति से प्रसन्न हुए और इसलिए उन्होंने इस स्थान का नाम बद्रीनाथ रखा।